फाल्गुन शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शुक्रवार
07 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 36, पृष्ठ-12

रांची का तापमान

	कांके	रांची
अधिक.	29.0°	29.0°
न्यून.	11.0°	12.0°

₹ 80600 (10 ग्राम)

₹ 102000 (01 किलो)

सेंसेक्स	डॉलर
74,340.09	87.056
+609.87	+0.176

माह-ए-रमजान

इफ्तार	सेहरी
5:57	4:46
7 मार्च	8 मार्च

एक नजर

आईआईटी-आईएसएम के हॉस्टल में मृत मिला छात्र



धनबाद। धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) में पढ़ रहे इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। गुरुवार सुबह उसका शव होस्टल के बाथरूम में पड़ा मिला। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के रहने वाले 21 वर्षीय तन्मय प्रजापति के रूप में हुई है।

सोनाराम सिंकू बने उप मुख्य सचेतक

रांची। झारखंड विधानसभा में सत्ता पक्ष ने कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकू को उप मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। कैबिनेट द्वारा गुरुवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी। मालूम हो कि सोनाराम सिंकू जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक चुने गए हैं। सत्ता पक्ष पूर्व में झामुमो विधायक मथुरा महतो को मुख्य सचेतक नियुक्त कर चुका है। सरकार में कांग्रेस झामुमो के बाद 16 विधायकों के साथ दूसरी बड़ी पार्टी है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

मंईयां के बराबर वृद्ध, दिव्यांग और विधवा को पेंशन की मांग के मुद्दे पर गरमाया सदन

यूपी, एमपी का अध्यन करने के बाद सरकार लेगी निर्णय : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बजट सत्र के आठवें दिन प्रश्नकाल के दौरान मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों की तरह वृद्ध, दिव्यांग और विधवा को 1000 रुपए की जगह 2,500 रुपए देने की भाजपा की मांग पर काफी खींचतान हुई। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया को तो सिर्फ 2000 रुपए प्रति माह मानदेय मिलता है। यह सरासर गलत है। काम करने के बावजूद इतना कम मानदेय क्यों। उन्होंने कहा कि अगर मंईयां योजना की लाभुक दिव्यांग या विधवा हो जाए तो क्या उसे 1,000 रुपये दिए जाने लगेंगे। मामला तब गरमा गया जब इसी से जुड़ा भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो का तारांकित प्रश्न आ गया। सवाल और जवाब के दौरान हंगामा बढ़ता चला गया और जवाब पर असंतोष जताते हुए भाजपा के विधायक वेल में आ गए। पूछने लगे कि दूसरे जरुरतमंदों को मंईयां के समतुल्य राशि मिलेगी या नहीं। यह कहते हुए भाजपा के विधायक सदन से वॉक आउट कर गए।

किस बात पर गरमाया मामला

भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो जानना था कि दिव्यांगजनों को सिर्फ 1,000 रुपये क्यों। ऊपर से चार माह से राशि क्यों नहीं मिली। इसपर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि दिव्यांग पेंशन मद में 18 साल से 79 साल तक के दिव्यांगों को 300 रु केंद्र और 700 रु राज्य सरकार देती है।

जबकि 80 साल से ज्यादा उम्र के दिव्यांगजनों को केंद्र और राज्य सरकार 500-500 रु देती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से जून तक की राशि मिली है। लेकिन राज्य सरकार ने रिवॉल्विंग फंड से दिसंबर तक का भुगतान कर दिया है। राज्य सरकार फरवरी तक का हिस्सा दे चुकी है। इसी बीच बाबूलाल मरांडी ने प्रश्न किया कि दिव्यांग को इतनी कम राशि क्यों।

शेष पेज 11 पर

मंईयां से दूसरे पेंशन की तुलना नहीं : चमरा लिंडा

इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अक्सर यह सवाल उठाया जाता है कि मंईयां सम्मान की लाभुकों की तरह वृद्धों, दिव्यांगों और विधवा को भी राशि क्यों नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मसले पर काफी मंथन हुआ है। मंईयां योजना से उन योजनाओं की तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि मंईयां की राशि से एक परिवार के जीवन में बदलाव आ रहा है जबकि वृद्धा, दिव्यांग पेंशन से व्यक्ति विशेष को लाभ मिल रहा है। आमतौर पर मंईयां की शादी 20-22 साल की उम्र में हो जाती है। वह मां बनती है तो उस पैसे से अपने बच्चे के पोषण का ख्याल रख सकती है। उसे पढ़ा-लिखा सकती है। इससे पलायन रुकेगा। शिक्षा का स्तर सुधरेगा। कुपोषण कम होगा। इसी दौरान उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल में थे, उसी दौरान यह कान्सेप्ट तैयार हुआ था। इसमें कल्पना सोरेन की बड़ी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन एकल है। मतलब, खैनी-चूना, तंबाकू, चाय, पानी। क्योंकि वृद्ध लाभार्थी अपने पेंशन की राशि से नाती-पोता को भी मदद नहीं करते। जबकि मंईयां अपने बच्चों और परिवार को संभालती है। उन्होंने कहा कि वृद्ध, दिव्यांगजनों के पेंशन के मामले में केंद्र और राज्य दोनों की भागीदारी जुड़ी होती है। जहां तक स्वास्थ्य सहिया को 2000 रु प्रति माह मानदेय देने की बात है तो यह मामला स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा है। लेकिन उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सहिया को अलग से 3000 रु। का मानदेय मिलता है।

शेष पेज 11 पर

झारखंड विधानसभा में गूंजा सहारा इंडिया में निवेशकों के पैसे वापसी का मुद्दा

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को विधायक प्रदीप यादव ने सहारा इंडिया में फंसे राज्य के निवेशकों के पैसे की वापसी का मामला उठाया। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या निवेशकों को उनका पैसा लौटाने के लिए सरकार कोई पोर्टल बनाने की योजना बना रही है, जिससे निवेशक अपने निवेश और उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकें। विधायक ने सरकार को याद दिलाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपने घोषणापत्र में निवेशकों के पैसे वापसी का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जवाब देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में निवेशकों के हित में एक महत्वपूर्ण फैसला दिया था।

शेष पेज 11 पर

रसोईया की बकाया राशि होली से पहले मिल जाएगी : सुदिव्य सोनू

उन्होंने पूछा कि क्या ये महिलाएं नहीं हैं क्या। इसपर बीच बचाव करते हुए मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि पूर्व में रसोईया को बहुत कम मानदेय मिलता था। उनकी सरकार ने ही मानदेय बढ़ाकर 3000 रु. किया था। पूर्व में उन्हें सिर्फ दस माह के मानदेय मिलता था जिसे 12 माह किया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रसोईया की बकाया राशि होली से पहले मिल जाएगी। इसी दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मंईयां को मदद मिलने से आर्थिक असमानता कम हो रही है। हर घर में पैसे पहुंच रहे हैं। लेकिन यह भी समझना जरूरी है कि

शेष पेज 11 पर

पाकुड़ में एसडीपीआई के कार्यालय में ईडी की टीम ने मारा छापा, हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता

पाकुड़। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पाकुड़ धुलियान मुख्य सड़क स्थित मौलाना चौक के निकट सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यालय में छापेमारी की है। लगभग 11 बजे ईडी की टीम दर्जनों केंद्रीय बल के साथ मौलाना चौक पहुंची और एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष हजेला शेख के कार्यालय पर धावा बोला। टीम में शामिल ईडी के अधिकारियों ने एसडीपीआई के कार्यालय में दस्तावेजों को खंगाल शुरू कर दिया है। मालूम हो कि हाल में ही ईडी ने एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी को गिरफ्तार किया था, जिसका विरोध संगठन द्वारा किया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गृह मंत्रालय के निर्देश पर एसडीपीआई के देश के कई जिलों एवं राज्यों के कार्यालयों में गुरुवार को ईडी की टीम छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम में शामिल अधिकारी व कर्मी देश की राजधानी दिल्ली एवं राज्य की राजधानी रांची से पहुंची है।

बता दें कि एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के फैजी की हुई गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसी हरकत में आ गयी है। वहीं एसडीपीआई संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के खिलाफ बीते दिनों प्रदर्शन किया था और राष्ट्रीय अध्यक्ष की रिहाई की मांग की थी। संदेह के घेरे में एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सुरक्षा एजेंसियां कड़ी पूछताछ कर रही है

शेष पेज 11 पर

खालिस्तान समर्थकों ने तिरंगे का किया अपमान

लंदन में विदेश मंत्री जयशंकर पर हमले की कोशिश हुई

एजेंसी

लंदन। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पर लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने हमला करने की कोशिश की है। यह घटना उस समय हुई जब जयशंकर लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपनी कार से जा रहे थे। खालिस्तानियों की एक भीड़ ने उनका घेराव किया और हमला करने का प्रयास किया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें खालिस्तान समर्थक हाथ में खालिस्तानी झंडा लिए हुए नजर आ रहे हैं। घटना के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने कार्यक्रम स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। एक वीडियो में दिखाया गया है कि एक व्यक्ति जयशंकर की गाड़ी के पास आता है और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ देता है, जबकि लंदन पुलिस अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और बर्बरता के कृत्य के प्रति उदासीन दिखाई दिए। खालिस्तान समर्थकों ने कार्यक्रम स्थल के बाहर झंडे थामे हुए विरोध प्रदर्शन किया, जहां विदेश मंत्री जयशंकर एक चर्चा में भाग ले रहे थे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, एस जयशंकर वर्तमान में 4 से 9 मार्च तक यूके और आयरलैंड के आधिकारिक दौरे पर हैं। उनका दौरा भारत और इन देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से है।

चान्हो में दो की हत्या, पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र स्थित आनंदशीला आश्रम में हुए डबल मर्डर केस में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। आनंदशीला आश्रम में बुधवार की देर रात आश्रम एक साधु सहित दो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची के चान्हो थाना क्षेत्र स्थित आनंदशीला आश्रम के साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव हत्याकांड में शामिल चार अपराधियों को रांची पुलिस ने 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि दोहरे हत्याकांड को लूट कांड के दौरान अंजाम दिया गया था। कांड में शामिल चार अपराधी जितेंद्र यादव, अरविंद यादव, सूरज पाहन और अफरोज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से आश्रम से लूटे गए रुपए, चांदी की चेन और हत्या में प्रयोग किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

लूटपाट के दौरान कर दी थी हत्या : रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि दोहरे हत्याकांड के बाद पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने में तेजी से जुटी हुई थी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गोलीबारी में आश्रम के साधु की मौके पर मौत हो गई थी, लेकिन राजकुमार यादव घायल अवस्था में पड़ा हुआ था।

शेष पेज 11 पर

मनी लाउंड्रिंग के आरोपी इंजीनियर वीरेंद्र राम निलंबन मुक्त

रांची। राज्य सरकार ने ग्रामीण विकास के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम का निलंबन मुक्त कर दिया है। जल संसाधन विभाग ने निलंबन मुक्त करने से संबंधित आदेश जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है प्रवर्तन निदेशालय ने ग्रामीण विकास विभाग में मनी लाउंड्रिंग के मामले की जांच के दौरान 23 फरवरी 2023 को ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता को गिरफ़्तार किया था। गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद सरकार ने 27 फरवरी को आदेश जारी कर उन्हें निलंबित कर दिया था। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद वह 21 नवंबर 2024 को जेल से रिहा हुए। 22 नवंबर को उन्होंने जल संसाधन विभाग में अपना योगदान दिया क्योंकि

शेष पेज 11 पर

भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए बाबूलाल

नेता प्रतिपक्ष का सस्पेंस खत्म

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। गुरुवार को रांची के हरमू रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय पर्यवेक्षकों भूपेंद्र यादव और के. लक्ष्मण की मौजूदगी में हुई विधायकों की बैठक में उनके नाम पर सर्वसम्मति बनी।

इसके साथ ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को लेकर पिछले साढ़े तीन महीनों से चला आ रहा सस्पेंस खत्म हो गया है। पार्टी आज ही स्पीकर को विधायक दल के नेता के निर्वाचन की सूचना देगी। नेता चुने जाने के बाद मरांडी ने कहा कि उन्हें पार्टी के नेतृत्व और विधायकों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए वह आभारी हैं। उन्होंने कहा, अपनी पूरी क्षमता और ताकत के साथ सदन के अंदर और बाहर दल को मजबूत बनाने के लिए हर पल कार्य करूंगा। संगठन को और कैसे मजबूत किया जा सकता है, उसके लिए प्रयासरत रहूंगा। सबको साथ लेकर चलूंगा। मरांडी ने इस नई जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव, के. लक्ष्मण, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय सहित सभी साथी विधायकों का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं, पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों के साथ जनता की आवाज बनकर

शेष पेज 11 पर

भाजपा ने स्पीकर को सौंपा पत्र, बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग

प्रदेश भाजपा ने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपकर बाबूलाल मरांडी को नेता विधायक दल चुने जाने की विधिवत सूचना दी। पत्र में नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें शीघ्र मान्यता प्रदान करने का आग्रह किया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक सत्येंद्र तिवारी ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ। रविंद्र कुमार राय और केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव एवं डॉ। के लक्ष्मण के हस्ताक्षरित पत्र स्पीकर को सौंपा। पार्टी की ओर से इस निर्णय को विधिवत रूप से विधानसभा अध्यक्ष के संज्ञान में लाया गया।

इंडिया

ट्रंप के टैक्स का असर और झारखंड को अवसर

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक शुल्क के प्रस्ताव से दुनिया भर में हलचल मची हुई है जिसका असर भारतीय कृषि पर भी पड़ेगा। आयात-निर्यात नियमों में बदलाव और अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारत पर अपने बाजार खोलने के दबाव ने हमारे किसानों के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने भारत को सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (जीएसपी) के वर्गीकरण से बाहर कर दिया था। जीएसपी ने भारतीय कृषि और औद्योगिक उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच की अनुमति दी थी, जिससे निर्यातकों और किसानों को लाभ हुआ। लेकिन जीएसपी रद्द करने के बाद चावल, प्रसंस्कृत खाद्य और डेयरी उत्पादों जैसी कृषि वस्तुओं सहित छह अरब डॉलर से अधिक मूल्य के निर्यात प्रभावित हुए। अमेरिका को भारतीय कृषि निर्यात अब भी दो से 10 फीसदी तक के टैरिफ का सामना कर रहा है, जिससे वे कम प्रतिस्पर्धी हो गए हैं।भारत ने हमेशा घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक शुल्कों पर भरोसा किया है, जिसकी ट्रंप ने हमेशा आलोचना की है। ट्रंप प्रशासन के कड़े रवैये को देखते हुए भारत को जीएसपी का दर्जा मिलना मुश्किल है, जिसका सीधा असर भारतीय किसानों और निर्यातकों पर पड़ेगा, क्योंकि अमेरिका चावल, मसालों और दालों जैसे भारतीय कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे में अगर अमेरिका भारतीय कृषि उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाता है, तो अमेरिकी बाजार में इन उत्पादों की कीमतें भी बढ़ेंगी, और उनकी मांग में कमी आ सकती है।भारतीय किसानों, विशेषकर डेयरी क्षेत्र के किसानों को डर है कि सस्ते अमेरिकी आयात से घरेलू बाजार में व्यवधान उत्पन्न होगा। अमेरिकी डेयरी उद्योग विशाल भारतीय बाजार तक पहुंच चाहता है, जहां स्थानीय डेयरी किसान सरकारी सहायता और घरेलू खपत पर बहुत अधिक निर्भर हैं। अप्रतिबंधित अमेरिकी डेयरी आयात की अनुमति देने से छोटे भारतीय डेयरी किसानों पर गंभीर असर पड़ेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आय में कमी और बेरोजगारी बढ़ने की आशंका बढ़ेगी। अब तक भारत ने इस दबाव का विरोध किया है, लेकिन चर्चाओं ने कृषि क्षेत्र में अनिश्चितता पैदा कर दी है।ट्रंप प्रशासन ने स्वच्छता और फाइटोसैनिटरी (एसपीएस) मानकों को कड़ा कर दिया, जिससे भारतीय कृषि उत्पादों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो गया। कीटनाशक अवशेषों के स्तर और पैकेजिंग आवश्यकताओं पर कड़े नियमों ने भारतीय निर्यातकों के लिए अनुपालन लागत बढ़ा दी है। डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने भारतीय कृषि क्षेत्र को कई नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। भारत यदि अपनी कृषि नीतियों में सुधार करता है, निर्यात को विविधीकृत करता है, प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा देता है और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल रणनीतियां अपनाता है, तो इन चुनौतियों का समाधान निकाला जा सकता है। भारत को केवल अमेरिकी बाजार पर निर्भर रहने के बजाय अपने कृषि निर्यात को अन्य देशों में विस्तारित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। यूरोपीय संघ, अफ्रीकी देश, मध्य पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे क्षेत्रों में भारतीय कृषि उत्पादों की मांग बढ़ाई जा सकती है। भारत को विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने चाहिए, जिससे भारतीय कृषि उत्पादों के लिए नए बाजार खुल सकें।भारत किसानों को अपने आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कृषि सुधारों को गति देनी होगी। सरकार को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए, जो किसानों को सीधे बाजार तक पहुंच प्रदान करें, बिचौलियों की भूमिका कम करें और कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को और मजबूत करें। किसानों को कच्चे उत्पादों के बजाय प्रोसेस्ड और पैकेज्ड कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और निर्यात क्षमता भी बढ़ेगी। डिजिटल और स्मार्ट कृषि के माध्यम से किसानों को बाजार और मौसम की सटीक जानकारी दी जा सकती है, जिससे वे अपनी उत्पादकता बढ़ाने, इनपुट लागत कम करने के साथ उपज को बेहतर कीमत पर बेच सकें।भविष्य की भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए, भारत को अपने व्यापार भागीदारों में विविधता के साथ अपने घरेलू कृषि क्षेत्र को मजबूत करना होगा और टिकाऊ खेती के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकतम लाभ उठाना होगा। ऐसा करके ही भारतीय कृषि वैश्विक व्यापार गतिशीलता में बदलाव के सामने लचीली बनी रह सकती है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी जगह बना सकती है । झारखंड भी एक प्रमुख कृषि उत्पादक राज्य है जिसमें सब्जियों का निर्यात पड़ोसी देशों तक अपने स्त्रोतों से हुआ है पर कई अधूरे प्रयासों और शीतगृहों या भंडारण की उचित व्यवस्था नहीं होने से यहां के किसान हताश हैं । बहुत असर फ्री राशन और विकास योजनाओं का लाभ कुपात्र को भी मिलने का हुआ है जिससे किसान खेती करना नहीं चाहते । केंद्र और राज्य को इस पर कार्य करना चाहिए कि इस को अवसर में कैसे बदला जाए। सप्लाई चेन के लिए आवश्यक सड़कों की भरमार,ट्रेनों के अलावा हवाई अड्डों की बढ़ती संख्या और सब्जी फलों के लिए उपयुक्त जलवायु वरदान बन सकते हैं।



अरब अमीरात में दो भारतीय नागरिकों को दी गई फांसी

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हत्या के अलग-अलग मामलों में दोषी पाए गए केरल के दो लोगों को फांसी पर चढ़ा दिया गया। कासरगोड के निवासी मुरलीधरन (43) और कन्नूर निवासी मुहम्मद रिनाश (29) को मौत की सजा सुनाई गई थी। यूएई के अधिकारियों ने 28 फरवरी को भारतीय दूतावास को दोनों को फांसी देने की सूचना दी, जिसके बाद विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनके परिवारों को खबर दी।



विदेश मंत्रालय का बयान : विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों व्यक्तियों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया और उन्हें सभी आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान की गई। मंत्रालय ने उनके परिवारों के लिए अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होने की व्यवस्था भी की। रिनाश की मां और परिवार के अन्य सदस्य अबू धाबी गए, ताकि उसे दफनाने से पहले आखिरी बार देख सकें।

मुहम्मद रिनाश का अपराध?

केरल के कन्नूर जिले के थालास्सेरी निवासी 29 वर्षीय मुहम्मद रिनाश तीन साल पहले रोजगार की बड़ी उम्मीदों के साथ दुबई आया था। फरवरी 2023 में उसने यूएई के एक नागरिक की हत्या कर दी। उसके बाद उसे 2023 में मौत की सजा सुनाई गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, रिनाश मानसिक रूप से बीमार यूएई के नागरिक जियाद राशिद अल मंसूरी के हमले से बचने की कोशिश कर रहा था। दोनों एक दूसरे को जानते थे, लेकिन किसी बात को लेकर उनके बीच बहस छिड़ गई और इस दौरान रिनाश ने राशिद की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद रिनाश को गिरफ्तार कर दुबई की एक जेल में बंद कर दिया गया, जहां वह दो साल तक रहा।

शेष पेज 11 पर

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी सीएम से मिले

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट करने वालों में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू, वरीय उपाध्यक्ष मोहम्मद महताब आलम, उपाध्यक्ष रोहित कुमार रजक, महामंत्री संजीव कुमार, वरीय संयुक्त सचिव संतोष कुमार महतो एवं राकेश कुमार पांडेय, संगठन सचिव मंटू कुमार, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद कमाल, भागवत मुर्मू, करण कुमार और नितिन रवि, झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के महामंत्री रमेश उरांव, उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा, उपाध्यक्ष परमेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष गुलाब महतो, सहायक महामंत्री लालेश्वर राम, सहायक महामंत्री तपेश्वर यादव, पूर्व मेन्स अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, पूर्व वरीय उपाध्यक्ष और अखिलेश्वर पांडेय तथा झारखंड पुलिस एसोसिएशन, रांची शाखा के अध्यक्ष आनंद राज खलखो, अनीश कुजूर, देवता चरण उपाध्याय एवं उपाध्यक्ष श्री ठाकुर दयाल महतो मौजूद थे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित, बोले डीजीपी

आईजी व डीआईजी महीने में एक बार महिला और बच्चों से संबंधित कांडों की करें समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को समीक्षा की। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जोनल आईजी और रेंज के डीआईजी महीने में एक महिला एवं बच्चों से संबंधित कांडों की समीक्षा करें। इसके अलावा उन्होंने जिले के एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिलों में महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, कोचिंग संस्थान, स्कूल, महिला हॉस्टल, मॉल जगहों पर संगठित रूप से महिला हेल्पडेक्स खोलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

महिला हेल्पलाइन नंबर का प्रचार प्रसार करने का निर्देश

डीजीपी ने जिले के एसपी को कहा कि अपने जिला में महिला हेल्पलाईन नम्बर, पुलिस कंट्रोल नम्बर को सार्वजनिक स्थल, ऑटो रिक्शा, सिटी बस, महिला महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे, ताकि पुलिस को गुप्त रूप से भी सूचना मिल सके एवं आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सभी जिलों में महिला थाना प्रभारी, महिला पुलिस पदाधिकारी, निर्भया शक्ति समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से महिला बहुल संस्थान में जाकर महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनकर विधि-सम्मत कार्रवाई करेंगी। सभी एसपी महिला पीड़िता मुआवजा से संबंधित लंबित एवं वर्त्तमान मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित निष्पादन करेंगे और मिलने वाली मुआवजा राशि को महिलाओं के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे।

गवाह के नहीं पहुंचने पर कोर्ट ने आरोपी को किया बरी

रांची। लोडेड पिस्तौल के साथ जिस पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार किया था। वही पुलिस टीम अदालत में आरोपी के आरोप को साबित करने नहीं पहुंची। आरोपी राज कुमार साहू को पुंदाग ओपी के तत्कालीन प्रभारी विवेक कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर 27 जनवरी 2023 को दीपा टोली मोती रेसिडेन्सी, पुन्दाग के पास गिरफ्तार किया था। जांच पूरी करते हुए आईओ बुद्धिलाल मुर्मू ने छह पुलिस गवाहों पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार, स्वयं अनुसंधान पदाधिकारी, एएसआई धनंजय कुमार राय, आरक्षी पीटर ओडिया, सुदेश्वर सिंह, रमेंड तिर्की के साथ दो स्वतंत्र गवाह के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें से सिर्फ एक गवाह पहुंचा। लेकिन वह भी घटना को साबित नहीं कर सका। अभियोजन पक्ष को केस साबित करने के लिए अदालत ने पर्याप्त समय दिया। बावजूद सिर्फ दो साल पुराने मामले में विवेक कुमार को छोड़ अन्य गवाह नहीं पहुंचा। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने अपने तर्क में कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा किसी स्वतंत्र गवाह से पूछताछ नहीं की गई और यहां तक कि जब्त की गई सामग्री भी अदालत के समक्ष पेश नहीं की गई है।

आंखो देखा सदन | ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन बोली

अंतरराज्यीय बॉर्डर पर चेक पोस्ट बंद होने से राज्य को हो रहा करोड़ों का नुकसान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बजट सत्र 2025-26 के आठवें दिन झारखंड विधानसभा में सदन की कार्यवाही 11 बजे प्रश्नकाल से शुरू हुई। प्रश्नकाल में अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या चार थी जिसमें दो के उत्तर सरकार द्वारा दिए गए और दो प्रश्न स्थगित हुए। तारांकित प्रश्नों की संख्या 88 रही जिसमें एक प्रश्न के उत्तर मिले दो प्रश्न स्थगित हुए और 66 प्रश्न अनागत हुए।

सदन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अनुदान मांगों पर वाद-विवाद के बाद सरकार ने उत्तर दिया। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अलावा जल संसाधन विभाग से भी प्रश्न पूछे गए।

वहीं शून्य काल पर चर्चा के दौरान देवघर विधानसभा के विधायक सुरेश पासवान ने सूचना के माध्यम से सदन को अवगत कराया कि देवघर जिला के तीन प्रखंडों में जल मीनार बनकर तैयार है, जिसे आने वाले गर्मी को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र चालू करवाने की बात की है जिसे सदन ने संज्ञान में लिया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में गांडेय विधानसभा की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड के राजस्व को नुकसान हो रहा है चेकपोस्ट स्थापना की जरूरत है। विधि व्यवस्था के लिए इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट बनाने और बंद पड़े चेक पोस्ट को शुरू करने की बात भी कही है। वहीं वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि 250 से 300 करोड़ रुपए राजस्व की क्षति हो रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट की जरूरत है। इससे खदानों की सुरक्षा बढ़ेगी और कालाबाजारी पर रोक होगी। चेक पोस्ट के लिए सीट क्रिएशन का काम जल्द शुरू होने की बात श्रीमती सोरेन ने कही है।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विपक्ष अपने अंतरकलह को निपटाने में जुटी है, इसलिए सदन से वॉकआउट किया है। कृषि प्रधान देश और झारखंड जैसे राज्य में किसानों की बात सुनने को विपक्ष तैयार नहीं इससे ज्यादा दुर्भाग्य की बात क्या होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को मुद्दे उठाने चाहिए थे।

उन्होंने कहा कि अनुदान की मांग हमारा अधिकार है। झारखंड के किसानों को खेती करने के लिए भी अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता हैं, किसानों को सरकार हर संभव मदद में जुटी है। 36 प्रतिशत बीज बांटे जाते हैं। राज्य के भौगोलिक परिवेश के कारण सभी खेतों में सिंचाई नहीं है, बरसाती पानी को खेत की तरफ मोड़ने की बात कही। बैंक से लिए कर्ज चुकाने में असमर्थ होने पर सरकार किसानों के कर्ज माफी को भी किसानों की एक मदद बताया। राज्य में 100 बिरसा कृषि पाठशाला का निर्माण करने की बात कही जिससे युवा कृषि की तरफ मुड़ेंगे। उत्पाद के भंडारण पर कहा कि राज्य में छोटे-छोटे कोल्ड स्टोरेज की जरूरत है। वहीं राज्य में यूरिया के उपयोग पर चिंता व्यक्त की और किसानों को अपने खेत की मृदा परीक्षण कराने की बात कही।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में कृषि प्रभाग को 24,21,08,16,000 रूपए की राशि का बजट रखा गया है। वहीं पशुपालन प्रभाग में 6,20,23,32,000 रूपए का बजट, सहकारिता प्रभाग में 9,36,79,07,000 रूपए का बजट, मत्स्य प्रभाग में 1,98,08,08,000 रुपए का बजट तो डेयरी प्रभाग को 4,11,47,61,000 रुपए का बजट पेस हुआ। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में कुल 45,87,66,24,000 रुपए की है।

जल जीवन मिशन घोटाला जनता के हक पर सीधा वार : सौमेन दत्ता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश प्रवक्ता सौमेन दत्ता ने जल जीवन योजना में हुए घोटाले का निंदा किया है। उन्होंने झामुमो सरकार से तत्काल जवाबदेही की मांग की है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई थी जो भ्रष्टाचार का शिकार हो गई। अधिकारियों ने जनता की मुसीबतों को नजरअंदाज करते हुए अपनी जेबें भरी। प्रदेश प्रवक्ता सौमेन दत्ता ने कहा कि 1000 करोड़ रुपए का घोटाला झारखंड की

जनता के साथ विश्वासघात है। इस सरकार ने जनता की भलाई के नाम पर सिर्फ अपने व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता दी।

आजसू पार्टी की बैठक में सांगठनिक मजबूती पर हुई चर्चा

रांची। आजसू पार्टी की बैठक खूंटी के एचएम गोल्डन पैलेस में हुई। बैठक खूंटी जिला अध्यक्ष जयकांत कुमार कश्यप की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रभारी खूंटी अभिषेक राज हेरेंज एवं प्रभारी रमेश भगत के उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में खूंटी जिला को सांगठनिक रूप से मजबूत बनाने को लेकर की गई। साथ ही खूंटी, अड़की, रनिया, तोरपा, मुहूरु व कर्रा में प्रभारी नियुक्त किए गए। साथ ही पंचायत एवं ग्राम स्तर पर प्रभारी का चयन किया जाएगा। सभी प्रखंड प्रभारियों का बैठक नौ मई को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के साथ होगी। बैठक में वरीय उपाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, ललिंद्र महतो, दिलीप कुमार गंजू, महादेव लोहार, धनीराम, दीपक कुमार राम, कुलदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार गंजू, शेखर गुप्ता, विनोद महतो, बजरंग साहू, केशव चंद्र महतो, नीतीश कुमार महतो, धीरज कुमार गोप, अमित कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

हेसाग में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

लोगों के बढ़ते विश्वास से लगातार मजबूत हो रही पार्टी : मुस्ताक आलम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में गुरुवार को डॉन बॉस्को स्कूल, उरांव चौक के समीप हेसाग वार्ड 51 में शिविर लगाकर झामुमो का सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली सदस्यों झामुमो की सदस्यता लेने वालों मे मुख्य रूप से अमन गाड़ी के नेतृत्व मे मनीष कुजूर, बबलू कच्छप, आलोक बांडों, रोहित केरकेट्टा, प्रशांत मुंडा, हीरा बांडों, विशाल तिर्की, अमन तिर्की, अंकित तिर्की, रोहन केरकेट्टा, अर्जुन कच्छप, प्रकाश कच्छप, कर्मू लोहरा, प्रीतम टोप्पो, अंकित मुंडा, सुजीत खोया, अमन लकड़ा, विश्वासी एक्का, प्रमोद चंद्र एक्का, संजय भेंगरा एवं सूचिता टोप्पो के साथ अन्य सैकड़ों महिलाएं एवं लोग रहे। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा सदस्यता अभियान लगातार चलाया जा रहा है और पार्टी को मजबूत किया जा रहा है। आज हमलोग हेसाग मे सदस्या अभियान चला रहे हैं, और आप देख रहे है कि कितनी भारी संख्या में विशेष रूप से महिलाएं पार्टी की सदस्यता ले रहीं हैं। लोग राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित भी हो रहे हैं और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। पार्टी द्वारा तय लक्ष्य से अधिक संख्या मे हम रांची जिला में नए सदस्य जोड़ने के लिए आश्वस्त हैं। सदस्यता अभियान कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, बीरू तिर्की एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, बीरू साहू, पूर्व महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम, कोषाध्यक्ष विलयम रिचर्ड लकड़ा, पूर्व किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, वरिष्ठ नेता राजेश सिंह, विजय रविदास एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी पर सुनवाई 25 मार्च को

रांची। रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में मुख्य आरोपी राजीव कुमार सिंह एवं मनीष कुमार सिन्हा के खिलाफ आरोप गठन पर सुनवाई अब 25 मार्च को होगी। मामले में सुनवाई की तारीख को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 25 मार्च निर्धारित की है। अदालत ने दोनों की डिस्चार्ज याचिका बीते 6 अप्रैल को खारिज कर चुकी है। मामले की सुनवाई साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत मे हो रही है। कालाबाजारी को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 107/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राजीव कुमार सिंह जेल जाने के बाद वर्तमान में जमानत पर चल रहा है।

आदि चित्रा व आदि बाजार का हुआ शुभारंभ

मेले में विभिन्न प्रदेशों ने हस्तशिल्प का प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए लगाया स्टॉल

- *जनजातीय समाज की परंपरागत विरासत को बरकरार रखने के लिए कार्यक्रम का किया गया है आयोजन*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आड्रे हाउस में आदि चित्रा व आदि बाजार का शुभारंभ पूर्व सांसद राज्यसभा समीर उरांव ने किया। इस अवसर पर ट्राईफेड झारखंड एवं बिहार के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेंद्र कुमार राजू व अन्य लोग उपस्थित थे। शैलेंद्र कुमार राजू के नेतृत्व में इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह मेला 6 से 12 मार्च तक आदिवासी जनजातीय क्षेत्र, नॉर्थ ईस्ट, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के जनजातीय आर्टिजन की उपस्थिति में ट्राईफेड क्षेत्रीय कार्यालय झारखंड एवं बिहार द्वारा प्रायोजित किया गया।

मेले में विभिन्न प्रदेशों के हस्तशिल्प का प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए स्टॉल लगाया गया। मेला का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज को वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है। उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादकों देश के कोने-कोने एवं विदेश तक पहुंचना है। जनजातीय समाज के परंपरागत विरासत को कायम रखना है। आदि चित्रा द्वारा विभिन्न प्रदेशों के पेंटिंग जैसे सोहराय, कोहबर, सोरा, पेंटिंग और वर्ली पेंटिंग का भी प्रदर्शनी एवं विक्रय किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकार दिलेश्वर लोहरा एवं विभिन्न प्रदेश से आए जनजातीय पेंटिंग्स कलाकार भाग ले रहे हैं।

चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की अदालत में नहीं पहुंचे कोई अधिवक्ता

- *जज की नयुक्ति में बाहरी की अनुशंसा किए जाने का विरोध*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद् एवं झारखंड उच्च न्यायालय के नियमित अधिवक्ता सदस्यों के अलावा किसी भी बाहरी अधिवक्ता का नाम उच्च न्यायालय कोलेजियम के द्वारा न्यायाधीश नियुक्ति अनुशंसा किए जाने के विरोध स्वरूप गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के साथ दो जज जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत में कोई भी अधिवक्ता सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं हुए। अन्य सभी कोर्ट में काम काज सामान्य रूप से चला।

झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की बुधवार को जेनरल बॉडी की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। इसको लेकर बुधवार को हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था।

इसके साथ ही हाईकोर्ट की कोलेजियम से झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों के नाम जजों के लिए नहीं भेजने के निर्णय का विरोध भी किया। एसोसिएश ने प्रस्ताव पास कर कहा कि लिए गए निर्णय का विरोध करने वाले वकीलों की एडवोकेट एसोसिएशन से सदस्यता रद्द कर दी जाएगी। बैठक में तय किया गया कि इन सब मामलों पर बात करने के लिए एसोसिएशन एक प्रतिनिधिमंडल का गठन करेगा, जो दिल्ली जाकर बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, केंद्रीय कानून मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और कोलेजियम के सदस्यों से मुलाकात करने की व्यवस्था करेगा। एसोसिएशन की अगली बैठक दस मार्च को होगी। जिसमें प्रतिनिधिमंडल गठन करने के मामले में हुई प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना वर्तमान में उठाए गए कदम की समीक्षा की जाएगी।

8 को नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर सम्मेलन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का नेतृत्व करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

नवीन मेल संवाददाता

रांची/नई दिल्ली। केंद्र सरकार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाएगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। इस अवसर पर शी बिल्ड्स भारत के माध्यम से एक व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों तथा दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ 'मेरा युवा भारत' के

स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य आदि भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की महिला अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र के बाद, दिनभर उच्च स्तरीय पैनल चर्चा कार्यक्रम जारी रहेगा। इस दौरान, तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एसटीईएम, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता एक साथ मंच पर मौजूद रहेंगी। इस सत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता अपने अनुभव साझा करेंगी और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी।

महिला शक्ति का लाभ उठाना-वित्तीय समावेशन में सफलता : यह सत्र वित्तीय समावेशन, उद्यमशीलता और अर्थव्यवस्था में महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित होगा।

नेतृत्व में महिलाएं-पंचायत से संसद तक : राजनीतिक नेतृत्व के माध्यम से लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए नीतियों और रूपरेखा पर आधारित चर्चा। एक अद्वितीय डिजिटल मीडिया और इंटरैक्टिव जोन वास्तविक समय की चर्चाओं, मल्टीमीडिया प्रदर्शनों और कहानियों के माध्यम से प्रतिभागियों को जोड़ेगा तथा प्रगतिशील भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान को प्रदर्शित करेगा। व्यापक पहुंच और सहभागिता के लिए इस कार्यक्रम का दूरदर्शन, वेबकास्ट लिंक, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और विश्व बैंक लाइव पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री रेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार परिवर्तनकारी नीतियों और पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने संकल्प में दृढ़ है। जैसे-जैसे भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा, नारी शक्ति आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की आधारशिला बनी रहेगी।

रिश्वत मामले में जेल में बंद दरोगा ने दाखिल की जमानत याचिका

सुनवाई के दौरान केस डायरी की मांग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद कोतवाली थाने में तैनात दारोगा ऋषिकांत की ओर से उनके अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह महाराणा ने जमानत याचिका दाखिल की है। दाखिल जमानत याचिका पर 6 मार्च को रांची सिविल कोर्ट के एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने केस डायरी की मांग की है। साथ ही अगली सुनवाई 21 मार्च निर्धारित की है। इससे पूर्व याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बहस की। कहा कि मामले में वह निर्दोष है। उसे फंसाया गया है। वहीं एसीबी के अधिवक्ता ने इसका विरोध किया।

बता दें कि सब-इंस्पेक्टर ऋषिकांत पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति से मोबाइल छोड़ने के एवज में 5000 रुपये की मांग की

थी। जबरन रिश्वत वसूलने की इस हरकत पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके ही थाने से गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद थाना परिसर में हड़कंप मच गया था। शिकायतकर्ता ओम शंकर गुप्ता के मुताबिक, दारोगा ने रिश्वत देने के लिए दबाव बनाया और पैसे न देने पर उन्हें मोबाइल वापस न करने की धमकी दी। इस पर गुप्ता ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद सत्यापन के दौरान दारोगा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। मामले को लेकर निगरानी थाना कांड संख्या 2/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

खेलकूद हमारे जीवन में अनुशासन व टीम भावना को बढ़ावा देता है : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का उद्घाटन किया। मौके पर कहा कि खेलकूद हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देता है। यह शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा अपने जवानों के स्वास्थ्य और मनोबल को बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन की सराहना की। राज्यपाल ने गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के जवानों द्वारा राज्य की आंतरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे अग्निशमन कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना आगलगी की घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड अग्निशमन विभाग को 150 करोड़ रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, जिससे इस विभाग की तकनीकी दक्षता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। राज्यपाल ने विगत वर्ष राष्ट्रपति द्वारा वीरता पुरस्कार से सम्मानित अग्निशमन कर्मी को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के जवान राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रियाओं में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गृह रक्षकों के मानदेय में वृद्धि होने से उनके पारिवारिक जीवन और बच्चों की शिक्षा में सहायता मिल रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि गृह रक्षकों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने और एक-दूसरे के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा करने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल से मिला आइसा का प्रतिनिधिमंडल राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) झारखंड की राज्य कमिटी का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। वहीं झारखंड में शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया। शिष्टमंडल ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति, रोजगार की कमी और युवाओं के समक्ष उत्पन्न हो रही चुनौतियों की ओर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन के माध्यम से स्थानीयता एवं नियोजन नीति बनाकर अविलंब लागू करने, परीक्षा प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाने, राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराने, प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं छात्रावास की स्थापना करने, विश्वविद्यालयों में नियमित सत्र संचालन एवं छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, शिक्षण संस्थानों में रिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र सुरक्षा सुनिश्चित करने, दिव्यांग छात्रों के लिए पूरी तरह नि:शुल्क शिक्षा की गारंटी प्रदान करने, राज्य में खेल अकादमी की स्थापना करने, ऑलचिकी लिपि को मान्यता देने एवं संथाली शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने, उच्च शिक्षा शुल्क वृद्धि पर रोक लगाने, दृष्टिबाधित छात्रों के लिए उच्च शिक्षा की पूरी व्यवस्था झारखंड में करने, धनबाद के पीके राय कॉलेज, गोविंदपुर के आरएस मोर कॉलेज एवं पांकी के एमके कॉलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शीघ्र शुरू करने, मेदनीनगर में लंबे समय से बना गर्ल्स हॉस्टल को अविलंब संचालित करने, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू में पीएचडी साक्षात्कार शीघ्र संपन्न कराकर शोधार्थियों का नामांकन पूरा करने, रामगढ़ कॉलेज को विश्वविद्यालय की मान्यता देने, सभी विश्वविद्यालयों में ऋरउअरलृ प्रणाली लागू करने एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देवघर जिला के मोहनपुर प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय को उसकी स्वायत्तता वापस देने और इंटर स्तर की पढ़ाई जारी रखने की मांग की।

राज्यपाल ने 'ग्लोबल कॉमर्स' पुस्तक का किया विमोचन

रांची। डोरंडा कॉलेज के कॉमर्स डिपार्टमेंट के प्राध्यापक डॉ रोशन कुमार द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन राज भवन में किया गया। यह पुस्तक रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेज में कॉमर्स की सिलेबस के अनुसार लिखी गई है। इसके लाभदायक सभी कॉमर्स के छात्राएं और छात्र होंगे। इस विमोचन में मुख्य रूप से डॉ पप्पू कुमार रजक, डॉ कुणाल कुमार, विद्या मोहन, अवधेश कुमार मौजूद थे। इस पुस्तक के विमोचन पर डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इंजीनियरिंग के छात्र की मौत के मामले में हत्या का केस

रांची। रांची के पुंदाग में स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज आरकेडीएफ के हॉस्टल में छात्र की आत्महत्या के मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। छात्र के पिता अमरेश शर्मा की ओर से पुंदाग ओपी में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि उनका पुत्र मयंक मणि आरकेडीएफ कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। कॉलेज के हॉस्टल में ही वह रहा था। चार फरवरी को उनके पुत्र की आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद वह समस्तीपुर से रांची पहुंचे। पता चला कि उनके पुत्र ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या की गई है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

11 मार्च को शैक्षणिक हड़ताल पर रहेंगे वित्तरहित कर्मी

रांची। वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 10 हजार शिक्षाकर्मी 11 मार्च को शैक्षणिक हड़ताल पर रहेंगे। उस दिन संस्थानों में पठन-पाठन नहीं होगा। वहीं, 25 मार्च को विधानसभा के सामने उपवास पर रहकर भारी संख्या में शिक्षक-कर्मचारी धरना देंगे। वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने इस पर निर्णय लिया है। राज्यकर्मी का दर्जा देने और महंगाई को देखते हुए अनुदान की राशि में 75 प्रतिशत बढ़ोतरी के संलेख को मंत्रिपरिषद में भेजने की मुख्य मांग को लेकर मोर्चा आंदोलनरत है। एक दिन पूर्व ही झारखंड विधानसभा के सामने मोर्चा के नेताओं ने महाधरना दिया था और सरकार को ज्ञापन सौंपा था।

न्यूज बॉक्स

ब्राउन शुगर कारोबार में शामिल झारखंड पुलिस का जवान समेत तीन गिरफ्तार

रांची। ब्राउन शुगर कारोबार में शामिल झारखंड पुलिस का जवान समेत तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए जैप का सिपाही रमीज रजा के अलावा राजा साहा और सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास पुलिस ने 11.27 ग्राम ब्राउन शुगर, 1.98 लाख रुपया समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गोंदा थाना क्षेत्र के धावननगर से गांधीनगर की तरफ आने वाल रोड से स्कूटी पर सवार लोगों के नशीला पदार्थ के कारोबार और लाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान धावननगर से गांधीनगर की तरफ से आते एक स्कूटी को रोका गया। स्कूटी पर सवार दोनों युवक ने अपना अपना नाम रमीज रजा और राजा साहा बताया। विधिवत तलाशी लेने पर दोनों के पास ब्राउन शुगर बरामद हुआ। राजा साह के द्वारा ब्राउन शुगर ओमनगर, धावननगर के सुजीत कुमार के पास से लाने की बात बताने पर सुजीत कुमार के घर पर भी छापेमारी और तलाशी की गयी। तलाशी की कार्रवाई पर सुजीत कुमार के पास से ब्राउन शुगर और 1.98 लाख रूपया मिला। जिसे ब्राउन शुगर के कारोबार से उगाही करने को लेकर रुपए जब्त किए गए।

महंत जन्मेजय शरण जी महाराज का हुआ स्वागत

रांची। श्री श्री 108 राम जन्मभूमि न्यास बोर्ड (रसीक पीठाधीश्वर) के महंत जन्मेजय शरण जी महाराज एवं उनके टीम में उपस्थित नंदलाल कोठारी, आचार्य रमेश देव पौराणिक का जयप्रकाश नगर स्थित डीएवी शिक्षा दीप में स्वागत हुआ। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में मुख्यरूप से विद्यालय के संस्थापिका नीलम देवी, संरक्षक ब्रजेश कुमार पाठक, संयुक्त निदेशक प्रभास गौरव, अविनाश गौरव, प्रवक्ता कुणाल कौशल, प्राचार्य आलोक कुमार, कलावती स्कूल आफ नर्सिंग के प्रशासनिक पदाधिकारी विश्वदीपक पांडे एवं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, वात्सल्य प्ले स्कूल के प्राचार्य गिनी मैडम सहित सुधा देवी,सुतापाटीशू,अक्षय मिश्रा,प्रदीप ठाकुर आदि आदि मौजूद थे।

बंद घर से नकदी समेत तीन लाख के जेवरात की चोरी

रांची। कांके थाना क्षेत्र के होचर निवासी दिनेश कुमार ठाकुर के बंद घर से चोरों ने पांच मार्च की रात 70 हजार रुपए नगद सहित लगभग तीन लाख रुपए के जेवरात और कीमती बर्तन चुरा लिए। इस संबंध में दिनेश ने गुरुवार को कांके थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बारे में पीड़ित ने बताया कि बुधवार की शाम सात बजे तक मैं होचर स्थित अपने घर में था। उसके बाद मैं अपनी बीमार मां को देखने बुढ़मू चला गया। बुढ़मू में परिजनों का पिछले कुछ दिनों से इलाज चल रहा है। इसलिए मैं प्रतिदिन वहां से आना जाना करता हूं। गुरुवार की दोपहर 12 बजे जब मैं बुढ़मू से होचर स्थित घर पहुंचना तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है अलमीरा में रखा 70 हजार रुपये, दो सोना का फूल, झुमका, सोना की तीन बेसर, सोना का मांगटीका, तीन जोड़ी चांदी का पायल, पांच चांदी की चेन, छह जोड़ी चांदी की बिछिया, कांसा और पीतल के बर्तन जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपये होगी। इस संबंध में थानेदार सुशील कुमार ने पूछने पर बताया कि होचर गांव में चोरी घटना की सूचना मिली है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पिकअप वैन पलटी, खलासी की मौत

रांची। थाना क्षेत्र के रामपुर रिंग रोड पर सरवल मोड़ के पास कुट्टी लदी पिकअप वैन पलटने से खलासी की मौके पर मौत हो गई। मृतक खलासी 33 वर्षीय लक्ष्मण कोइरी सोनाहातू के जामुदाग गांव का निवासी थी। घटना गुरुवार की सुबह 9:30 बजे की है। चालक धर्मेन्द्र मंडल ने बताया कि दोनों तमाड़ से पिकअप पर कुट्टी लादकर कटहल मोड़ जा रहे थे। सरवल मोड़ के पास पास पिकअप का अगला चक्का ब्लास्ट कर गया। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई है और खलासी की पिकअप से दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थानेदार मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस दुघर्टनाग्रस्त पिकअप जब्त कर थाना ले आई।

फाल्गुन माह में श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना का विशेष महत्व

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के प्रवक्ता सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा है कि फाल्गुन माह में श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है। तथा फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी भगवान श्री कृष्ण के भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र एवं मंगलमय होता है।क्योंकि यह दिन श्याम प्रभु की उपासना का एक महत्त्वपूर्ण अवसर होता है। फाल्गुन माह की शुक्ल एकादशी 10 मार्च को है इस दिन को ह्यश्याम एकादशीह्न भी कहा जाता है,और इस दिन भक्त श्री श्याम प्रभु की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। एवं भक्तों में विशेष श्रद्धा देखने को मिलती है,क्योंकि श्याम प्रभु की कृपा पाने के लिए यह एक अत्यंत उत्तम समय होता है। जो अपने जीवन में किसी प्रकार की कठिनाई, मानसिक तनाव या आर्थिक समस्या से जूझ रहे होते हैं। श्री श्याम प्रभु की पूजा करने से सभी कष्टों का निवारण होता है और भक्तों के जीवन में सुख- शांति का वास होता है। श्री खाटू श्याम प्रभु भगवान श्री कृष्ण के अवतार माने जाते हैं। उनकी पूजा विशेष रूप से राजस्थान के खाटू धाम में की जाती है, जो श्री श्याम के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। देश के सभी श्री श्याम मंदिरों में श्री श्याम जी के उत्सव उल्लास पूर्वक मनाया जाता है खाटू श्याम का जन्म कंस वध के बाद हुआ था,जब कंस के अत्याचारों से बचने के लिए यदुवंशी श्री कृष्ण ने कंस का वध किया था।

● श्याम प्रभु के आशीर्वाद से भक्तों के जीवन में सुख- शांति आती है संजय सर्राफ

एसएस मेमोरियल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

● आज के समय में महिलाएं किसी भी रूप में कम नहीं : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गुरुवार को एसएस मेमोरियल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ बीपी बर्मा ने कहा कि आज के समय में महिलाएं किसी भी रूप में कम नहीं है और कोई क्षेत्र अछुता नहीं है। धरती से लेकरआकाश तक मेरी क्यूरी भौतिकी और रसायन दोनों में नोबेल मिला है। मैरी कोम, सुनीता विलियम, चानू ऐसे हजारों उदाहरण हैं। यदि भारतीय इतिहास को भी देखें तब शक्ति स्वरूपा काली, विद्या कि देवी सरस्वती, धन कि देवी लक्ष्मी को हम सभी पूजा करते हैं। आज की महिलाओं को मर्यादा, ममता, सहनशीलता, धैर्य, त्याग विशेष बनाती है। इसलिए हमें महिलाओं को सम्मान करना चाहिए। अध्यक्ष सह प्रोफेसर इंचार्ज डॉ रानी प्रगति प्रसाद ने कहा कि आज की नारी को हिम्मत के साथ कार्य करना चाहिए। शिक्षा को प्राप्त कर हम अपने हक और अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। हमें समस्याओ से डरना नहीं चाहिए बल्कि डटकर मुकाबला करनी चाहिए। डॉ समर सिंह ने कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, महिला समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, लिंग समानता के लिए समर्थन करने और चल रही लैंगिक असमानताओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। मंच संचालन करते हुए डॉ मंजू सिंकू ने महिला दिवस कि एतिहासिक पहलू को बताया। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड नेशन यानी संयुक्त राष्ट्र ने 8 मार्च के दिन को दुनिया भर की महिलाओं को समर्पित किया था। इसके दो साल बाद यानी 1977 में संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने आठ मार्च को आधिकारिक तौर पर वीमेंस डे घोषित किया गया। जनरल असेंबली के सभी सदस्य देशों ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाई थी। लेकिन 8 मार्च 1917 को रूसी महिलाओं के हड़ताल के बाद महिला दिवस की तारीख को बदलकर 8 मार्च कर दिया गया। तब से 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की वैश्विक तारीख बन गई। आज का दिन को किस प्रकार से महिला दिवस मनाया गया उसके सम्बन्ध में डॉ गायत्री ने कहा कि साल 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिन 8 मार्च को मनाने की मान्यता दी। कार्यक्रम की संयोजिका हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ सावित्री कुमारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस जिसे विश्व महिला दिवस के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के लिए जारी संघर्ष को उजागर करने के लिए एकजुट होती है।

आज / कल

सदानंद सिंह यादव अंगिका साहित्य सेवा भूषण सम्मान के लिए चयनित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अंगिका के संवर्धन के लिए कवि एवं लोकगायक सदानंद सिंह यादव को अंगिका साहित्य सेवा भूषण सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। श्री यादव हिन्दी के साथ-साथ अंगिका में भी समय-समय पर रचनाएं लिखते रहते हैं। श्री यादव सिर्फ अपनी रचनाओं को ही स्वरबद्ध कर नहीं गाते अपितु पुराने प्रचलित संस्कार गीत, लुप्तप्राय गीत आदि को भी गाकर पुरानी पीढ़ी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। श्री यादव को आगामी 9 मार्च को झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के होली मिलन सह सम्मान समारोह में रांची के दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कमड़े में अति विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा दिया जाएगा। इससे पहले भी श्री यादव को लेखन एवं गायन के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है जिनमें से तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान, साहित्योदय साहित्य रत्न सम्मान, शब्द शिल्पी सम्मान आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा श्री यादव, विदेश मंत्रालय (भारत सरकार), झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड, वन उत्पादकता विभाग द्वारा भी सम्मानित हो चुके हैं। साथ ही विभिन्न मंचों एवं अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा इन्हें सम्मानित किया जाता रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपायुक्तों के साथ की बैठक

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ करें बैठक : के. रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया जाना है। उन्होंने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ को अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ ससमय बैठक करने का निर्देश दिया। श्री कुमार निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

के. रवि कुमार ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग की बैठक में विशेष रूप से राजनीतिक दलों का चुनाव से संबंधित विषयों पर बैठक कर प्रतिवेदनों को संग्रहित करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ 17 मार्च तक अपने स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए इसका प्रतिवेदन 19 मार्च तक वहीं सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी 22 मार्च तक बैठक करते हुए 25 मार्च तक इसका प्रतिवेदन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। श्री कुमार ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में इन सभी प्रतिवेदनों को संकलित कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ राज्य स्तर पर बैठक की जाएगी एवं सभी प्रतिवेदनों को संयोजित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग को अंतिम प्रतिवेदन भेजी जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, ईआरओ गढ़वा ांजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, ईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर

कल्याण विभाग की ओर से किया गया साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

बुढ़मू। कल्याण विभाग की ओर से प्रखंड मुख्यालय बुढ़मू परिसर में गुरूवार को 1:30 बजे स्कूली छात्रों के बीच साईकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कांके विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर 94 साईकिल बुढ़मू और मुरूपीरी के छात्रों को वितरित किए। यह कार्यक्रम बुढ़मू प्रखंड के 14 पंचायतों के लिए कुल 937 साईकिल वितरण करने के लक्ष्य का हिस्सा है, जिसमें से आज 2 पंचायत के तीन स्कूल के छात्रों को साईकिल दी गई। इस अवसर पर जिप सदस्य पूर्वी मनोज भाजपेई, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी महेश यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, विधायक प्रतिनिधि कल्याण विभाग रामकुमार टाना भगत, धर्मेश भगत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

वार्षिक महाधिवेशन को को लेकर सुड़ी समाज ने की बैठक

धनबाद। गुरुवार को बरवाअड्डा दुर्गा मंदिर प्रांगण में झारखंड सुड़ी समाज कल्याण समिति की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष कंसारी मंडल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 23 मार्च को वार्षिक महाधिवेशन को सफल करने के संबंध में चर्चा की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 23 मार्च की महाअधिवेशन इस बार बरवाअड्डा दुर्गा मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय संरक्षक रेखा मंडल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना मंडल, जिला सचिव आदर मंडल, हीरेन मंडल, सुशील मंडल, राजेश मंडल, आशीष मंडल, वीरेंद्र चंद्र मंडल, तपन कुमार मंडल ,अजीत कुमार मंडल, सुमित कुमार मंडल, हलधर मंडल, दिनेश मंडल एवं सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

गैंगस्टर आकाश की पत्नी पम्मी को मिली बेल

रांची। गैंगस्टर अमन साहू का करीबी आकाश रॉय की पत्नी हिंदपीढ़ी निवासी पम्मी को छत्तीसगढ़ और रांची के कोर्ट से बेल मिलने के बाद जेल से निकल चुकी है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ पुलिस ने पम्मी और आकाश को गिरफ्तार किया था अब इसके साथ ही गैंगस्टर आकाश राय को सिमडेगा जेल से मधुपुर जेल भेजनें का आदेश भी कोर्ट के द्वारा दिया गया है। गैंगस्टर आकाश काफी शातिर अपराधी है अमन साहू के लिए काम किया करता है। आकाश को पिछले दिनों गढ़वा, रामगढ़ और छत्तीसगढ़ गोली कांड मे मुख्य आरोपी बनाया गया है,हालांकि झारखण्ड पुलिस आकाश के नेटवर्क को तोड़ने का काम लगातार कर रही है, गैंगस्टर आकाश राय पर आरोप है कि गढ़वा और छत्तीसगढ़ गोली के शूटर को वो सिमडेगा जेल से ही तैयार किया था।

लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

बच्चों ने खेल में दिखाई अपनी प्रतिभा

उत्साह और उल्लास के साथ छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश के आलोक में लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। पहली से पांचवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इस मौके पर तीन पैर वाली दौड़, बोरा रेस, बिस्कुट दौड़, मेढ़क दौड़, जलेबी रेस, गोली चम्मच रेस, बैलून रेस, 30 मीटर से लेकर 100 मीटर की दौड़ सहित कई अन्य स्पधाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर ककरिया, लापुंग, लेटे, मालगो, चालांगी, महुगांव, दोलैचा एवं सरसा संकुल अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में उत्साह और उल्लास के साथ खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुरा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटंगा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अकमरोमा सहित दर्जनों विद्यालयों में पहले से पांचवी कक्षा के बीच अलग-अलग स्पधाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह और उल्लास देखा गया। बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को खेल प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया तथा स्कूल कैंपस से लेकर मैदान तक प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्र मोहन ठाकुर, मंटु कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार साहु ने किया। वहीं खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाध्यापक सलीम सहाय तिग्गा, डीडीओ सह प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद महतो, ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, बहादुर उरांव, सुनील कुमार नायक, संजय मांझी, मो समीउल्लाह हक, त्रजोसेफ बृजिया, देवराम भगत, सागेन होरो, विनोद लकड़ा, संजय कुमार सिंह, अरूण कुमार नायक, इभांजालिस्ता टोप्पनो सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महिला सशक्तिकरण व लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता जरूरी : डॉ विनोद

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो की एनएसएस इकाई द्वारा 4 मार्च से 6 मार्च 2025 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और समाज में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का मार्गदर्शन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिनोद सिंह ने किया। वहीं एनएसएस समन्वयक डॉ. नेहा टोप्पो तथा तथा एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. नितेश पासवान (इकाई-2) और प्रो. पूनम कुमारी (इकाई-3) के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित किया गया। गुरुवार करमचंद भगत महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने महिलाओं के नेतृत्व और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किया। इसके बाद क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महिला उपलब्धियां, महिला अधिकार एवं लैंगिक समानता से संबंधित प्रश्न पूछे गए। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

न्यूज बॉक्स

आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

रांची। विकास भारती बिशुनपुर गुमला के अंबेडकर सभागार में कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला द्वारा आयोजित समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में गुमला ज़िले से 33 लैंपसो के एवं 17 अन्य इच्छुक प्रतिभागियों को उर्वरक का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा. इस दौरान विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक नीरज, निशा, इनो रॉय व अटल सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

बाहरी लोगों को नौकरी हुई तो होगा जोरदार आंदोलन : रैविमोर्चा

खलारी। रैयत विस्थापित मोर्चा केडीएच शाखा की बैठक विश्रामपुर पंचायत भवन में हुई। अध्यक्षता जालिम सिंह ने की। बैठक में केडीएच परियोजना के रैयत विस्थपितों के नौकरी मुआवजा व मुलभूत सुविधाओं पर चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि खदान विश्रामपुर गांव के समीप पहुंच गया है। खदान में होने वाली ब्लास्टिंग से भूकंप का अहसास हो रहा है। साथ ही उड़ने वाले धूल डस्ट से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। खदान से दमघोटू गैस का रिसाव भी हो रहा है जिससे निकट के घरों में रहने वालों के स्वाथ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रबंधन ग्रामीणों को हो रही परेषानियों के प्रति पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। मोर्चा ने कहा कि केडीएच परियोजना में बाहरी लोगों के द्वारा गलत तरीके से कागजात बनाकर नौकरी लेने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोष है। ग्रामीणों ने मांग किया कि सीसीएल प्रबंधन एवं अंचल केडीएच परियोजना के मूल रैयतों को उनका अधिकार दिलाने में सहयोग करे। केडीएच परियोजना में अगर किसी भी बाहरी व्यक्ति को नौकरी देने का प्रयास किया गया तो मोर्चा प्रबंधन के विरूद्ध जोरदार आंदोलन करने की तैयारी में है। बैठक का संचालन प्रभाकर गंझू ने किया। बैठक में मोर्चा के एरिया उपाध्यक्ष अमृत भोगता, दामोदर गंझू, धर्मराज गंझू, बालजीत गंझू, सोनू गंझू, देवलाल गंझू, किसुन मुंडा आदि उपस्थित थे।

चावल वितरण में अनियमितता के खिलाफ हंगामा

कतरास। बाघमारा प्रखंड अंतर्गत वार्ड संख्या 3 के सलानपुर में पीडीएस संचालक द्वारा मनमानी के खिलाफ कार्डधारियों ने जमकर बवाल किया।कार्डधारियों ने पीडीएस संचालक पर कई महीनों का राशन गबन करने और केवाईसी के नाम पर पैसे लेने का आरोप लगाया।कार्डधारियों ने कहा कि उनका फिंगर प्रिंट ले लिया जाता हैं और राशन नहीं दिया जाता है। जब राशन देता है तो दो किलो से तीन किलो की कटौती की जाती है।कार्डधारियों ने अपील की हैं कि बाघमारा बीडीओ मामले को संज्ञान में लेकर पीडीएस संचालक पर कार्रवाई करें तथा न्याय दिलाने का काम करें।

होली पर्व के अवसर पर सभी ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोच लगाया जाए : संदीप नागपाल

रांची। छोटानागपुर पैसेंजर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं रेलवे के डीआरयूसीसी सदस्य संदीप नागपाल ने कहा कि होली को मद्देनजर रखते हुए यात्रियों की भारी भीड़ और वेटिंग लिस्ट को ध्यान में रखते हुए सभी ट्रेनों में एक्स्ट्रा बोगी लगाने की मांग की है जिससे कि यात्रियों को लंबी वेटिंग लिस्ट का सामना न करना पड़े और सभी यात्री अपने-अपने गंतव्य स्थान पर समय पर पहुंच सके। नागपाल ने रेल मंत्रालय में आग्रह किया है कि हर शहरों में होली के पावन अवसर पर यात्री अपने-अपने घरों की ओर जाते हैं और इन दिनों उन्हें भारी वेटिंग लिस्ट का सामना करना पड़ रहा है इसलिए सभी ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोचस लगा करके यात्रियों को होली के अवसर पर यह सुविधा प्रदान की जाए।

केवाईसी में हो रही परेशानी को लेकर जोनल प्रबंधक ने किया बैंक का दौरा

नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के इंडियन बैंक उमेडन्डा शाखा में ग्राहकों को केवाईसी कराने में हो रही परेशानी को देखते हुए रांची जोन से आए डिप्टी जोनल मैनेजर मनीष कुमार ने उमेडंडा शाखा का दौरा किया रोजाना की तरह सैकड़ो की संख्या में ब्रांच में खाताधारकों का भीड़ पाया ग्राहकों को केवाईसी करने में असुविधा न हो इसे लेकर तुरंत डिप्टी मैनेजर मनीष कुमार और शाखा प्रबंधक विशाल कुमार द्वारा शाखा में एक काउंटर और बढाते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बीजा पंचायत भवन और चैनगडा पंचायत भवन में दो काउंटर की व्यवस्था किया। खाता धारकों को केवाईसी करने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा अब दूर-दराज से केवाईसी करने वाले खाता धारक पंचायत भवन बिंजा और पंचायत भवन चैनगाड़ा में दो काउंटर का शुरूआत कियाजहां पर प्रबंधक द्वारा तीन चार ग्राहकों का केवाईसी कर कार्य का शुरूआत भी किया ।मौके पर बैंक अधिकारियों के साथ दोनों पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

ग्रामीण बैंक ने वित्तीय जागरूकता शिविर का किया आयोजन

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दी गई जानकारी : प्रिय रंजन

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बेडो.में लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करना बैंक का पहला कार्य है। बैंक की सहायता से यदि किसी के घर में खुशी आती है तो यही बैंक का प्रथम लक्ष्य है। उक्त बातें झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बेडो. शाखा के तत्वावधान में बेड़ों बाजार टांड़ में आयोजित वित्तीय जागरूकता शिविर के दौरान शाखा प्रबंधक प्रिय रंजन ने कही। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बैंक तथा सरकार द्वारा दी जा रही अनेकों सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को बैंक से जुड़कर क्या-क्या फायदा है तथा वह कैसे अपना तथा अपने समाज का उत्थान कर सकते हैं इस पर जानकारी दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन एफएलसी के केएन तिवारी ने किया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बेड़ो शाखा के प्रबंधक प्रियरंजन, एफएलसी के केएन तिवारी, बैंक मित्र ब्रजेश महतो तथा बैंक सखी अनु देवी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया। जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में नुक्कड़ नाटक मंडली के साथ-साथ झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बेड़ो शाखा के प्रबंधक प्रिय रंजन, एफएलसी के केएन तिवारी बैंक मित्र बृजेश महतो बैंक सखी अनु देवी सहित दर्जनों लोगों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

होली पर रखें त्वचा का खास ख्याल : डॉ प्रतीक

नवीन मेल संवाददाता। रांची होली का पर्व नजदीक है लोगों में काफी उत्साह है। चूंकि रंगों का त्यौहार है तो कैसे एहतियात बरतें। डॉ प्रतीक ने बताया होली पर अपनी त्वचा का कैसे ख्याल रखें उन्होंने कहा होली रंगों का त्यौहार है और खानपान का त्यौहार है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा को रंगों से कैसे बचाएं और किस तरह के रंगों से होली खेले। उन्होंने कहा कि होली खेलने से पहले सर्वप्रथम अपने शरीर पर सरसों के तेल का लेप लगाए उसके बाद ही रंगों से खेलें हालांकि अभी कई तरह के मिलावटी रंग भी आते हैं जिससे बचने के लिए मॉइश्चराइजर भी कारगर होता है। उन्होंने बताया होली के बाद जेंटल क्लिंजर से ही रंग हटाए। होली में वैसे ही रंगों से खेल जो त्वचा को हार्म ना करें। उन्होंने कहा प्राकृतिक रंगों का ही ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। डॉ प्रतीक ने बताया खानपान का भी विशेष ख्याल रखें घर के पकवान तो हाइजीनिक होते हैं लेकिन बाहरी पकवान अनहाइजीनिक होते हैं। इसीलिए ज्यादा से ज्यादा बाहर के खानों पर नियंत्रण रखें। उन्होंने बताया बाहरी तेल के खानों से बूढ़े होने की जो प्रक्रिया है वो बढ़ा देते हैं। उन्होंने बताया कि घर आए मेहमानों को या अपने लिए भी फल फ्रूट को खाने के लिए इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए क्योंकि फल खाने के बाद स्लाइवा आसानी से पचा लेता है लेकिन जूस पीने से स्लाइवा पचा नहीं पाता है। उन्होंने बताया क्योंकि होली रंगों के साथ-साथ खानपान का भी त्यौहार है इसलिए मादक पदार्थ लोग सेवन करते ही हैं कम से कम मादक पदार्थों का सेवन करें यदि मादक पदार्थों का सेवन करने से शरीर में किसी तरह की हानि होती है तो ज्यादा मादक पदार्थों का भी सेवन ना करें। उन्होंने कहा मादक पदार्थों का सेवन करने के बजाए यदि उन रुपयों से किसी ओर परिवार की होली बेहतर बनाई जाए तो बेहतर साबित होगा। डॉ प्रतीक ने बताया जिन लोगों के बाल केमिकल स्ट्रेट है वे अपने बालों को रंगों से बचाए रखें ताकि उनके बालों में पहले से मौजूद केमिकल में रंगों का केमिकल ना लगे और बाल सुरक्षित रहें।

डॉ प्रतीक का संदेश : डॉ प्रतीक ने कहा होली रंगों का खुशियों त्यौहार है। खान पान और गुलाल के जरिए रिश्तों को मजबूती मिलती है। इसलिए रंगों के त्यौहार को स्वस्थ रहकर सुरक्षित ढंग से मनाया जाना चाहिए। त्वचा का ख्याल प्राकृतिक रंगों के साथ स्वस्थ खानों पर भी ध्यान दें।

सेमेस्टर 2 : छात्रों की कॉपी फिर से जांच कराने की मांग

धनबाद। बीएसके कॉलेज मैथन सेमेस्टर 2 सत्र 2023-27 के छात्रों का रिजल्ट जारी किया गया हैं।जिसमें फेल या प्रमोट का अनुपात ज्यादा हैं। जो छात्र अच्छे हैं,वे भी सेमेस्टर 2 में फेल हो गए हैं। उक्त मामले को लेकर छात्रों के साथ बीएसके कॉलेज मैथन के छात्र प्रतिनिधि रितिक चटर्जी, शादाज हुसैन, संदीप पांडे, शेख गुलफराज ने बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात की और सेमेस्टर 2 में परीक्षा देने वाले छात्रों की कॉपी फिर से जांच करवाने की मांग की। छात्रों ने कहा है कि इस तरह से कापी जांच होने से छात्रों का विश्वासन उठ जाएगा और उनके कैरियर पर असर पड़ सकता है। इस लिए इसे फिर से देखा जाए।

उमवि महावीर नगर में हुआ खेल महोत्सव का आयोजन

खेल में अनुशासन, संघर्ष और टीमवर्क भावना दिखती है : रंथू

नवीन मेल संवाददाता। खलारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर उपर टोला के मैदान में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य रंथू साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके जरिए शरीर को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं। खेल में अनुशासन, संघर्ष और टीमवर्क की भावना दिखती है। बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बनाने का मौका मिलता है। खेल से स्वस्थ जीवन शैली में मदद मिलती है। इस खेल महोत्सव में बालक, बालिकाओं के बीच अलग अलग खेल हुए। खेलों में बोरा दौड़, तीन पैरों वाली दौड़, बैलून दौड़, स्पीकिंग दौड़, गोली स्पून दौड़, 30 मीटर दौड़ और जलेबी दौड़ हुई। जिसमें प्रथम तमन्ना कुमारी, अभी लोहरा, सुलेखा कुमारी, तमन्ना कुमारी, प्रीतम कुमार, विष्णु शर्मा, गंगा कुमारी, मोहम्मद फैजल, नीलम कुमारी, आयुष लकड़ा, शिवानी तिर्की, ध्रुव उरांव, आयशा खातून, आदित्य कुमार, गंगा कुमारी, रणवीर कुमार, द्वितीय सरगम कुमारी, शिवानी कुमारी, अभिषेक कुमार, गंगा कुमारी, प्रिंस कुमार, रितेश कुमार, पीहू कुमारी, ध्रुव उरांव, सूर्यरेखा कुमारी, आदित्य कुमार, परी कुमारी, निभा कुमारी, विष्णु शर्मा, तृतीय तृषा कुमारी, रणवीर कुमार, प्रिंस कुमार, रितेश कुमार, वरिशा परवीन, आशा कुमारी, आर्यन कुमार, लक्ष्मी कुमारी व पीहू कुमारी हुई। उत्कृश्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेशकुमार साहु, अरुणा उरांव व बाल संसद मंत्रियों का सराहनीय योगदान रहा।

बिना ठोस कारण रिजेक्ट नहीं करें पीएम-एफएमई का आवेदन : एडीएम

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना (पीएम विश्वकर्मा), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम-एफएमई) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पीएम-एफएमई योजना की समीक्षा करते हुए एडीएम ने शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक वार लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बिना किसी ठोस कारण आवेदन रिजेक्ट नहीं करने तथा अधिक से अधिक लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभाग और बैंक के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। जिससे जिले में योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें। वहीं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा कर लाभुकों के निबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने फर्स्ट स्टेज पर मुखिया के लॉगिन में लंबित आवेदन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सभी आवेदनों को समय पर फॉरवर्डिंग करने के लिए मुखिया को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। एडीएम ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना जिले के हजारों कारीगरों और शिल्पकारों को उनकी पारंपरिक कला और विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगी। योजना कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देने में सहायक होगी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेन्द्र प्रसाद, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, एलडीएम अमित कुमार, ईओडीबी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र आदित्य चौधरी समेत बैंक के प्रतिनिधि समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

तीन विद्यालयों में लगा जांच कैंप

प्रखंड के 593 बच्चों की हृदय जांच की गई

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग नन्हा सा दिल, बाल हृदय जांच के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का लापुंग प्रखंड में आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग, कोल इंडिया लिमिटेड, श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त प्रयासों से चिकित्सकों की टीम ने जीरो वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों की हृदय रोग से संबंधित बिमारियों एवं लक्षणों की जांच की। चिकित्सकों के टीम ने राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कातिंगकेला तथा राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा में कैंप का आयोजन कर बच्चों के तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर का नीलापन, बार-बार सर्दी और खांसी का होना, सांस लेने में तकलीफ तथा स्तनपान करने पर बच्चों को पसीना आना जैसे लक्षणों की जांच की गई। कुल 593 बच्चों की हृदय रोग की जांच की गई। बताया गया कि यदि किसी बच्चों का धड़कन तेज हो, बच्चों का वजन बढ़ना बंद हो रहे हो, शरीर में नीलापन आ रहा हो, बार-बार सर्दी और खांसी हो रही हो, सांस लेने में तकलीफ हो रही हो या छोटे शिशु बच्चों को स्तनपान करने पर पसीना आ रहा हो तो ये सारे लक्षण जन्म से ही हृदय रोग से हो सकता है। यदि किसी बच्चे को इस तरह की समस्या हो तो मोबाइल नंबर 6299737695 पर संपर्क किया जा सकता है। इसमें जांच और इलाज दोनों निशुल्क है।श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त प्रयासों से चिकित्सकों की टीम ने जीरो वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों की हृदय रोग से संबंधित बिमारियों एवं लक्षणों की जांच की। विभिन्न विद्यालयों में बच्चों की जांच डॉ शकुंतला सुंडी, डॉ सुबोध कांत चौबे, एएनएम कुसमा कुमारी तथा श्रवण सिंह ने किया। जबकि स्क्रीनिंग टीम में निरंजन त्रिपाठी, राधिका यादव, रंजीता, ऋतु, ट्विंकल, बंटी सहित कई लोग शामिल थे।

एक नजर

विस्थापितों ने जमीन तो दे दी,अब पानी-बिजली के लिए भी मोहताज

उरीमारी। पोटंगा पंचायत के 12 गांव टोलों के विस्थापन की शर्त पर बरका-सयाल की सबसे बड़ी न्यू बिरसा कोलियरी खुली। वर्ष 1996 में इस कोलियरी के लिए सीसीएल ने जमीन का अधिग्रहण किया था। 2013 में यहां कोलियरी की नींव रखी गई। इसके बदले यहां के पोटंगा, बड़की टांड़, गेरा टोला, बार टोला, पाहन टोला, कुम्हार टोला को खाली कराकर विस्थापित गांव के लोगों को पारगढ़ा में बसाई गई थी। 2015 से पारगढ़ा गांव को बसाने की प्रक्रिया सीसीएल ने शुरू की। आज यहां करीब 1000 परिवार रह रहे हैं। इस गांव की मौजूदा आबादी करीब 52-53 सौ हो गई है। आज यह आबादी सुविधाओं के अभाव का दंश झेल रही है।

सदन में उठा रैयत विस्थापित-प्रभावित के उचित नौकरी व मुआवजे का मुद्दा

रामगढ़। मांडू विधायक तिवारी महतो ने अपने तीन मिनट के भाषण में सीसीएल के भूमि अधिग्रहण व विस्तारीकरण को लेकर रैयत, विस्थापित-प्रभावित को उचित नौकरी व मुआवजे की मांग सदन में रखी। मांडू विधानसभा के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर, केदला, पुंडी, लइयो, करमा, तोपा, परेज, रैलीगडा, पिंडरा व गिद्दी क्षेत्रों में सीसीएल के द्वारा चल रहे कोयला खनन हेतु भूमि अधिग्रहण, उचित मुआवजे व नौकरी दिए जाने की मांग सदन में रखी। विधायक ने कहा कि स्थानीय लोगों को नौकरी एवं मुआवजा हेतु स्टेटमेंट 6 की मांग की जा रही है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से जिला एवं अचंल से शिविर लगा कर स्टेटमेंट 6 बनवाने का आग्रह किया। ताकि रैयतों को नौकरी और मुआवजा मिलने की प्रक्रिया सहज हो और उन्हें अविलंब नौकरी और मुआवजा मिलें।

विद्युत पदाधिकारियों ने किया ऑन स्पोर्ट कई विद्युत विपत्र में सुधार

रामगढ़। विद्युत विपत्र में सुधार सहित अन्य मांगों को लेकर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत कार्यालय में कार्यपालक अभियंता एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल विधायक ममता देवी के निर्देशानुसार विद्युत पदाधिकारियों से मुलाकात की गयी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विद्युत विपत्र के सुधार में विभाग की ओर से घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिस वजह से कई उपभोक्ता वर्षो से बिजली विभाग का चक्कर लगाते-लगाते थक गए है। यह शिकायत लगातार विधायक ममता देवी को मिल रही थी। शिकायत सुनने के बाद दर्जनों उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान ऑन स्पोर्ट किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ शहर की विभिन्न स्थानों में पोल, खंबे, जर्जर तार और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए सूची विद्युत पदाधिकारियों को सौंपा। अधिकारियों की ओर से बताया गया कि अप्रैल में कैंप लगाकर विद्युत विपत्र में त्रुटि के सुधार किया जाएगा।

विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षांत समारोह 9 माच को

1150 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी उपाधियां

समारोह में समस्त विद्यार्थी पारंपरिक वेश- भूषा में अपनी उपाधि प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से विवि में चल रही है और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए हैं

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़, झारखंड में प्रथम दीक्षांत समारोह 09 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित खेल मैदान में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित होगा। यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण दिन होगा जो विद्यार्थियों के शैक्षिक सफर की सफलता को मान्यता देगा। प्रथम दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में देश एवं राज्य के विभिन्न विश्विद्यालयों के पदाधिकारीगण, शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधिगण और प्रशासनिक अधिकारीकगण को आमंत्रित किया गया है। इस दीक्षांत समारोह में 2024 तक के सभी उत्तीर्ण पीएचडी, पीजी, यूजी एवं वोकेशनल के विद्यार्थियों को मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा लगभग 1150 उपाधियां प्रदान की जाएगी। समारोह में समस्त विद्यार्थी पारंपरिक वेश- भूषा में अपनी उपाधि प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से विश्वविद्यालय में चल रही है और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए है। इस कार्यक्रम में लगभग 5000 विद्यार्थी सहित प्रबुद्धजन शिरकत करेंगे। इस समारोह में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी,प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, शिक्षकेतर कर्मचारीगण, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

बाबूलाल मरांडी बने भाजपा विधायक दल के नेता

बरही विधायक मनोज यादव ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता। बरही झारखंड में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुना गया। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का अनुभव और नेतृत्व क्षमता भाजपा को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि मरांडी जी के नेतृत्व में भाजपा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगी और झारखंड के विकास को नई दिशा देगी। बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा के बाद पूरे राज्य में भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। भाजपा ने यह संकेत दिया है कि मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बरही में भी भाजपा कार्यकताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया। विधायक मनोज यादव ने पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर खुशी जताई और कहा कि भाजपा अब और अधिक संगठित होकर झारखंड के लोगों के लिए काम करेगी। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाने से पार्टी को आदिवासी वोटबैंक के साथ-साथ आम जनता का भी समर्थन मिलेगा। बरही विधायक ने उम्मीद जताई कि भाजपा उनके नेतृत्व में झारखंड के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और जनता की समस्याओं को सशक्त रूप से उठाएगी।

न्यूज | बॉक्स

समाज सेवी ने गरीब की बिटिया के विवाह के लिए दिया सहयोग

रामगढ़। गुरुवार को बरकाकाना घुटवा दुर्गी बस्ती निवासी द्वारिका मुंडा की पुत्री संगीता कुमारी के विवाह के मौके पर रामगढ़ की महिला समाजसेवी सोनी कुमारी के सौजन्य से ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल, छोटा टेबल, चार कुर्सी सेट, 26 केजी चावल, नगद 1000 सहयोग के रूप में प्रदान किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला समाजसेवी सोनी कुमारी ,झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा शामिल हुए। समाजसेवी सोनी कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत मदद करना बहुत ही सराहनीय है। द्वारिका मुंडा की पुत्री के विवाह में जो भी मदद हो पाया वह हमने किया। कहा कि आगे भी गरीब बेटियों के विवाह के मौके पर मदद करने का प्रयास किया जाएगा। झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा कि महिला समाजसेवी सोनी कुमारी द्वारा बेटियों की शादी में मदद करना सराहनीय है और रामगढ़ जिले के लिए बहुत ही गर्व की बात है। मैं झारखंड सेवा समिति की ओर से समाज सेवी सोनी कुमारी को अच्छे कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

विधायक ने मरीजों का पूछा हालचाल

बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव मरीजों को देखने मां राम प्यारी हॉस्पिटल रॉची पहुंचे और उनका कुशल क्षेम जाना।वहीं उन्होंने संबंधित चिकित्सकों से मुलाकात कर मरीजों को जल्द ठीक करने का आग्रह किया। इस दौरान विधायक ने शिलाडीह के पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी की पुत्री सुमायरा प्रवीण 18 माह,जिसका धान काटने वाली मशीन से हाथ की अंगुली कट गई थी ,से मुलाकात किया। वहीं भर्ती बरकट्ठा निवासी अब्दुल गफूर अंसारी जो बीते दिन छत ढलाई के दौरान तीन मंजीला से गिर गये थे,से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने पीड़ितों को आर्थिक सहयोग कर उनके जल स्वस्थ होने की कामना की।

कृषि व अन्य कार्यों को लेकर उपायुक्त की समीक्षा बैठक

लाभुकों को केसीसी के लाभ से करें आच्छादित : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वर्ष 2024- 2025 में सभी संबंधित विभागों के योजनाओं में अब तक किए गए कार्यों में व्यय की समीक्षा की, वहीं जिले के अलग-अलग क्षेत्र में हुई कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना निदेशक आत्मा से ली गई। बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने किसानों को योजनाओं से जोड़ने व जागरूक करने के उद्देश्य से परियोजना निदेशक आत्मा को कृषि मेला आयोजन को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। कृषि योजना के तहत खरीफ फसल योजना 2024-25 में चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लंबित ई केवाईसी का कार्य तत्काल रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने पीएम किसान योजना के तहत स्वयं से पंजीकरण करने वाले लाभुकों की जांच कर स्वीकृति देने तथा उनका ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में निर्मित कोल्ड स्टोरेज, मिनी कोल्ड स्टोरेज आदि की जानकारी लेने के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी को वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज संबंधित कई निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने तथा जिले के अलग-अलग खनन प्रभावित क्षेत्रों में बंद पड़ी खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु माइनिंग कोलपिट की पहचान कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक आयोजित

रामगढ़। गुरुवार को शहर के होटल ला मेरिटल के सभागार में श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव (भोपाली) और संचालन महासचिव विशाल जायसवाल ने किया गय। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर एवं छोटू वर्मा उपस्थित हुए। बैठक में रामनवमी पूजा महासमिति का पोस्टर विमोचन किया गया और 1 अप्रैल को विशाल मंगला शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर रूप रेखा तैयार की गई। रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव (भोपाली) द्वारा जानकारी दी गई कि 1 अप्रैल को रामनवमी विशाल मंगल शोभा यात्रा की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसी के निमित चौके - चौराहा,गली मोहल्लों में बैनर, पोस्टर, भगवान झंडा स्टीकर लगाया जाएगा। रामगढ़ जिले के सभी अखाड़ों एवं पूजा समिति को सदर आमंत्रित कर विशाल मंगल शोभा में शामिल होने के लिए आग्रह किया जाएगा। 1 अप्रैल को श्री श्री रामनवमी पूजा विशाल मंगल शोभा यात्रा 11:00 बजे दिन को सिद्धू कान्हू ग्राउंड से आरम्भ होकर गोला रोड, चट्टी बाजार, थाना चौक,झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड में समापन किया जाएगा।

कल धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे जयराम महतो

झुमरा पहाड़ के अस्तित्व को बचाने की जरूरत है : विधायक

इस परियोजना के लिए 1162 हेक्टेयर जमीन, यानी 2872 एकड़ जमीन जंगल को उजाड़ कर 50 लाख मिट्रिक टन प्रति वर्ष कोयला का उत्पादन करना लक्ष्य है

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि आगामी 08 मार्च को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो बसंतपुर पंचायत अंतर्गत केबीपी परियोजना के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन का समर्थन के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस धरना प्रदर्शन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के केंद्रीय, जिला, प्रखंड, पंचायत व सक्रिय सदस्य उपस्थिति होंगे। धरना प्रदर्शन मुख्य रूप से 12/14 दिनों से चल रहा है। इस धरना प्रदर्शन में प्रभावित गांवों के महिला पुरुष धरना पर बैठे हुए हैं। मांडू क्षेत्र के प्रभावित गांव, बसंतपुर, पचडा, कोतरे, बालमहुआ, इचाकडीह, बरगइया, रहावन, पचमो, हुरदाग, लइयो, दनिया। यहां एक कंपनी है कंपनी का नाम पावर मेक लिमिटेड और उनके सहयोगी अमर लिमिटेड के माध्यम से खनन कार्य होना सुनिश्चित हुआ है। झुमरा पहाड़ के अस्तित्व को बचाने की जरूरत है। बसंतपुर कोतरे परियोजना सीसीएल की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना के लिए 1162 हेक्टेयर जमीन, यानी 2872 एकड़ जमीन जंगल को उजाड़ कर 50 लाख मिट्रिक टन प्रति वर्ष कोयला का उत्पादन करना लक्ष्य है। यह परियोजना क्षेत्र वासियों के लिए अभिशाप साबित होगा। सरकार को इसके लिए वैकल्पिक ऊर्जा की स्रोतों की खोज करनी चाहिए। कोयला वर्तमान में है इसके निकाले जाने के बाद समाप्त होगा। इसलिए सरकार को रिन्यूएबल सोर्स ऑफ एनर्जी की ओर पहल करनी चाहिए, न कि जंगल नष्ट करना चाहिए। कुछ साल के बाद वहां के लोग को पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक आयोजित

1 अप्रैल को विशाल मंगला शोभा यात्रा निकाली जाएगी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ गुरुवार को शहर के होटल ला मेरिटल के सभागार में श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव (भोपाली) और संचालन महासचिव विशाल जायसवाल ने किया गय। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर एवं छोटू वर्मा उपस्थित हुए। बैठक में रामनवमी पूजा महासमिति का पोस्टर विमोचन किया गया और 1 अप्रैल को विशाल मंगला शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर रूप रेखा तैयार की गई। रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव (भोपाली) द्वारा जानकारी दी गई कि 1 अप्रैल को रामनवमी विशाल मंगल शोभा यात्रा की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसी के निमित चौके-चौराहा, गली मोहल्लों में बैनर, पोस्टर, भगवान झंडा स्टीकर लगाया जाएगा। रामगढ़ जिले के सभी अखाड़ों एवं पूजा समिति को सदर आमंत्रित कर विशाल मंगल शोभा में शामिल होने के लिए आग्रह किया जाएगा।

विधायक ने कोल्ड स्टोरेज को शीघ्र चालू करने की मांग की

रामगढ़। चितरपुर प्रखंड स्थित मरंगमरचा में वर्षों पूर्व निर्मित सरकारी कोल्ड स्टोरेज अब तक चालू नहीं किया गया है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने विधानसभा सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से उठाया और सरकार से इसे शीघ्र चालू करने की मांग की। विधायक ममता देवी ने कहा कि यह कोल्ड स्टोरेज चालू होने से किसानों को उनकी उपज के उचित भंडारण की सुविधा मिलेगी और उन्हें फसलों के नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने सरकार से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस संदर्भ में विभाग द्वारा रामगढ़ उपायुक्त को कोल्ड स्टोरेज की वर्तमान स्थिति का आकलन कर आवश्यक प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और जल्द ही इस पर ठोस निर्णय लिया जाएगा। विधायक ममता देवी ने सरकार से अपेक्षा जताई कि कोल्ड स्टोरेज को जल्द चालू करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई हो, जिससे किसानों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके।

सीरु की टीम क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची

खेल से युवाओं में आत्मविश्वास और टीम भावना बढ़ती है : भरत महतो

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ दुलमी प्रखंड के सीरु में आयोजित 'सीरु प्रीमियर लिंग क्रिकेट टूर्नामेंट-सीजन 01 सेमीफाइनल मैच के मुख्य अतिथि रामगढ़ उप प्रमुख प्रतिनिधि सह बीस सूत्री सदस्य भरत महतो व विशिष्ट अतिथि छोटन महतो उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि भरत महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। सेमीफाइनल मैच ब्याग बनाम सीरु के बीच खेला गया। सीरु पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 78 रन बनाया। जवाबी पारी में ब्याग की टीम 74 रन ही बना पाई। इस प्रकार सीरु की टीम फाइनल में पहुंच गई। मुख्य अतिथि भरत महतो ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट से छुपी हुई प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवा नशा व अन्य बुरी आदतों से दूर रहेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखने की अपील की और कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही होता है जो हर परिस्थिति में मेहनत और आत्मविश्वास बनाए रखता है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी भविष्य में जिले और राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं। मौके पर उतम कुमार,सोनू साव, विपुल कुमार, सुजीत कुमार, खिरोधर साव, प्रमोद कुमार, विद्वान साव, बबलू महतो, विनोद महतो सहित कई खेल प्रेमियों मौजूद थे।

एक दिवसीय टीवी उन्मूलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। बरही अनुमंडलीय अस्पताल बरही में एक दिवसीय टीवी उन्मूलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसकी अध्यक्षता उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी व संचालन एसटीएस रवि कुमार और एसटीएलएस बिजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाते हुए बरही से शत प्रतिशत टीबी पर विजय प्राप्त करना था. टीबी के संबध में जागरूक व प्रशिक्षित करते हुए उपाधीक्षक डॉ ज्ञानी ने बताया कि टीबी कोई छुआ छूत की बीमारी नही है. इससे पीड़ित मरीज से घृणा नहीं बल्कि आत्मबल देते हुए स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध मुफ्त दवा के प्रयोग के लिए प्रेरित करनी चाहिए. उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को ऐसे मरीजों की पहचान कर स्वास्थ्य केंद्र लाने की बात कही. जिसे उपस्थित लोगो ने मिलकर बरही को टीबी मुक्त बनाने का शपथ लिया. कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ अंकुर कुमार, एलटी विष्णु कुमार महतो, शाहिद अली, बीएएम प्रमोद श्रीवास्तव, एचएम सुधांशु शेखर, महादेव राम आदि सहित 75 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.

मीना बाजार सह मेला का हुआ उद्घाटन

सौहार्द के साथ महायज्ञ व मेले का लें लुत्फ उपद्रवियों पर रहेगी कड़ी नजर : एसडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता। बरही 15वें बरही महोत्सव के अवसर पर एनएचएआई स्थित महायज्ञ परिसर में बुधवार की रात्रि से प्रारंभ हो गया. जिसका उद्घाटन एसडीओ जोहान टुडू और एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया. जिनका महायज्ञ समिति की ओर से पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया. दोनो अधिकारियो ने मीना बाजार स्थित विभिन्न स्टॉल, झूला इत्यादि का अवलोकन कर झूले का भी आनंद लिया. महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने समिति के सदस्यो से परिचय कराते हुए कार्यक्रमो की जानकारी दिया. एसडीओ श्री टुडू ने महायज्ञ समिति को 15वे महायज्ञ आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग की बात कही. एसडीपीओ श्री बिमल ने लोगो से शांति और सौहार्द पूर्ण भाव से महायज्ञ व मेले का लुत्फ उठाने की अपील किया. उन्होंने कहा कि उपद्रवियों पर कड़ी निगरानी होगी, किसी भी प्रकार के अफवाह और अवैध गतिविधियों से दूर महायज्ञ समिति को सहयोग करने की बात कही. इस अवसर पर संरक्षक रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक, अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, सचिव बलराम केसरी, कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, रमेश श्रीवास्तव, अमित सोनी, मनोज उपाध्याय आदि सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे.

डीसी ने की राजस्व संग्रहण की मासिक समीक्षा बैठक

राजस्व संग्रहण में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में विभागवार राजस्व संग्रहण, भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, जीएम लैंड सत्यापन, सीमांकन, सैरात संग्रहण, भू-अर्जन, नीलाम पत्र वाद सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि कई विभागों द्वारा राजस्व संग्रहण अच्छा है, पर इसे शत प्रतिशत वसूली करने का निर्देश दिया। वहीं कई विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण में रुचि नहीं दिखाई गई है, जिसका वजह से काफी कम प्रगति है। उपायुक्त महोदय कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी विभाग मार्च माह के अंतिम सप्ताह तक राजस्व वसूली लक्ष्य पूरा करें। उत्पाद विभाग द्वारा शत प्रतिशत राजस्व वसूली की गई। उत्पाद अधीक्षक के ने बताया कि लक्ष्य के विरुद्ध 2 प्रतिशत अधिक राजस्व संग्रहण कर लिया गया। मार्च माह के पूर्ण तक 8-9 वसूली और होने की बात कहीं। उपायुक्त ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर परिषद, सिमडेगा को 100 प्रतिशत से अधिक राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने की बात कहीं। वहीं खनन पदाधिकारी को राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने हेतु अवैध खनन के प्रति लगातार छापामारी अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नीलाम पत्र वाद की समीक्षा में सभी नीलाम पत्र अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि नीलम पत्र से संबंधित जितने भी मामले हैं यथाशीघ्र नोटिस करें और लक्ष्य के अनुरूप वसूली को पूर्ण करें।इसके पश्चात् उपायुक्त ने अंचलवार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने को कहा। राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा किया गया। बानो कोलेबिरा एवं सिमडेगा अंचलाधिकारी को व्यापक प्रचार प्रसार कर राजस्व कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया। राजस्व शिविर में पंजी-॥ सुधार, लगान रसीद निर्गत करने, उत्तराधिकारी दाखिल खारिज करने सहित एवं अन्य मामलों का प्रायोरिटी के साथ निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अंचलवार लगान एवं सेंस की मांग एवं वसूली एक सप्ताह में बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, प्रशासक नगर परिषद, सिमडेगा, सभी अंचलाधिकारी, सभी हल्का कर्मचारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

सिमडेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि गण मौजूद थे।ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख-रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा शौचालय एवं स्नान घर में रूफ ट्रीटमेंट एवं आवश्यक मराम्मति कार्यों का जायजा लिया। जिस रूम में ईवीएम मशीन रखा हुआ है वहां लाइट खराब है जिसे ठीक करने का निर्देश दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

आम जनों के लिए डीसी ने लगाया जनता दरबार

सिमडेगा। आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में केसीसी ऋण माफी करने, जमीन विवाद, पारिवारिक लाभ दिलाने, ट्रांसजेंडर पेंशन का लाभ दिलाने, पिता के मृत्यु के उपरांत बैंक से राशि का ट्रांसफर करने, दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने, वेतन की भुगतान करने, उत्तराधिकारी दाखिल खारिज करने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। उपायुक्त के जनता दरबार में कुल 18 आवेदन पत्र हुए।

भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों की सेवा समाप्त कर करें ब्लैक लिस्टेड : भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

● विधायक ने विधानसभा सत्र में उठाया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नव निर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन का मामला

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने नव निर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन के गुणवत्ता को लेकर विधानसभा सत्र के शून्यकाल में आवाज उठाया है। साथ ही सत्र के माध्यम से विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कराने, दोषी संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करने एवं दोषी अधिकारियों की सेवा समाप्त कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि जिला मुख्यालय में 7.81 करोड़ की लागत से नया अनुमंडल कार्यालय भवन बनाया गया है। इस भवन निर्माण के लिए अलग से 66 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि का भुगतान भी किया गया है। इसके बावजूद भवन की गुणवत्ता एकदम घटिया है। विधायक ने सरकार को बताया कि विभागीय इंजीनियर, अधिकारी एवं संवेदक की मिली भगत से गरीब जनता के एवं सरकारी खजाने को भवन निर्माण के नाम पर लूट का चारागाह बनाया गया और भवन महा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। उन्होंने सदन को भ्रष्टाचार की लिस्ट और फ़ोटो समर्पित की है। साथ ही बताया है कि करोड़ो की लागत से बने नवनिर्मित अनुमंडल भवन में लगाये गए सभी सामग्री की गुणवत्ता एकदम घटिया है। यह भवन एस्टीमेट के अनुरुप बिलकुल ही काम नहीं किया गया है। यही कारण है कि भवन में लगे टायल्स टूटने लगी है। दीवार जगह जगह क्रेक हो गया है। छत की ढ़लाई भी सही तरीके से नहीं होने के कारण छत से पानी का रिसाव शुरु हो गया है। विधायक ने भवन निर्माण के नाम पर भुगतान किए गए 66 लाख रुपये के अतिरिक्त राशि को सरकारी कोष में वापस जमा कराने की मांग की है। इसके अलावे नव निर्मित भवन को एस्टीमेट के अनुरूप बनवाने, भवन निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने हेतु उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने एवं जांच में दोषी पाया जाता है तो सभी दोषियों पर कठोर करवाई की मांग की है। साथ ही कहा कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने वाले ऐसे संवेदक को राज्य में ब्लैक लिस्टेड भी किया जाय। ताकि राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। साथ ही भविष्य में कोई भी सरकारी राशि एवं गरीब जनता के पैसे का दुरुपयोग न करे।

सांसद कालीचरण मुंडा बोलबा प्रखंड के मां वनदुर्गा मंदिर पहुंचे, माथा टेका

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल माँ वन दुर्गा मन्दिर में सांसद कालीचरण मुंडा ने पूजा अर्चना एवं माथा टेकने पहुंचे।इस मौक़े पर उन्होने बताया कि पूर्व निर्धारित निजी कार्यक्रम के तहत वन दुर्गा मन्दिर में माथा टेकने एवं पूजा करने आएं है।इस मौक़े पर ग्रामीणों ने बोलबा प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड़ होते हुए कुंदूरमुंडा-टकबहाल उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरे सडक का जल्द निर्माण कराने, तालमंगा से छुरिया होते हुए मालसाडा वन दुर्गा तक अधूरे सडक निर्माण पूर्ण करने, कछुपानी खदान गाढ़ा में सिंचाई योजना चालू करने, पर्यटक स्थल दनगद्दी में मोबाईल टावर लगाने, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बोलबा शंख नदी में लगाए गए दो सालों से बंद पड़े हर घर नल जल योजना को चालू करने की मांग करते हुए आवेदन सौंपा गया. वही वन दुर्गा सडक पर एक पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण कि मांग किया गया।सांसद ने कहा कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय से कुंदूरमुंडा टकबहाल उड़ीसा बॉर्डर तक के अधूरे सडक जल्द बनेगा।इसकी जो भी वन विभाग कि अडचने है उसे जल्द समाधान किया जाएगा साथ ही प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओ का समाधान किया जाएगा।इस मौक़े पर वन दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा सांसद महोदय को माता का चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया. इसके. साथ ही वन दुर्गा स्मारिका,श्रीफल आदि देकर जोरदार स्वागत किया गया।इस मौक़े पर सांसद कालीचरण मुंडा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, पीसीसी डिलीगेट्स प्रदीप केशरी, कौशल किशोर रोहिल्ला, बीस सूत्री. जिला उपाध्यक्ष मनोज. जयसवाल, जिला. परिषद प्रेमा बाड़ा, रणधीर रंजन, सांसद प्रतिनिधि अमित डूंग डूंग, विधायक प्रतिनिधि सीरिफिना कुल्लू, प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास, प्रखंड उपाध्यक्ष ज्वलंत बेक, सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो, नवीन तिर्की, प्रमोद तिर्की, रोशन बारला, संजय डूंग डूंग, जेम्स सोरेंग, जॉर्ज तिर्की, जेफ्रेन करकेट्टा, अजित लोहरा समुल तिग्गा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड उच्च न्यायालय के महानिबंधक के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने गुरुवार को मंडल कारा का औचक निरीक्षण कर जेल व्यवस्थाओं एवं बंदियों के हितार्थ संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान जेल किचन में भोजन व्यवस्था सहित खाने और बंदियों के उपयोग के लिए अनाज की गुणवत्ता देखी। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक,जेल अस्पताल,वीसी एवं कियोस्क कक्ष,मुलाकात एवं उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी निरीक्षण कर स्वच्छता व हाईजीन के बारे में जानकारी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों से संवाद कर समस्याएं भी पूछी तथा उचित मामलों में न्यायालय एवं प्राधिकार द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम को निर्देशित किया। बंदियों के जमानत और रिहाई की जानकारी लेकर प्राधिकार सचिव को जरूरी निर्देश दिए। पीडीजे ने सचिव से कहा कि जेल प्रशासन से वैसे बंदियों की सूची प्राप्त करें जिन्हें न्यायालय द्वारा जमानत प्रदान की गई है,लेकिन जमानतदार के नहीं आने के कारण जेल से बाहर नहीं जा सके हैं। उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रधान जिला जज द्वारा मंडलकारा के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचित करते हुए उन लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।जेल में बंद कैदियों से उन्होंने जेल से मिलने वाले भोजन, स्वास्थ्य सुविधा,रख रखाव आदि के बारे जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडीजे और सचिव मरियम हेमरोम ने महिला बंदियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं।

गांव में बजरंगबली मंदिर में भूमि पूजन का हुआ आयोजन

बानो। प्रखण्ड के ग्राम सिजांग पहान टोली में गुरुवार को बजरंग बली मंदिर निर्माण के लिये भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भूमि पूजन कार्यक्रम में पंडित सोनू शुक्ला ने विधि पूर्वक भूमि पूजन कराया।पूजा में समिति के अध्यक्ष मोहन गोप ,कोषाध्यक्ष अमित साहू ,सचिव मिंटू कुमार सिंह बैठे थे । भूमि पूजन के पश्चात आरती में काफी संख्या में ग्रामीण भाग लिया। भूमि पूजन के पश्चात समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।मौके पर मोतीलाल साहू ,नंदा साहू,लगनू गोप ,मनोज साहू ,उमेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

पुलिस सभागार में गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम वेबसाइट का किया गया लांच

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा पुलिस सभागार में गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम" वेबसाइट लॉन्च किया गया। पुलिस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो तथा अन्य उपस्थित पदाधिकारियों ने वेबसाइट लॉन्च किया। इस वेबसाइट को एनआईसी झारखण्ड राज्य इकाई, राँची द्वारा विकसित किया गया है | इसका उद्देश्य होटल , गेस्ट हाउस , धर्मशाला इत्यादि जगहों पर ठहरने वाले व्यक्तियों का डाटा पुलिस विभाग को डिजिटल , रियल टाइम और सुलभ तरीके से उपलब्ध कराना है | इससे पुलिस विभाग को ऐसे प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले संधिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने में काफी सहूलियत होगी| इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने कहा कि जमशेदपुर, सरायकेला के बाद ऐसे वेबसाइट लॉन्च होने का श्रेय पुलिस अधीक्षक की सराहना करते हुए कहा कि मुम्बई जैसे बड़े शहरों की तुलना में सिमडेगा गांव जैसा है ,यहां शांतप्रिय होटल व्यवसायी हैं फिर भी दूर दृष्टि के लिहाज से ऐसी एप्प का शुरू होना सुविधा दायक है। जिससे होटल,रेस्तरां संचालकों को परेशानी से बचायेगा।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी होटल संचालकों को ठहरने वाले व्यक्तियों की सूचना थाना को देनी पड़ती है।कभी कभी शक के दायरे उत्पन्न होने पर उन्हें जलालत झेलनी पड़ती है जिससे बचने और स्वतः जानकारी पुलिस को उपलब्ध रहने की दिशा में किया गया प्रयास यह वेबसाइट है।उन्होंने एन आई सी के अधिकारोयों से कहा कि गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम की तरह रेन्टर वेरिफिकेशन सिस्टम बनाने पर अपराध नियंत्रण में सुविधा होगी।

होली व रमजान को लेकर कोलेबिरा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। कोलेबिरा थाना परिसर में होली पर्व व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम,प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता थाना के सब इंस्पेक्टर बनबिहारी कुमार ने की।बैठक में होली व रमजान पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी बात और होली के दो दिवसीय पर्व में उत्पन्न समस्याओं को थाना के समक्ष रखा।लोगों की सुनने के बाद बैठक को संबोधित करते हुए सब इंस्पेक्टर बनबिहारी कुमार ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने वाले व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने मौके पर कहा कि होली का पर्व खुशियों का त्यौहार है।शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी मेलजोल और प्रेम भाव सभी कोई होली पर्व मनाए।वहीं पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के अफवाह नहीं फैलाने को कहा,सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट बिल्कुल भी ना करें।अफवाहों से बचें।पर्व के दौरान अगर कोई अफवाह फैलता है तो तुरंत थाना में सुचित करें। वहीं रमजान का भी महीना चल रहा है।अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस के द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी।नशा पान से दूर रहे वहीं होलिका दहन सड़क के बीचों बीच ना करें। कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं लेने होली खेलने के बाद बच्चे या युवा नदी नाले तालाब में सतर्कता से स्नान करें,पर्व के दौरान गाड़ी धीमी गति से चलाएं, कहीं भी किसी प्रकार का मामला होता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है ।प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से सभी जाती धर्म के लोगों के साथ मिल जुल कर मनाने को कहा।प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो ने प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों से होली पर्व आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने की अपील की।

विधायक ने उठाई खराब एंबुलेंस मरम्मती व नई एंबुलेंस की मांग

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी नहीं गुरुवार को विधानसभा बजट सत्र के दौरान सिमडेगा जिले में खराब पड़े 108 एंबुलेंस की मरम्मत एवं नई एंबुलेंस की मांग उठाई है।विधायक ने कहा सिमडेगा जिला अभी वर्तमान समय में एक्सीडेंटल जोन बन कर रह गया है।आए दिन जिले अलग-अलग प्रखण्डों में अनेक प्रकार का एक्सीडेंट होते रहता है। अनेकों बार लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।ऐसी स्थिति में जिला में जान बचाने के लिए या एमरजेंसी में हस्पताल पहुंचाने के लिए 108एम्बुलेंस का सहारा लिया जाता है।ऐसी स्थिति में फोन करने पर 108 के व्यवस्थापक द्वारा खराब एम्बुलेंस का जरिया बताकर पल्लू झाड़ लिया जाता है।जिस कारण व्यथित लोग बेवस हो कर नीजी एम्बुलेंस का सहारा लेते हैं। ऐसी परिस्थिति में मरीज को कष्ट उठाना पड़ता है। सिमडेगा आदिवासी बहुल क्षेत्र है जहां के लोग जंगल पहाड़ों के बीच रहकर अपने जीविका का संचालन करते हैं।

होली को लेकर बोलबा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा थाना परिसर में होली त्यौहार को लेकर शान्ति समिति की गुरुवार को बैठक हुई।इस मौक़े पर बैठक में इंस्पेक्टर दिनेश कुमार प्रजापति ने बोलबा प्रखंड में होली त्यौहार कहाँ कहाँ और कैसे मनाया जाता है इसकी जानकारी लिया।इसके बाद इंस्पेक्टर ने साइबर क्राइम रोकने के लिए कई उपाय बताए, साथ ही होली त्यौहार भाईचारे के साथ मिलजुलकर अच्छे से मनाने का सलाह निर्देश दिया।अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक ने बताया कि त्यौहार के दौरान किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।किसी तरह के कोई अनहोनी की सम्भवना पर तत्काल पुलिस को सूचने देने की बात बताया साथ शराब एवं गुटका बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश दिया।अगर गुटखा बिक्री करते हुए कोई दुकानदार पाया जाता है तो उसपर करवाई किया जाएगा।थाना प्रभारी सोनू पाठक ने कहा की साइबर क्राइम रोकने के लिए पब्लिक को जागरूक होना पड़ेगा ठग लोग नया नया तकनीक अपनाकर लॉगिन को ठगी कर रहे है. इस मौक़े पर. विश्वा सिंह ने फागुवा गाना प्रस्तुत किया। इस मौक़े पर अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक, इंस्पेक्टर दिनेश प्रजापती, थाना प्रभारी सोनू पाठक, अंचल निरिक्षक सीधेश्वर पासवान, सूरजन बड़ाइक, बिनोद बड़ाइक, सियाबर सिंह, देवकुमार सिंह, भानु सिंह, हीरा प्रधान, दिलराखन राय, माधव. सेनापति, किशोर सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

न्यूज बॉक्स

पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तंबाकू मुक्त सिमडेगा को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

सिमडेगा। पुलिस अधीक्षक सौरभ की अध्यक्षता में जिले के पुलिस पदाधिकारी का गुरुवार को एक दिवसीय कोटपा 2003 के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजन किया गया जिसमें राज्य परामर्शी राजीव कुमार के द्वारा कोटपा 2003 के अंतर्गत पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारी से अपील की गई कि जिले को पूरी तरह से तंबाकू मुक्त बनाने की मुहिम को जोर-शोर से किया जाए इसके तहत कोटपा 2003 के अंतर्गत सेक्शन 4A/B सेक्शन 6 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए साथ ही सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के द्वारा सभी थाना प्रभारी से कोटपा 2003 के अंतर्गत चेकिंग प्रक्रिया को जोर देने की अपील की गई ।वही विशेष अभियान 31 मार्च तक चलने का निर्देश दिया गया ।मौके पर जिले के पुलिस पदाधिकारी रणविजय सिंह एवं अन्य पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

होली पर्व को लेकर जलडेगा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

जलडेगा। जलडेगा थाना में होली को लेकर जलडेगा थाना परिसर में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में एसआई दुर्गेश कुमार ने होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से सभी जाती धर्म के लोगों के साथ मिल जुल कर मनाने को कहा वहीं किसी तरह का अपवाह नहीं फैलाने को कहा, अगर कोई अपवाह फैलता है तो तुरंत थाना में सुचना करने को कहा गया। वहीं अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस के द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में एसआई. सोनू कुमार, एसआई राजेश कुमार कुमार दास ,जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन , पतिआम्बा मुखिया बिमला देवी, कोनमेरला मुखिया अनिमल तोपनो, समाजसेवी मोतीलाल साहू, हेमसारण सिंह, राजू साहू , दीपक चीक बडाईक, अमर साहू, मुमताज़ अली, रामअवतार अगरवाल, तथा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

आरसी चर्च में तीर्थयात्री उपवास का हुआ समापन

बानो। प्रखंड के अन्तर्गत आर० सी ०चर्च गेरदा में आशा की तीर्थयात्री विनती उपवास के लिए आरसी मिशन चर्च सौबेड़ा के ख्रीस्त विश्वासियों ने अपना जीवन के लिए पुन्य प्राप्ति के लिए बिनती उपवास गुरुवार को सम्पन्न किया। इस अवसर पर विश्वासियों ने अपने परिवार एवं समाज के लिए मन्नतें मांगी। विनती उपवास का प्रवचन गेरदा चर्च के फादर भितुस केरकेट्टा एवं सिस्टर सुपीरियर प्रभा जी के द्वारा ईश वाचन का संदेश दिया गया। फादर भितुस जीवन केरकेट्टा ने कहा प्रभु ईसा मसीह के संसार मे आने जुबली वर्ष में ईश्वर का मनन करें। प्रभु ईसा मसीह के बताए मार्ग पर चल कर समाज की तथा धर्म की सेवा करें। मौके पर साहुबेड़ा चर्च के बहुत से ख्रीस्त विश्वासी उपस्थित थे। जिसमें उपाध्यक्ष अस्टींन होरो, मंगल तोपनो, अलेक्जेंडर कन्डुलना, कामिल डांग, उपवास की अगुवाई साहुबेड़ा चर्च के प्रचारक विजय कन्डुलना के द्वारा किया गया।

झामुमो सोय पंचायत समिति का हुआ गठन

बानो। बानो प्रखंड के सोय पंचायत के चबूतरा में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक समिति के निर्देशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत प्रभारी सुदगन सुरीन की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक मे सोय पंचायत समिति गठन को लेकर बैठक हुई।इस बैठक में पंचायत समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष संदीप समद ,उपाध्यक्ष अटल लुगुन, सचिव जोनसन जडिया,उप सचिव कोमल सुरीन कोषाध्यक्ष उम्बलन बडिंग को बनाया गया।कार्यकारिणी सदस्य सदस्य फ्रासिंस समद, रोशनी बेला समद अलीप समद, नमलेन जडिया, अनिल जडिया, कल्याण जोजो, असियन जोजो, जोहन तोपनो, कुंवर बडिंग, जेवियर जोजो, हरदुगन बडिंग, बेरसन बडिंग को बनाया गया।इस मौके पर सदस्यता अभियान चलाया गया तथा लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता ग्रहण कराया गया।

विवेकानंद शिशु मंदिर लचरागढ़ में 23 मार्च को होगा पूर्व छात्रों का समागम

कोलेबिरा। विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में 23 मार्च को पूर्व छात्र समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वाह्न 11:15 बजे किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरातन छात्र विद्यालय या संस्थान का वास्तविक पूंजी है।पूर्व छात्रों के बीच संबंध बनाए रखने और वर्तमान पीढ़ी से जोड़ने,छात्र एवम विद्यालय के बीच संबंध को मजबूत बनाए रखने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । पूर्व छात्र विद्यालय आकर विद्यालय कालीन अनुभव को जीवित कर अपना अनुभव साझा करेंगे। समागम में पूर्व के सभी प्रधानाचार्य उपस्थित रहेंगे।

भुरसाबेडा गांव में वन विभाग की मौजूदगी में वन सुरक्षा समिति की हुई बैठक

बानो। बानो प्रखंड के भुरसाबेडा चबुतरा मे गुरुवार को वन सुरक्षा समिति की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान स्टेफन मडकी व भुपेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर बानो वन विभाग के रेंजर अभय कुमार उपस्थित थे। बैठक मे वन सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया। नशामुक्त पंचायत बनने पर चर्चा किया। इस अवसर पर रेंजर अभय कुमार महुआ चुनने को लेकर जंगल मे आग नही लगाये। जंगल मे आग लगाने से पेड पौधो के साथ जंगली जानवारो को नुकसान पहुंचता है। जंगल को संरक्षित करने का दायित्व सबो को है। जंगल लोगो की जिविका उपार्जन का संधान है।ग्राम प्रधान भुपेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चो को पढाई को लेकर अभिभवक विशेष ध्यान दे। बच्चो को ननापन से दुर रहने के लिए प्रेरति करे। बच्चो के गलत आदतो व रास्तौ मे जाने से रोकने का प्रयास करे। जंगल मे आग नही लगाये। जंगल मे आग लगने पेड व पौधे के साथ जीव जंतु को भी हानि पहुंचती है।

बानो आदिवासी एकता मंच की बैठक, सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय

बानो। डाक बंगला परिसर बानो में गुरुवार को आदिवासी एकता मंच कोर कमेटी की बैठक मंच के सचिव अनूप मिंज की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया।सरहुल मिलन समारोह 01अप्रैल को दोपहर 1:00 बजे से सरना स्थल बानो से जुलूस शुरू कर बिरसा चौक होते हुए जयपाल सिंह मुंडा मैदान में समारोह का समापन किया जाएगा।बैठक में समारोह को लेकर विभिन्न बिंदु पर चर्चा किया गया।बैठक में प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। 1 अप्रैल को दोपहर 1:00 बजे से सरना स्थल बानो से जुलूस शुरू कर बिरसा चौक होते हुए जयपाल सिंह मुंडा मैदान में समारोह का समापन किया जाएगा.बैठक में विभिन्न बिंदु पर चर्चा किया गया।

प्रखंड में आवास निर्माण को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

बानो। पीएम आवास एवं अबुआ आवास निर्माण को लेकर प्रखंड सभागार में बीडीओ नयूमुद्दीन अंसारी की उपस्थितिबमे बैठक हुई। बैठक में पीएम आवास के सर्वे में गति लाने की बात कहते हुए बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में सत प्रतिशत आवास का सर्वे समय से हो जाना चाहिए। 2023/24 के अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों को कार्य शुरू कराने का निर्देश बीडीओ ने दिए। जिन लाभुकों को तीसरी किस्त मिल गई हैं उन्हें दिवाल प्लास्टर एवं अन्य कम जल्द कराने का निर्देश सभी पंचायत सेवक को दिए।उन्होंने बताया कि कार्य पूर्ण होने अगली किस्त की राशि दी जाएगी।2024/25 में जिसको आवास की पहली किस्त मिली है उसे निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का निर्देश बीडीओ ने दिए। बीडीओ ने आवास प्लस का सर्वे कार्य जल्द समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिए।

समसेरा में मैजिक गाड़ी पलटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

बोलबा। बोलबा प्रखंड समसेरा खापू टोली के पास गुरुवार देर। शाम अनुभव सुपर नामक मैजिक गाड़ी पलटने एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक बोलबा से समसेरा नकटीकच्छार की ओर जा रही अनुभव सुपर नामक मैजिक गाडीसमसेरा खापू टोली के पास अनियंत्रित होकर एक खेत में पलटी हो गई. जिसमें मनोज खाखा नामक व्यक्ति गंभीर चोट लगी है। वही कई लोगो को हल्की चोटे आई है घायलों को इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया।अस्पताल में. डा देबतोष भूटिया कई देख रेख में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर मिली बधाई

हेमंत सरकार की मनमानी अब नहीं चलेगी : प्रवीण

❑ नेता प्रतिपक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी झारखंड की जनता की आवाज बनेंगे और सत्तापक्ष को आईना दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ेंगे

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया है। भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार ने बाबूलाल मरांडी को बधाई दी। भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने उनके उत्कृष्ट कार्य को याद करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी झारखंड की जनता की आवाज बनेंगे और सत्तापक्ष को आईना दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने भाजपा रामगढ़ जिला की तरफ से केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद आभार व्यक्त किया और कहा कि झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर 6 मार्च को सर्वसम्मति से बाबूलाल मरांडी का चयन कर स्पष्ट संदेश देने का काम किया गया है कि अब हेमन्त सोरेन सरकार की मनमानी नहीं चलने वाली है। मैं उन्हें अपनी टीम के साथ बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाये जाने पर रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ संजय कुमार सिन्हा, इला रानी पाठक, प्रो संजय प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, दीपक सोनकर, राजेश ठाकुर, अभीतेश कुमार सिंह, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत चौधरी, धनंजय कुमार पुटूस, रूपा देवी, मल्लिका दत्ता, रंजना सिंहा, मीना विश्वास, मोहन पांडेय, विनोद मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

ट्राई की पहल से जनता को कराया गया अवगत

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा
ट्राई का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ता जागरूकता पैदा करना। इस उद्देश्य में, ट्राई, उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम (सी.ओ.पी), उपभोक्ता संगठनों के क्षमता निर्माण पर कार्यशालाएं और उपभोक्ता हितों और संरक्षण के मुद्दों पर सेमिनार आदि आयोजित करता है। इसी श्रृंखला में, ट्राई (क्षेत्रीय कार्यालय- कोलकाता) ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए ट्राई द्वारा की गई विभिन्न पहलों से जनता को अवगत कराने के लिए गुरुवार को चाईबासा स्थित होटल सैफरन सूट में ए उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। आम जनता के अलावा, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, उपभोक्ता संगठनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। असीम दत्ता आईआरआरएस, संयुक्त सलाहकार, ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता ने स्वागत भाषण में भारत में दूरसंचार और प्रसारण सेवा के विधायी और नियामक ढांचे, ट्राई की भूमिका/कार्य और ऐसे उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य और प्रयोजन के बारे में संक्षिप्त भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान निलय दत्ता, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से, प्रतिभागियों को मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी), शिकायत निवारण तंत्र, डेटा सेवाओं, प्रसारण नियमों और टैरिफ आदि से संबंधित विभिन्न उपभोक्ता केंद्रित नियमों, निर्देशों और आदेशों के प्रावधानों के बारे में शिक्षित किया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न मोबाइल ऐप (ट्राई माईस्पीड ऐप, ट्राई डीएनडी 3.0 ऐप, चैनल चयनकर्ता और ट्राई माईकॉल ऐप), टैरिफ पोर्टल और उपभोक्ता सशक्तीकरण के लिए ट्राई द्वारा विकसित नेटवर्क कवरेज मैप्स के लाभों के बारे में भी बताया गया उन्हें यू.सी.सी पर ट्राई के नए नियमों/निर्देशों के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें विभिन्न दूरसंचार धोखाधड़ी जैसे टावर धोखाधड़ी, धोखाधड़ी वाले संदेश/कॉल आदि के बारे में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

2 टन माइका जब्त, वन विभाग ने की कार्रवाई

गावां, गिरिडीह। गावां वन विभाग की टीम ने चरका पहाड़ और सदवा पहाड़ में अवैध माइका उत्खनन के खिलाफ गुरुवार को छापेमारी अभियान चलाया है। अभियान में कुल 2 टन माइका, छैनी, हथौड़ी, धामा, कुदाल आदि जब्त किया गया है। वन विभाग ने यह कार्रवाई रेंजर अनिल कुमार के निर्देश पर किया है। वनपाल राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि खदान संचालक को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा। छापेमारी में उपवन परिसर पदाधिकारी जिलाजीत कुमार, हीरालाल पंडित, सुरेश महतो, सुधीर बेसरा, आलोक मोहन पांडेय आदि मौजूद थे।

बीडीओ निशांत अंजुम ने किया कई विद्यालयों का निरीक्षण

गांडेय। उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर गांडेय बीडीओ निशात अंजुम ने गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के 5 विद्यालय का निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ ने पीएम श्री मध्य विद्यालय गांडेय, उच्च विद्यालय चरघरा, मध्य विद्यालय घाट कुल प्रतापपुर सहित अन्य दो विद्यालयों को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने पुस्तकालय अधिष्ठापन और चिल्ड्रेन इलीमेन्ट का सत्यापन किया। सभी विद्यालयों में पुस्तकालय अधिष्ठापन और चिल्ड्रेन इलीमेन्ट पाए गए। बता दें कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विभाग ने कई विद्यालयों में पुस्तकालय अधिष्ठापन (पुस्तक, ग्रीन ब्लैक बोर्ड, वाटर कूलर) मुहैया कराया था। बच्चों के खेलकूद के लिए चिल्ड्रेन इलीमेन्ट भी लगाया गया है।

एसएसबी ने मानव चिकित्सा शिविर का किया आयोजन, 206 लोगों का हुआ इलाज

तिसरी। 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय तिसरी द्वारा चंदौरी के मोदीबीघा में मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें द्वितीय कमांड अधिकारी डॉ. अनिल कुमार द्वारा आस-पास के 206 ग्रामीणों का मुफ्त इलाज व दवाइयां उपलब्ध कराई गई। बताया गया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एसएसबी द्वारा अपने कार्य क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल मौजूद थे।

अवैध बालू लदा वाहन जब्त,एफआईआर दर्ज

धनबाद । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा के निर्देश पर बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इस क्रम में बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जी.टी. रोड पर गणेश पेट्रोल पम्प के पास एक आईशर वाहन, रजिस्ट्रेशन नंबर जे.एच. 10 सी.डब्ल्यू. 6702, को बिना परिवहन चालान के बालू खनिज का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। टीम ने वाहन को जब्त कर बरवाअड्डा थाना को सुपुर्द कर दिया और सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। अभियान में खान निरीक्षक बसंत उरांव, सुमित प्रसाद, विनोद बिहारी प्रमाणिक एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

धनबाद के विभिन्न अस्पतालों व अल्ट्रा स्कैन सेन्टर का किया गया निरीक्षण

धनबाद। गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत साधना हॉस्पिटल,पल्स डाइग्नोस्टिक एवं ऋषभ हेल्थ केयर में औचक निरीक्षण किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया कोई अवैध गतिविधियों का जानकारी नहीं मिली। हालांकि जांच के दौरान किन्ही के पास फायर एनओसी नही मिली। इसलिए सभी से अन्य दस्तावेज की फोटोकॉपी प्राप्त कर उसकी अध्ययन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार नोटिस कर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम, एवं एनजीओ से पूजा रतनाकर मौजूद थे।

होली पर्व को लेकर ईस्ट बसुरिया ओपी में हुई बैठक

ईस्ट बसुरिया (धनबाद)। होली पर्व को लेकर गुरुवार को ईस्ट बसुरिया ओपी प्रांगण में शांति समिति की बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी रूपेश कुमार दुबे,संचालन लक्ष्मण पासवान व धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार महतो के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्यजनों ने अपना - अपना विचार रखा। जबकि, सर्वसम्मति से पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया।वहीं किसी भी प्रकार की असामाजिक सूचना पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की बात कही। ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार हैं।जिसे हमें मिलजुल कर शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए।किसी को भी जबरदस्ती रंग न लगाये।सहमति के बाद ही होली खेलें।होली में अश्लील गाने नहीं बजाये।अफवाह से बचें और उसे फैलने से रोके।ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस द्वारा गस्ती रहेगी एवं असामाजिक तत्वों तथा अवैध कार्य करने वालों पर विशेष नजर रहेगी।गलत पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में रंजीत सिंह,डब्लू सिंह,सुधीर यादव,मुकेश कुमार,संजय निषाद,मोहलीडीह सदर मो. मुख्तार,मो. जमील उर्फ फुल्टन,मनोहर महतो,दीपक कुमार महतो,लक्ष्मण पासवान,सुरेन्द्र चौहान,संजय पासवान,विवेक कुमार रवानी सहित अन्य मौजूद रहें।

अनिश्चितकालीन धरना ग्रामीणों का 12वें दिन भी जारी, कहा

जब तक जलापूर्ति बहाल नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा

नवीन मेल संवाददाता। बिरनी
बिरनी प्रखंड के बाराडीह पंचायत के 2 सालों से बंद पड़ा जल आपूर्ति के संबंध में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना 12 दिन से जारी है। ग्रामीणों का कोई सुध लेने वाला विभाग अब तक नहीं जागी है।बता दे कि विगत दिनों से बन्द पड़ा जलापूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का पानी से आने वाले दिनों में हाहाकार मच जाएगा। जिसके लिए इस समस्या ग्रामीणों को झेलना ना पड़े।इसलिए ग्रामीणों ने मन बना चुका है कि जब तक जलापूर्ति बहाल नहीं होगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना ग्रामीणों का जारी रहेगा।12वे दिन गुजर गया है। लेकिन फिर विभाग या अधिकारी इस ग्रामीणों का कोई सुध लेने वाला नहीं है।।अगर विभाग या अधिकारियों का ग्रामीणों के लिए कुछ दया होता तो फिर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन 12वें दिनों तक जारी नहीं रखता। इस ग्रामीणों ने 12वे दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे ग्रामीणों का अन्य पार्टियों दल के नेताओं पहुंचकर धरना पर बैठे ग्रामीणों का समर्थन करते हुए। सारे अन्य पार्टियों के नेताओं ने तस्वीर लेकर बड़े बड़े होडिंग लगाने के काम आया है। इस ग्रामीणों जो अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। उनके लिए कोई कुछ नहीं होने वाला है।

पूर्व में प्रखंड अधिकारी को सौंपा है ज्ञापन

अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे ग्रामीणों ने पूर्व दिनों में मशाल जुलूस निकालकर प्रखंड अधिकारियों का ज्ञापन सोपते हुए अनिश्चितकालीन धरना का नेतृत्व कर रहे हैं। समाजसेवी बबलू यादव ने समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ज्ञापन सौंपते हुए अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि अगर जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो फिर अमरण अनशन शुरू करेंगें और लोग धरने को उतारू हो जाएंग।

क्या कहते हैं विधायक : नागेंद्र महतो

इस मामले जब बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने कहा की इस जलापूर्ति ठप का मामले मेरे सज्ञान में आते ही जिला उपायुक्त को जानकारी दिया गया है। उन्होंने कहा कि कनीय अभियंता को एस्टीमेट बनाने का आदेश दिया है। इस पर कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक, दिए कई दिशा निर्देश

बच्चों को पढ़ाने के अलावे उनके समग्र विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने समग्र शिक्षा अभियान के गतिविधियों, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, खेलो झारखंड एक्सपेंडिचर, यूको क्लब एक्सपेंडिचर, विद्यालय में बच्चों की इनरोलमेंट, पोषाक वितरण, डिजिटल शिक्षा, साइकिल वितरण, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालय में सत्र 2024-25 का नामांकन, स्कूल कीट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आईसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास, छात्रवृति, विद्यालयों लायब्रेरी की उपलब्धता व मध्याह्न भोजन से संबंधित समीक्षा की. समीक्षा बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में जिला शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया। बैठक में उपायुक्त ने बच्चों का आधार बेसिस अपार आईडी बनाने में आ रही है समस्या से अवगत हुई एवं इसे दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया। उपायुक्त ने यूनिफॉर्म के लिए कक्षा 3 से 12 के छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत आंकड़ा जिला में 2 दिन के अंदर उपलब्ध करवाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारी से कहा मध्यान भोजन मेन्यू के अनुसार उपलब्ध करवाने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। मध्यान भोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो इसकी रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संबंधित अधिकारी विद्यालय में शिक्षा से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति और ससमय काउंसलिंग करवाना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने के अलावा उनके समग्र विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को शिक्षित करने में किसी भी प्रकार की कोई कमी ना रहे इसके लिए सीएसआर, योजना विभाग एवं डीएमएफटी फंड के माध्यम से जिले में शिक्षा के स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही है।

उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान 2025 को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि यह रथ हजारीबाग जिले में 05 मार्च 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक तिथि वार लगने वाले पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान-2025 को लेकर रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित पंचायत में लगने वाले शिविर में लोगों को सड़क सुरक्षा मानकों की विशेष जानकारी दी जाएगी ' इस नेक कार्य को कर रहे सदस्य एवं सभी सहयोगी धन्यवाद के पात्र हैं' रोड सेफ्टी हिट एंड रन के सदस्य सुनील कुमार ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान- 2025 को लेकर पंचायत में लगने वाले शिविर में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर सड़क सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। वहीं इच्छुक व्यक्ति अपना-अपना ड्राइविंग लाइसेंस एप्लीकेशन फॉर्म अप्लाई करें एवं दूसरे लोगों को भी शिविर में शामिल होने हेतु प्रेरित करें।

आस्था : श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव 8 व 9 मार्च को होगा भव्य रूप से आयोजित

हजारीबाग । श्याम भक्त परिवार द्वारा आयोजित श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव 8 एवं 9 मार्च को श्रद्धा व भक्ति के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर श्याम भक्त परिवार के प्रतिनिधि मंडल ने इस भव्य आयोजन के लिए हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय जी से भेंट की और उन्हें 8 एवं 9 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया। नैंसी सहाय ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया और कहा कि वे 9 मार्च को बाबा श्याम की ज्योत लेने तथा बाबा के दर्शन के लिए अवश्य उपस्थित रहूंगी, उनकी इस उपस्थिति से श्याम भक्त परिवार एवं श्रद्धालु भक्तों में अत्यंत हर्ष और उल्लास का माहौल बना हुआ है। 8 मार्च को राणी सती मंदिर प्रांगण से भव्य निशान ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु बाबा श्याम के निशान को अपने हाथों में लेकर जयकारे लगाते हुए मुनका बगीचा प्रांगण तक जाएंगे। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन की मधुर धुनों पर भक्त झूमते हुए भक्ति में लीन हो जाएंगे। वहीं 9 मार्च को मुनका बगीचा प्रांगण में संध्या 5:00 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

महूदी विवाद के समाधान के लिए सक्रिय हुए सांसद मनीष जायसवाल

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के महुदी में रामनवमी जुलूस को लेकर विवाद है जिसके कारण पिछले कई वर्षों से महुदी का जुलूस का आयोजन नहीं हो पा रहा है। महूदी विवाद को सुलझाने के प्रयास को लेकर गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में महुदी एवं बड़कागांव के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय से मिला और उनके साथ एक बैठक हुई । सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक पहल के द्वारा इस विवाद को सुलझाने एवं महुदी की जुलूस को हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित कराने का आश्वासन उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा दिया गया। मौके पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र नारायण सिंह, भाजपा बड़कागांव पूर्वी के मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव के पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, बड़कागांव के उप- प्रमुख बचन देव कुमार, महुदी के ग्राम अध्यक्ष सीताराम राणा, महुदी के भाजपा नेता राज कुमार राणा व महुदी के स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

तिसरी में 10 मार्च से संथाल क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज

तिसरी । तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में आगामी 10 मार्च से संथाल क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। संथाल युवा क्लब तिसरी द्वारा आयोजित इस 4 दिवसीय नॉकआउट मुकाबले में केवल संथाल खिलाड़ी ही भाग ले सकते है। हालांकि प्रत्येक टीम से तीन गैर संथाल खिलाड़ियों के खेलने की अनुमति होगी। इस रोमांचक टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। जिसमें लोकल टीमों के अलावे बंगाल के आसनसोल, बिहार के बाम्दाह,धनबाद,जमशेदपुर, देवघर, गोड्डा और रामगढ़ की टीमें भी शामिल होंगीं। इसटूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के पुत्र सनातन मरांडी उपस्थित रहेंगे। इस बाबत संथाली युवा क्लब के अध्यक्ष राम किस्कू ने बताया कि लगभग तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस टूर्नामेंट में प्रथम स्थान लाने वाली टीम को 50000 के साथ कप, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 30000 के साथ कप, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15000 देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची।
शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित "Expression of Interest is invited by Drinking Water and Sanitation Department, Government of Jharkhand for third party inspection of materials for quality assurance to be used by the Department. All the empanelled / to be empanelled Third Party Inspection Agency are requested to follow the procedure of inspection and also requested to submit information in the prescribed formats and supporting documents exclusively through Online bidding for ongoing and forthcoming Water Supply Schemes funded by Jal Jeevan Mission / 15th Finance Funds / Funds from other sources in Jharkhand." (RFP No. – 04/CDO/Ranchi/TPIA/2024-25) जिसका **PR. No.-347415 Drinking Water and Sanitation (24-25) _D** है, में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

पूर्व में Name of Scheme

1. Tender Notice के कंडिका–8 Performance Guarantee should be Rs 2,50,000/- (Rupees Five Lakhs Fifty Thousand Only) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West payable at Ranchi. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Seven years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. (As per IT & e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department. EoI application fee, Performance Guarantee & Bid Documents separately in Online Mode shall be deposited. Only those applications will be entertained whose EoI application fee, Performance Guarantee & bid documents is being received separately and properly superscripted in Online Mode. The office of Executive Engineer D.W. & S. Division, Ranchi West Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online Method.
2. Background information & brief particulars along with the formats for providing information के कंडिका–6 u.

Category No.	Category	IAF Scopes	Field of Inspection and Specific Items
(i)	Ferrous Product	14	DI Pipe, DI Pipe Fittings, MS Pipe, GI Pipe, Hand Pump Set ,Similar Product and etc.
(ii)	Non-Ferrous Product	17	uPVC casing Pipe, HDPE Pipe, MDPE Pipe, Water Storage Tank, Similar Product and etc.

संशोधित Name of Scheme

1. Tender Notice के कंडिका–8 Performance Guarantee should be **Rs 2,50,000/- (Rupees Two Lakhs Fifty Thousand Only)** through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West payable at Ranchi. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Seven years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. (As per IT & e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department. EoI application fee, Performance Guarantee & Bid Documents separately in Online Mode shall be deposited. Only those applications will be entertained whose EoI application fee, Performance Guarantee & bid documents is being received separately and properly superscripted in Online Mode. The office of Executive Engineer D.W. & S. Division, Ranchi West Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online Method.
2. Background information & brief particulars along with the formats for providing information के कंडिका–6 u.

Category No.	Category	IAF Scopes	Field of Inspection and Specific Items
(i)	Ferrous Product	17	DI Pipe, DI Pipe Fittings, MS Pipe, GI Pipe, Hand Pump Set ,Similar Product and etc.
(ii)	Non-Ferrous Product	14	uPVC casing Pipe, HDPE Pipe, MDPE Pipe, Water Storage Tank, Similar Product and etc.

शेष यथावत रहेगा।

PR 347941 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

सदा अपने मन की पृष्ठभूमि में अपने प्रिय परमपिता को संबोधित कर, एक भक्ति गीत यह याद रखते हुए गुनगुनाते रहिए कि आपकी समस्त क्षमताएं उनके ही उपहार हैं। **श्री श्री परमहंस योगानंद**

संपादकीय

टैरिफ से बाजार बेहाल पर भारत है आकर्षक

2024 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने वाले भारतीय शेयर बाजार में उसके बाद से उल्लेखनीय गिरावट आई है और निवेशकों के 87 लाख करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी डूब गई है। निवेशक कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिसमें आर्थिक एवं कॉरपोरेट आय वृद्धि में सुस्ती, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का लगातार बाजार से पैसे निकालना, वैश्विक स्तर पर व्यापक आर्थिक अनिश्चितताएं और भारतीय शेयरों का उच्च मूल्यांकन शामिल है। इसके अलावा, 'ट्रंप टैरिफ' का प्रभाव, मजबूत अमेरिकी डॉलर और अन्य बाजारों की तुलना में अमेरिका की सापेक्ष आर्थिक मजबूती ने भी मंदी में योगदान दिया है। सितंबर, 2024 की तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर खराब रही। कमजोर होती घरेलू मांग और लगातार प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति के साथ-साथ संसदीय चुनावों के कारण मार्च से जुलाई, 2024 तक कम सरकारी व्यय के कारण अर्थव्यवस्था के तीन स्तंभों में कमजोरी देखने को मिली-व्यक्तिगत उपभोग व्यय, सरकारी व्यय और निजी फर्म का पूंजीगत व्यय, सभी प्रभावित हुए। चौथे स्तंभ, निर्यात को भी वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भारत की जीडीपी वृद्धि दर, जो वित्त वर्ष 2023-24 में सात फीसदी से ज्यादा थी, अब वित्त वर्ष 2024-25 में छह फीसदी के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस मंदी ने कॉरपोरेट लाभप्रदता और बाजार प्रदर्शन के बारे में निवेशकों की उम्मीदों को घटा दिया है। भारत में कॉरपोरेट आय, जो महामारी के बाद अच्छी रही थी, में भी तनाव के संकेत दिखने लगे हैं। कच्चे माल और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने लाभ के अंतर को कम कर दिया है।आईटी, फार्मास्युटिकल्स और टेक्सटाइल जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को कम ऑर्डर का सामना करना पड़ रहा है। आरबीआई की सख्त मौद्रिक नीति ने ऋण लेने की लागत बढ़ा दी है, जिससे रियल एस्टेट और बैंकिंग जैसे क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जबकि एमएफआई सेगमेंट और असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण तनाव के संकेत दिखा रहे हैं। एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सहित उपभोक्ता-केंद्रित क्षेत्रों में मांग में कमी देखी गई है, खासकर शहरी अर्थव्यवस्था में। आय में धीमी वृद्धि के कारण भारतीय शेयरों का उच्च, प्रीमियम मूल्यांकन और भी अधिक बढ़ा हुआ लग रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम क्षणों में बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई। ट्रंप के संरक्षणवादी, अमेरिका पहले की बयानबाजी के चलते निवेश का प्रवाह और भी ज्यादा सुरक्षित ठिकानों की ओर बढ़ गया। विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय इक्विटी में शुद्ध विक्रेता रहे हैं, जो बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख कारक हैं। भारत के बाजारों में 850 अरब डॉलर से अधिक का एफपीआई निवेश है। अमेरिकी शेयर बाजार के बेहतर प्रदर्शन, मजबूत अमेरिकी डॉलर, अमेरिका में उच्च ब्याज दरें और भारतीय अर्थव्यवस्था/आय में मंदी के कारण अक्तूबर, 2024 से एफपीआई द्वारा तेजी से बिकवाली की गई। भारत सहित सभी उभरते बाजारों में निकासी देखी गई। अमेरिकी बाजारों ने 2023 और 2024, दोनों वर्षों में 20 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है, और मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 और उसके बाद के लिए भी मजबूत पृष्ठभूमि प्रदान कर रही है।

भारत की जीडीपी वृद्धि दर, जो वित्त वर्ष 2023-24 में सात फीसदी से ज्यादा थी, अब वित्त वर्ष 2024-25 में छह फीसदी के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।

हिंदी भाषी राज्यों को बोलियों में बांटने का राजनीतिक षड़यंत्र

भारत एक विशाल देश है जहां विभिन्न जाति, धर्म, समुदाय, भाषा और बोलियां आज भी प्रचलन में हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में 19,500 से अधिक भाषाएँ और बोलियाँ बोली जाती रही हैं (2011 की जनगणना के अनुसार)। इनमें से लगभग 121 भाषाएँ ऐसी हैं जिन्हें 10,000 से अधिक लोग बोलते हैं जबकि भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में केवल 22 भाषाएँ मान्यता प्राप्त हैं। यूनेस्को की "एटलस आफ दी वर्ड लेग्यूजेज इन डेंजर" रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 197 भाषाएँ विलुप्तप्राय हैं। इनमें से पिछले कुछ दशकों में विलुप्त हुई भारतीय बोलियों/भाषाओं में प्रमुख रूप से नाम आता है अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अका-कोरा, अका-बो(2010 में अंतिम ज्ञात व्यक्ति का निधन), अका-जेरी, अका-बेया का उत्तर प्रदेश की मोरी का उत्तर भारत की सारास्वती की, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की रंगबोल का; झारखंड और पश्चिम बंगाल के आदिवासी समूह में बोली जाने वाली माल्टो;पश्चिम बंगाल के टोटो समुदाय द्वारा बोली जाने वाली टोटो का ;अरुणाचल प्रदेश में बोली जाने वाली कुछ मोनपा उपबोलियां का।जबकि हिमाचल प्रदेश में प्रचलित कुमार भाषा,कर्नाटक में बोली जाने वाली तोड़ो, कोडागु , तमिलनाडु की टोडा, झारखंड की माल्तो अरुणाचल प्रदेश में बोली जाने वाली सिअंग भाषा आदि विलुप्तीकरण की कगार पर हैं। कुछ व्यक्तियों द्वारा समय समय पर हिंदी के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए तथा अंग्रेजी के प्रभाव को बनाए रखने के लिए कुछ भाषाओं और बोलियों के कम उपयोग में आने के कारणों में हिन्दी को जिम्मेदार ठहरा कर राष्ट्र भाषा बनने से रोकने की कोशिश समय समय पर की जाती रही है । वस्तुतः किसी भाषा या बोली का विलुप्त होना एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें कई कारक शामिल होते हैं।

जैसे शिक्षा और रोजगार के लिए मुख्य भाषाओं की ओर झुकाव,गाँवों से शहरों की ओर तथा भारत से विदेशों की ओर पलायन,युवा पीढ़ी का अपनी पारंपरिक बोलियों को बोलने में रुचि नहीं लेना, टेलीविजन, इंटरनेट, और सोशल मीडिया का मुख्यधारा की भाषाओं को बढ़ावा देना तथा बोलियों पर ध्यान न देना, छोटे समूह की बोलियों को पिछड़ापन का प्रतीक समझना।कई बार संस्कृतिकरण और भाषाई मिश्रण के कारण भी एक भाषा या बोली दूसरी भाषा में घुलमिल जाती है और अपनी मौलिक पहचान खो देती है। वहीं कई बोलियों को जानने वाले, प्रयोग में लाने वालों की आबादी बहुत ही कम होती और बहुत ही संकुचित और दुर्गम क्षेत्र में फैली रहती है (कुछ आदिवासी समुदाय आदि),इनकी आबादी के घटने से, समाप्त होने से भी बोलियां समाप्त हो जाती है। आजकल देश में अंतरजातीय के साथ अंतर-भाषायी विवाह ज्यादा होने लगे हैं जहां एक कॉमन भाषा (जैसे हिंदी या अंग्रेज़ी) को आपसी वार्तालाप का माध्यम बनाने के प्रयास में बोलियां चलन से बाहर हो रही हैं। भाषाविदों का यहां तक मानना है कि भाषा सामान्यतः विलुप्त नहीं होती है क्योंकि इनकी अपनी लिपि होती है, समृद्ध व्याकरण होता है और अपना लिखित साहित्य होता है जबकि बोलियों में इन तीनों का अभाव होता है, इसलिए विलुप्त होने की संभावना भी सबसे ज्यादा।

ऐसे में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री द्वारा यह कहना कि उत्तर प्रदेश और बिहार कभी हिन्दी हार्ट लैण्ड नहीं थे,हिंदी ने क्षेत्रीय भाषाओं को निगल लिया तथा हिन्दी के चलते कई क्षेत्रीय भाषाएं अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं तथा एक अखंड हिंदी की पहचान की कोशिश ही प्राचीन भारतीय भाषाओं को खत्म कर रही है जैसे भोजपुरी, मैथली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खड़िया, खोरठा, कुरमाली,कुरुख, मुंडारी आदि। क्या इस तरह का बयान निकट भविष्य में बिहार और उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा के चुनाव को ध्यान में रख कर दिया गया है? या गैर हिंदी भाषी लोगों के वोट को आकर्षित करने की कोशिश है। क्या इस तरह के बयान समाज को बोलियों के आधार पर बांटने का काम नहीं करते? जबकि पहले से ही हमारा देश विविध जाति, धर्म, संप्रदाय और क्षेत्रीय भाषाओं में बटा हुआ है। क्या इस तरह के बयान राष्ट्र भाषा हिंदी का सोची समझी राजनीति के तहत किया गया अपमान नहीं है? यहां एक प्रश्न यह भी खड़ा होता है कि दक्षिण की कुछ बोलियां जो अंतिम सांसें ले रही है उसके लिए भी क्या हिंदी जिम्मेदार है? जबकि वहां हिंदी का उपयोग तो स्थानीय लोगों द्वारा न के बराबर किया जाता है। भारतीय भाषाओं के बोलने वालों को विभाजित करने,आपस में लड़ाने की पहली बार कोशिश हो रही है ऐसा नहीं है पहले भी अंग्रेजों के प्रशासन में(1757 में प्लासी की लड़ाई से 1947 में स्वतंत्रता तक) अंग्रेजी को बढ़ावा देने के लिए के लिए तथा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को हांसिए पर लाने के, उनके प्रभाव को कम करने के लिए दमनकारी नीतियां अपनाई गई। 'मैकाले मिनट'(1835) के तहत अंग्रेजी को सरकारी कामकाज और शिक्षा की भाषा बना दिया गया, उच्च शिक्षा और सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी को अनिवार्य कर दिया गया, आदालतों के काम काज में अंग्रेजी को प्राथमिकता दी गई, अंग्रेजी जानने वालों को उच्च पदों पर बैठाया गया। इतना ही नहीं हिंदी बोलने वालों को कमतर समझा गया,हेय दृष्टि से देखा जाने लगा। इसे हिन्दी की स्वीकार्यता ही कहेंगे कि अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के बाबजूद न सिर्फ हिंदी आपना अस्तित्व बनाए रखने में सफल रही अपितु स्वतंत्रता आंदोलन में आंदोलनकारियों को एकजुटता रखने की भाषा बनी। एक बार पुनः विदेशी भाषा (अंग्रेजी) के मोह में अपने देश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तथा राजभाषा का सम्मान प्राप्त हिंदी को उसकी अपनी बोलियां के विरुद्ध खड़ा करने का षडयंत्र रचा जा रहा है, बोलियों के जानने वालों की घटती संख्या के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

यहां यह समझना आवश्यक है कि भारत ही नहीं पूरा विश्व अपने यहां की कई बोलियों के विलुप्त होने से या जानने वालों की घटती संख्या से परेशान हैं। एक अनुमान के अनुसार मानव इतिहास के प्रारंभ से आज तक लगभग 30,000 भाषाएं विलुप्त हो चुकी है। दुनिया में आज 7000 जीवित भाषाएं है जिनमें से 3000 लुप्त प्रायः है। पीपुल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार 780 भाषाएं बोलियां हैं जिनमें से 400 भाषाओं को आगामी 50 सालों में विलुप्त होने का खतरा है।भारत में ही पिछले 50 वर्षों में 250 भाषाएं जिन्हें हम बोलियां भी कह सकते हैं, विलुप्त हो गई हैं। इस सदी के प्रारंभ में ही अंडमान की अका-जेरु (2009) , अका-बो (2010) , अका-कारी (2020) बोलियां विलुप्त हो गई है। इतना ही नहीं भारत की 19569 मातृ भाषाओं में से आज केवल 121 बोलियां ही बची हैं, जो आज संकटापन्न नहीं है(हम संकटापन्न उन भाषाओं को कहते हैं जिनके बोलने वालों की संख्या 10000 से कम हो गई है)।भारत के लगभग सभी शिक्षाविदों का यह मानना है कि भारत की भाषाई विविधता अद्वितीय है, और इसे संरक्षित करना हमारी सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए आवश्यक है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात

डा मनमोहन प्रकाश

ट्रंप का गणित, दुनिया भ्रमित

दुनिया तेजी से बदलती है...। और उससे भी ज्यादा तेजी से बदलते हैं वे देश, जो अपने हित के लिए पूरी व्यवस्था बदलने का माद्दा रखते हैं। अमेरिका इस मामले में अकेला देश है, जो खेल का नियम अपने लाभ के लिए बनाता है। राष्ट्रपति ट्रंप अकेले उदाहरण नहीं हैं। कुछ लोग भले ही उनको सनकी मान रहे हों, पर इसके पहले भी अमेरिका फर्स्ट के नारे को साधने के लिए नियमों के साथ खिलवाड़ अमेरिकी हुक्मरानों ने किया है। पिछले चार दशकों में अमेरिकी मनमानेपन के शिकार कई देश हुए हैं। इराक, अफगानिस्तान, ईरान जैसे देश कुछ तो अपने कारण, और बहुत कुछ वाशिंगटन नीति के कारण ही तबाह हुए।

पिछली सदी के 90 के दशक में यह अमेरिका और उसके साथ जुड़े कुछ खास दोस्त ही थे, जिन्होंने डंकल प्रस्ताव लाकर पूरी दुनिया के व्यापार को एक साथ अपने इशारे पर चलने का कुचक्र रचने का सफल प्रस्ताव किया, कृषि पर ट्रिप्स और व्यापार पर ट्रिम्स लागू कर सभी देशों को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश की गई। ट्रिप्स प्रावधानों में यहां तक ज्यादती की गई, कि इन समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाला देश अपने गरीब किसानों को कोई सब्सिडी न देने पाए। एक तरफ अमेरिका और यूरोप अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में आसानी से उतारने के लिए अपने यहां भारी इनसेंटिव दे रहे थे और दूसरी तरफ भारत जैसे विकासशील देशों पर तरह के प्रतिबंध लगा रहे थे। जब देश में प्रधानमंत्री के रूप में भाजपा के सर्वशक्तिमान नेता अटल बिहारी वाजपेयी विराजमान थे, तब अमेरिका ने मात्रात्मक प्रतिबंध नियमों के बहाने कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब मदनलाल खुराना संसदीय कार्य मंत्री थे। उन्होंने मात्रात्मक प्रतिबंध का अमेरिकी फैसले का पुरजोर विरोध किया था, तब उनको अपना पोर्टफोलियो खोना पड़ा था। अमेरिका तब पाकिस्तान के प्रेम में था और अपना प्रभाव पाकिस्तान को भारतीय कोप से बचाने में भी करता था। तब जार्ज बुश ने पाकिस्तान को तो अपने हित साधने के लिए एफ 16 युद्धक विमान दे दिया, लेकिन भारत के लिए इनकार कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार के नए नियम बनाना और चलाना चाहते हैं। उनके लिए कोई देश उनका अपना नहीं है, भारत भी नहीं। तमाम विशेषज्ञों ने ये दावे किए थे कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को निभाते हुए ट्रंप भारत के खिलाफ कोई आक्रामक रुख अख्तियार नहीं करेंगे। पर ये सारे कयास धरे के धरे रह गए। जो व्यवहार ट्रंप ईर्ष्यावश मैक्सिको के साथ कर रहे हैं, वही व्यवहार वह भारत के साथ भी करते दिख रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात

विक्रम उपाध्याय

नारी है स्नेह का स्रोत और मांगल्य का महामंदिर

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और उनके हक की लड़ाई की कहानी बयां करता है। इस वर्ष की थीम "एक्सीलरेट एक्शन" यानी 'कार्रवाई में तेज़ी लाना' और "तेजी से कार्य करना" रखी है। यह थीम हमें बताती है कि महिलाओं को अपने ऊपर बहुत मेहनत और तेजी से काम करने की जरूरत हैं। यह लोगों, सरकारों और संगठनों को महिलाओं के उत्थान, समान अवसर प्रदान करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। इस दिवस का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह दिन महिलाओं के सशक्तिकरण, समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और राजनीति में उनके योगदान को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और अवसरों की वकालत करता है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का है।

नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हो या केन्द्र में वित्तमंत्री, खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये।

बीसवीं सदी की शुरुआत में महिलाओं ने अपने अधिकारों और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग शुरू की थी। 1908 में न्यूयॉर्क में पन्द्रह हजार महिलाओं ने उचित वेतन और मतदान अधिकारों की मांग करते हुए मार्च निकाला। 1909 में अमेरिका ने पहली बार "राष्ट्रीय महिला दिवस" मनाया। 1910 में, जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बनाने का सुझाव दिया। 1911 में कई देशों में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में, रूस की महिलाओं ने हड़ताल कर बेहतर परिस्थितियों की मांग की, जिससे 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में इसे औपचारिक रूप से मान्यता दी, जिससे यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन बन गया। यह दिवस केवल जश्न का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक लैंगिक समानता पूरी तरह हासिल नहीं होती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भूरण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर यह दिवस एक सार्थक वातावरण का निर्माण करने की आवश्यकता को व्यक्त करता है। जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

ललित गर्ग

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 8 मार्च, 2025

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

बिना वेश बदले यहाँ, चल जाता है काम।
'मारीचों' ने ठग लिए, जाने कितने 'राम'।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

तब खुद-ब-खुद तैयार हो जाएगा विकसित भारत का कारवां

विकसित भारत का नारा देशभर में गूंज रहा है। इस निमित्त सरकार विकास की अनेक योजनाएं चला रही हैं। सड़क, सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में लगातार कार्य हो रहे हैं। महिला सशक्तीकरण को लेकर सरकार बहुत गम्भीर दिख रही है। ये सभी विकसित भारत की दिशा में सुन्दर संकेत दे रहे हैं। आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तीकरण एक विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां देखो, लोग नारी की चर्चा करते मिलते हैं। कहते हैं, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते है। नारी सशक्ती--करण के लिए सबसे पहले जरूरी है नारी के प्रति समाज को जागरूक करना। उन्हें समाज में वह इज़्ज़त दिलानी होगी, जिसकी वह पहले से ही हक़दार हैं। इससे आगे बढ़ें, तो महिलाओं का शिक्षित होना सशक्तीकरण का पहला पायदान है। शिक्षा से ही महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे बढ़ पाती हैं। सदियों से हम कहते-सुनते आये हैं कि यदि घर-परिवार में एक महिला पढ़ी-लिखी हो, तो उस परिवार के पूरे लोग पढ़ लिख जायेंगे। महिलाओं ने इसे सच करके भी दिखाया है। सभी जानते हैं कि सदियों पहले, लाखों-लाख महिलाएं ऐसी थीं, जिन्हें पढ़ना लिखना नहीं आता था। मगर, वे अपने घर-परिवार को पूरी ताकत से और बहुत ही सलीके से सम्भालती थीं। तब इतने संसाधन भी नहीं थे। फिर भी हर काम वक्त पर और करीने से कर लिया जाता था। बहरहाल, बदलते समय के साथ महिलाएं भी बदलीं। आज वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं, बल्कि हर मैदान में अपनी फतेह का परचम लहराया है। चाहे वह खेल का मैदान हो, राजनीति हो,नौकरी, सोशल वर्क ,ज्यूडिशियरी या बड़े पद पर आसीन होने के साथ साथ ग्रामीण स्तर पर भी महिलाएं, कई सारी पदों पर विराजमान है,मिसाल के तौर पर देखा जाए तो ग्रामीण महिलाएं सरकार के तमाम योजना से जुड़ कर काम कर रहीं है। आंगनबाड़ी हो या फिर स्वास्थ्य क्षेत्र हो हर क्षेत्र में इन्होंने परचम लहराया है। अब हालात के साथ वक्त भी बदल गया है, आज महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं वो जहाज़ उड़ाने से लेकर चांद के पार तक सफ़र कर चूंकि है,और इन सब को करने में सरकार का काफ़ी योगदान रहा है, सरकार ने हर मैदान में महिलाओं को आगे रखा है, कल तक जिसे बहुत कुछ नहीं आता था आज वो भी एक सफ़ल कार्य कर अपने घरों को चला रही है, खास कर देखा जाए तो बगैर पढ़ी लिखी महिलाएं भी आज एक सफ़ल बिजनेस वूमेंस बन कर उभर रहीं हैं या यूं कहें उभरी हैं,क्योंकि सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई है उसमें सबसे ज़्यादा भागीदारी महिलाओं का ही रहा है,चाहे वो शहरी इलाका हो या ग्रामीण स्तर। ऐसे देखा जाए तो ग्रामीण महिलाएं आज बहुत ही आगे है,क्योंकि वो तरह तरह के रोज़गार से जडीं कर अपना आजीविका चला रही है। और ये तमाम बातें हमें विकसित भारत की ओर ले जा रहा है,हमारे सपने साकार हुए हैं, केन्द्र और राज्यों की सरकारों ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अच्छे कदम उठाये हैं। सरकारी योजनों से उन्हें लगातार लाभान्वित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा ऋण, उज्ज्वला योजना समेत अन्य कई योजनाएं इस बाबत उल्लेखनीय हैं। ये सभी स्वागत-योग्य कदम हैं। लेकिन, विकसित भारत की राह हमारी तब और आसान हो जायेगी, जब गरीबी-बेरोजगारी के खिलाफ भी राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाये। यह अत्यन्त आवश्यक है। रोजी-रोटी की समस्या सुलझती रहे, तो हमारा कार्य और सुगम हो जायेगा। इन सबके बीच जो सबसे आवश्यक बिन्दु है, वह है सौहार्द का सशक्तीकरण। प्रेम और भाईचारे को मजबूती देकर ही यह सम्भव है। पूरी दृढ़ता के साथ कहा जा सकता है कि जब सौहार्द का सशक्तीकरण हो जायेगा, विकसित भारत का कारवां तब ख़ुद ब-खुद तैयार हो जायेगा। ***(लेखिका रांची स्थित वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके निजी विचार हैं।)***

अलग बात

शेख तंजीला नाज़

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

मध्य प्रदेश के दमोह में गरीब महिलाओं के लिए वरदान

'पीएम विश्वकर्मा योजना' से घर बैठे कर रहीं कमाई

एजेंसी। दमोह

केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक 'पीएम विश्वकर्मा योजना' गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से गरीब महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ गई हैं। अब वे कमाई कर अपने परिवार का खर्च चला रही हैं।

दरअसल, मध्य प्रदेश के दमोह जिले के नंदपुरा गांव में छह आदिवासी महिलाओं ने 'पीएम विश्वकर्मा योजना' का फॉर्म भरा था। इसके बाद उन्होंने तीन महीने तक सिलाई मशीन, कपड़ों की बुनाई जैसे कामों की मुफ्त ट्रेनिंग ली। प्रशिक्षण के बाद वे घर पर सिलाई-कढ़ाई का काम करके परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। लाभार्थी विद्या बाई गौंड ने आईएएनएस को बताया, "मैंने 'पीएम विश्वकर्मा योजना' का ऑनलाइन फॉर्म भरा था। इसके बाद मैंने ट्रेनिंग ली। मैंने घर पर ही एक छोटी सी दुकान बनाई है। मैं यहां सिलाई का काम करती हूं, इससे ही घर का पालन-पोषण कर पा रही हूं।" उन्होंने कहा, "मेरे तीन बच्चे हैं और मैं सिलाई का काम कर रोजाना करीब 150 से 200 रुपये कमा लेती हूं। मैं पीएम मोदी का आभार व्यक्त करती हूं, जो मुझ जैसी गरीब महिलाओं के बारे में सोचते हैं। मेरी अपील है कि वे ऐसे ही हमारी रक्षा करते रहें।"

लाभार्थी रजनी ने बताया कि वह नंदपुरा में रहती हैं। तीन महीने पहले 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरा था। इसके बाद मुझे सात दिन का प्रशिक्षण मिला। उन्होंने कहा, "मैं इस योजना से जुड़कर खुश हूं। मुझे सिलाई करके रोजाना 200 से 500 रुपये की आमदनी हो जाती है।"इस योजना के तहत पहले कारीगरों को पांच दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण और 15 दिनों का उन्नत प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, कारीगरों को प्रतिदिन 500 रुपये का मेहनताना भी दिया जाता है। ट्रेनिंग में सफल होने पर कारीगरों को 15 हजार रुपये तक की सिलाई मशीन खरीदने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है, और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर कारीगरों को तीन लाख रुपये तक का लोन भी दिया जाता है।

कोई भी नशीला पदार्थ बेचता दिखे तो बताएं, होगी कार्रवाई : सीएम

एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को मोहाली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि अगर कहीं पर कोई नशीला पदार्थ बेचता दिखे, तो फौरन उसकी जानकारी दें। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। भगवंत मान ने सिटी सर्विलांस और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद ये बातें कही। उन्होंने अपने संबोधन में मुख्य रूप से पंजाब में नशे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा, "हमने पंजाब में नशे के खिलाफ एक युद्ध छेड़ा है। यह फैसला एक दिन में लिया जाने वाला फैसला नहीं है। इसे लेने में लंबा समय लगा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि ड्रग्स की सप्लाई लाइन तोड़ दीजिए। अब सप्लाई लाइन तो आप दो दिन में तोड़ देंगे, लेकिन इससे काम नहीं चलेगा। अगर आप सप्लाई लाइन तोड़ेंगे, तो इससे हमारे युवा नशे के लिए तड़पेंगे। ऐसी स्थिति में उनकी हालत पहले से भी बदतर हो जाएगी। इसी स्थिति से बचने के लिए हमने राज्य में पुनर्वास केंद्र बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग नशा करते हैं, उन्हें जेल में बंद करके क्या मिलेगा। ऐसे लोग तो मरीज हैं।

प्रधानमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में विविधता लाने पर दिया जोर, बोले-

उत्तराखंड में कोई ऑफ सीजन नहीं होना चाहिए

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि उत्तराखंड में कोई भी मौसम ऑफ सीजन नहीं होना चाहिए और पर्यटन को यहां हर मौसम में चालू रहना चाहिए। उन्होंने राज्य में बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड के हर्षिल में ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उत्तरकाशी जिले के हर्षिल में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने माणा गांव में हुई हिमस्खलन की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में देश के लोग प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में विविधता लाना और इसे सालभर चलने वाली गतिविधि बनाना उत्तराखंड के लिए महत्वपूर्ण और आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कोई ऑफ-सीजन नहीं होना चाहिए और पर्यटन को हर मौसम में फलना-फूलना चाहिए। वर्तमान में पहाड़ों में पर्यटन मौसमी है, जिसमें मार्च, अप्रैल, मई और जून के दौरान पर्यटकों की अच्छी-खासी आमद होती है। हालांकि, इसके बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आती है, जिससे सर्दियों के दौरान अधिकांश होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे खाली हो जाते हैं। इस असंतुलन के कारण उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक स्थिरता बनी रहती है और पर्यावरण के लिए भी चुनौतियां पैदा होती हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सुविधाओं के विकास के साथ-साथ जागरुकता फैलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और उन्होंने देश के युवा कंटेंट क्रिएटर्स से उत्तराखंड की शीतकालीन पर्यटन पहल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने में कंटेंट क्रिएटर्स के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए मोदी ने उनसे उत्तराखंड में नए गंतव्यों की खोज करने और अपने अनुभवों को जनता के साथ साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य सरकार को उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कंटेंट क्रिएटर्स द्वारा लघु फिल्में बनाने की प्रतियोगिता आयोजित करने का सुझाव दिया।

उत्तराखंड के गर्म झरनों को वेलनेस स्पा में विकसित किया जा सकता है

मोदी ने कई देशों में शीतकालीन पर्यटन की लोकप्रियता को रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड अपने शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उनके अनुभवों से सीख सकता है। उन्होंने उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र के सभी हितधारकों, होटल और रिसॉर्ट मालिकों से इन देशों के मॉडल का अध्ययन करने का आग्रह किया। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से ऐसे अध्ययनों से प्राप्त कार्रवाई योग्य बिंदुओं को सक्रिय रूप से लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने स्थानीय परंपराओं, संगीत, नृत्य और व्यंजनों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के गर्म झरनों को वेलनेस स्पा में विकसित किया जा सकता है और शांत, बर्फ से ढके क्षेत्रों में शीतकालीन योग रिट्रीट की मेजबानी की जा सकती है। उन्होंने योग गुरुओं से उत्तराखंड में सालाना योग शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने उत्तराखंड की एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने के लिए सर्दियों के मौसम में विशेष वन्यजीव सफारी के आयोजन का भी सुझाव दिया। उन्होंने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाने और हर स्तर पर काम करने पर जोर दिया।

राजस्थान के सड़क हादसे में एक परिवार के छह सदस्यों की मौत

सिरोही। राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड में आज तड़के हुए सड़क हादसे में एक परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। हादसे में परिवार की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा तड़के लगभग तीन बजे किवरली के पास उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ट्रॉले से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रॉले के नीचे जा घुसी। माउंट आबू सीओ गोमाराम के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास के क्षेत्र में तेज धमाके की आवाज गूंज उठी। हाइवे पर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस वैन ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने बताया कि मौके पर चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पुलिस ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया, लेकिन कार बुरी तरह से पिचकने के कारण शव अंदर फंस गए थे।

बिहार में औरंगजेब पर गरमाई सियासत

जदयू ने कहा-सभी धर्मों का हम सम्मान करते हैं,औरंगजेब का नहीं

एजेंसी। पटना

औरंगजेब को लेकर बिहार की सियासत भी गर्म हो गई है। जदयू के विधायक ने तो यहां तक कह दिया कि अगर आज वे यहां होते तो सरकार उन्हें फांसी की सजा देती। पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए जदयू के विधायक डॉ. संजीव ने कहा कि औरंगजेब की जो भी तारीफ कर रहे हैं, वे देशद्रोही हैं, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों। गर्व से कहते हैं कि हम सनातनी हैं। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं, लेकिन औरंगजेब का सम्मान नहीं कर सकता। उसने सारे मंदिरों को तुड़वा दिए। कितनों का जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाया। सिखों के धर्मगुरु के बेटों का कत्ल करवाया। इसके विषय में कोई तारीफ करे तो दुखद है। कोई भी तारीफ करे, उन्हें पाकिस्तान या बांग्लादेश भेज देना चाहिए। राजद के विधायक अख्तरुल ईमान शाहीन ने औरंगजेब को लेकर कहा कि कई इतिहासकारों ने उन्हें ईमानदार भी कहा है तो कई ने औरंगजेब को क्रूर बताया है। हम लोग इतिहास के तो विद्यार्थी नहीं हैं कि बता सकें। हम लोग न उनकी प्रशंसा करते हैं, न निंदा करते हैं, हम लोग तो वर्तमान देख रहे हैं। भाजपा के लोग तो विवादास्पद मुद्दे लाते ही हैं, मूल समस्या पर बात नहीं की जाती। राजद के विधायक वीरेंद्र ने कहा कि औरंगजेब मामले पर भाजपा को दूसरा कोई काम नहीं है। जब देश की आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी तब हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई ने कुर्बानी दी थी। इन्हें धर्म के एक वर्ग के लोगों के खिलाफ बोलने की आदत रही है। ये भारतीय हो ही नहीं सकते। ये सनातन-सनातन करते हैं, असली सनातनी तो हम हैं। उल्लेखनीय है कि औरंगजेब की तारीफ करने पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता और विधायक अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया है। जदयू एमएलसी खालिद अनवर ने बुधवार को अबू आजमी के निलंबन को गलत बताया था।

अबू आजमी के औरंगजेब को महान शासक बताने पर खालिद अनवर ने कहा था कि यह ऐसा विचार-विमर्श नहीं है, जिसके लिए फ्लोर पर राजनीति की जाए। मुझे हैरत होती है कि औरंगजेब को कुछ इतिहासकारों ने बहुत अच्छा शासक बताया है।

योगी सरकार ऐप से करेगी टीकाकरण की निगरानी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सूबे के हर एक बच्चे का नियमित टीकाकरण कराने के उद्देश्य से स्टाफ नर्स, एएनएम और हेल्थ विजिटर को डिजिटल प्रशिक्षण दे रही है। त्वरित टीकाकरण कौशल संवर्धन (रैपिड इम्यूनाइजेशन स्किल एन्हांसमेंट या राइज) ऐप का प्रशिक्षण मिलने के बाद स्वास्थ्य कर्मी टीकाकरण कार्यक्रम, सत्र प्रबंधन, टीके को लेकर सुरक्षा, कोल्ड चेन प्रबंधन के सिद्धांत, टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव और टीकाकरण से इनकार करने वाले लोगों पर नजर रख सकेंगे और उनके बच्चों का टीकाकरण करवा सकेंगे। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि पहल का उद्देश्य नियमित टीकाकरण में लगे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कौशल और कार्यप्रणाली में सुधार करना है। यह ऐप टीकाकरणकर्ताओं के क्षमता निर्माण में इस तरह से काम कर रहा है कि नियमित टीकाकरण को लेकर समय-समय पर दिशा-निर्देश बदलते रहते हैं, जैसे नई तकनीकों को शामिल करना। डॉ. अजय ने बताया कि पायलट के तौर पर यह ऐप देश के 181 जिलों में लागू किया गया था, जहां पर इसका प्रयोग सफल रहा। अब इसे प्रदेश में लागू कर दिया गया है और इसको लेकर जिलास्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण समस्त 75 जनपदों में पूर्ण किया जा चुका है। इस वक्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। इससे लगभग 52,175 टीकाकरणकर्ता लाभान्वित होंगे। पहली प्राथमिकता यह होती है कि इन बदलावों के बारे में टीका लगाने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जल्द से जल्द बताना, जिससे टीकाकरण समय और कुशलता से सुनिश्चित हो सके।

अब नहीं छूटेगा कोई बच्चा

आज का राशिफल

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

शमी ने रोजा नहीं रखकर गुनाह किया, शरीयत की नजर में मुजरिम : मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

एजेंसी। बरेली

बरेली, 6 मार्च (आईएएनएस)। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी धर्मगुरुओं के निशाने पर आ गए हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी का कहना है कि शमी ने पवित्र रमजान के माह में रोजा नहीं रखा है। उन्होंने कहा कि क्रिकेटर ने रोजा न रखकर बहुत बड़ा गुनाह किया है, शरीयत की नजर में वह मुजरिम हैं। दरअसल, दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहम्मद शमी का एनर्जी ड्रिंक पीते हुए फोटो वायरल हुई थी। उनकी इसी फोटो पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने नाराजगी जताई है और क्रिकेटर को नसीहत भी दी। मौलाना शहाबुद्दीन ने मोहम्मद शमी के रोजा नहीं रखने पर आपत्ति जताते हुए कहा, ''इस्लाम ने रोजे को फर्ज करार दिया है और अगर कोई शख्स जानबूझकर रोजा नहीं रखता है तो वह निहायत गुनाहगार है। ऐसे ही क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने किया है, उन्होंने रोजा नहीं रखा, जबकि रोजा रखना उनका वाजिब फर्ज है। रोजा न रखकर मोहम्मद शमी ने बहुत बड़ा गुनाह किया है, शमी शरीयत की नजर में मुजरिम हैं। उन्होंने आगे कहा कि मोहम्मद शमी को हरगिज ऐसा नहीं करना चाहिए। मैं उनको हिदायत और नसीहत भी देता हूं कि इस्लाम के जो नियम हैं, उन पर वो अमल करें। क्रिकेट, खेलकूद भी करें, सारे काम अंजाम दें, मगर अल्लाह ने जो जिम्मेदारी बंदे को दी है, उनको भी निभाएं। इतनी तमाम चीजों को मोहम्मद शमी को समझना चाहिए। बता दें कि दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 264 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 265 रनों का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 11 गेंद शेष रहते चार विकेट से मैच जीत लिया था।

तस्करी गिरोह से जुड़े रान्या राव के तार, मुख्य आरोपियों और विदेशी लिंक पर जांच केंद्रित

एजेंसी। बेंगलुरू

कन्नड़ अभिनेत्री और आईपीएस अधिकारी की बेटी रान्या राव की गिरफ्तारी की जांच में पता चला कि वह सोने की तस्करी नेटवर्क का हिस्सा थी और दुबई से बेंगलुरू तक सामान की तस्करी के लिए भारी कमीशन लेती थी।

जांच में पता चला है कि रान्या राव सरगनाओं के इशारे पर सोने की तस्करी कर रही थी और अंतरराष्ट्रीय गिरोह का गठजोड़ बहुत गहरा था। सूत्रों ने बताया कि अभिनेत्री इतनी अमीर नहीं थी कि 17.29 करोड़ रुपये का सोना खरीद सके। अधिकारियों ने पाया कि अभिनेत्री को दुबई से बेंगलुरू तक एक किलोग्राम सोने की तस्करी करने के लिए 4 लाख से 5 लाख रुपये का कमीशन मिला था। सरगनाओं ने उसे सोने की तस्करी में शामिल किया, क्योंकि उन्हें अच्छी तरह पता था कि वह एक सेवारत आईपीएस अधिकारी की बेटी है और इसका फायदा उठाकर तस्करी को अंजाम दे सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों को इसमें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के कर्मचारियों की संलिप्तता का भी संदेह है। जांच अब इस बात पर केंद्रित है कि रान्या राव ने सोना किसे सौंपा। अधिकारी रान्या राव के बैंक खातों से डाटा एकत्र कर रहे हैं और पिछले दो वर्षों के लेन-देन का विश्लेषण कर रहे हैं। उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और नेटवर्क के बारे में सुराग पाने के लिए फोन से जानकारी एकत्र की जा रही है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि रान्या राव से हवाई अड्डे और उसके आवास से भारी मात्रा में सोना और नकदी जब्त होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले को अपने हाथ में ले सकता है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारी उनके आवास से जब्त की गई 2.67 करोड़ रुपये की कथित नकदी की जानकारी ईडी के साथ साझा कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि राव पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भी आरोप लग सकते हैं।

पीएम नवसारी में लखपति दीदी का करेंगे सम्मान

- **25 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों की 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को 450 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी जाएगी**

एजेंसी। अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 7 तथा 8 मार्च को गुजरात की यात्रा पर हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नवसारी जिले का दौरा करेंगे। उनकी अध्यक्षता में नवसारी स्थित वाँसी बोरसी में लखपति दीदी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के हाथों से 25 हजार से अधिक स्वयंसहायता समूहों की महिलाओं को 450 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि देश की महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने एवं उनका सशक्तिकरण करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, 2023 को लखपति दीदी योजना का आरंभ कराया था। लखपति दीदियाँ स्वयं सहायता समूहों की सदस्य हैं, जो महिला आत्मनिर्भरता के माध्यम से कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग आदि जैसे विभिन्न आय स्रोतों से मासिक 10,000 रुपये या उससे अधिक तथा वार्षिक एक लाख रुपए या उससे अधिक आय अर्जित करती हैं। गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में हुए व्यापक प्रयासों के चलते आज लगभग एक लाख 50 हजार महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख या उससे अधिक पर पहुँची है तथा वे लखपति दीदियाँ बनी हैं। नवसारी में वाँसी बोरसी में आयोजित होने वाले लखपति दीदी सम्मेलन में नवसारी, वलसाड तथा डांग जिलों की एक लाख महिलाएं भाग लेंगी। इन महिलाओं में स्वयं सहायता समूहों की वे सदस्य महिलाएँ शामिल होंगी, जो लखपति दीदी बनी हैं या बनने की इच्छा रखती हैं। चयन की गईं 10 लखपति दीदियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संवाद करेंगे और 5 लखपति दीदियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। इसके अतिरिक्त; गुजरात में लखपति दीदी योजना अंतर्गत जो प्रगति हुई है, उसे दर्शाने वाली एक फिल्म भी इस कार्यक्रम के दौरान दिखाई जाएगी।

जी-मैत्री योजना भी होगी लांच

ग्रामीण स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी समाधानों के लिए सामाजिक उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जी-मैत्री योजना (गुजरात मेंटोरशिप तथा एक्सीलरेशन ऑफ इनडिविज्युअल फॉर ट्रांसफॉर्मिंग रूरन इनकम) लॉन्च की जाएगी। गुजरात सोशल एंटरप्राइज फंड (जी-एसईएफ) द्वारा आगामी पाँच वर्षों में ग्रामीण आजीविका-केन्द्रित स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए 50 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस योजना से गुजरात में 10 लाख ग्रामीण महिलाओं व युवाओं को आजीविका-उन्मुखी गतिविधियों के लिए सक्षम बनाया जाएगा। इस योजना के तहत सामाजिक उद्यमों को नए स्टार्टअप तथा वृद्धिशील स्टार्टअप कैटेगरी में प्रोत्साहन सहायता दी जाएगी। जी-मैत्री अंतर्गत गुजरात में ग्रामीण महिलाओं व युवाओं के लिए आजीविका को समक्ष करने वाले लाभकारी तथा अलाभकारी सामाजिक उद्यम भाग ले सकते हैं। सीड तथा स्केल स्टार्टअप प्रोग्राम्स द्वारा पांच वर्ष में 150 से अधिक स्टार्टअप्स को सपोर्ट दिया जाएगा।

यूपी के कौशांबी से पकड़ा गया बब्बर आतंकी, आईएसआई से जुड़े हैं तार

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के कौशांबी से बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी का नाम लाजर मसीह बताया जा रहा है। उसे यूपीएसटीएफ और पंजाब पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार किया है। आतंकी की गिरफ्तारी कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र से हुई है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकवादी लाजर मसीह पुत्र कुलविंदर पंजाब के अमृतसर जिले का रहने वाला है। उसका परिवार गांव कुरलियान पोस्ट-माकोवल, थाना रामदास में रहता है। आतंकी की गिरफ्तारी गुरुवार सुबह लगभग 3:20 बजे हुई है। गिरफ्तारी अभियान कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में किया गया। पता चला है कि आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है। इतना ही नहीं, आतंकी के पाकिस्तान के आईएसआई के साथ संपर्क का भी खुलासा हुआ है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल समेत दो हथियार बरामद हुए हैं। साथ ही विदेश निर्मित सफेद विस्फोटक भी बरामद किया गया है। इसके अलावा उसके पास से गाजियाबाद के पते का आधार कार्ड और बिना सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यूपी विशेष कार्य बल, कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि उसे कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में चलाए गए अभियान में सुबह करीब 3:20 बजे गिरफ्तार किया गया।

डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 27 मार्च से होगा हीरो इंडियन ओपन

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत का बहुप्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन का 2025 संस्करण 27-30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किये जाने की गुरूवार को घोषणा की गई। इस गौरवपूर्ण गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे, जिसमें 2024 और 2025 के शेड्यूल के सबसे प्रमुख सितारे और चैंपियन शामिल हैं। उल्लेखनीय नामों में जैक्स क्रुइसविज्क, जोहान्स वीरमैन, जूलियन ग्यूरियर, एंजेल हिडाल्गो, फ्रेडरिक लैक्रोइक्स, डेविड रेवेटो, इवेन फर्ग्यूसन और गुइडो मिग्लिओजी शामिल हैं। 2.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हीरो इंडियन ओपन डीपी वर्ल्ड टूर के एशियाई स्विंग का हिस्सा है, जिसमें सिंगापुर क्लासिक, चाइना ओपन और हैनान क्लासिक भी शामिल हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह वियान मुल्डर को टीम में शामिल किया

मुंबई(आईएएनएस)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के आगामी संस्करण से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की टीम में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर वियान मुल्डर को शामिल किया जाएगा। मुल्डर 75 लाख रुपये में एसआरएच से जुड़ेंगे। उन्होंने 18 टेस्ट और 25 वनडे के अलावा 11 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 60 विकेट लिए हैं और 970 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं।

डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 13 भारतीय प्रविष्टियों के साथ रिकॉर्ड-तोड़ मुख्य ड्रॉ के लिए तैयार

चेन्नई (आईएएनएस)। पेरिस 2024 ओलंपिक की गति को बनाए रखते हुए, भारतीय टेबल टेनिस ने अपनी बढ़त जारी रखी है, जिसमें 13 प्रविष्टियों ने अपनी रैंक के आधार पर डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 के लिए सीधे योग्यता अर्जित की है - भारत में आयोजित सभी तीन डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर इवेंट्स में रिकॉर्ड-तोड़ भारतीय उपस्थिति। जापान के टोमोकाज़ू हरिमोटो (विश्व नंबर 4) और हिना हयाता (विश्व नंबर 5) के नेतृत्व में एक दुर्जेय विदेशी लाइनअप के साथ, 25 मार्च को एक रोमांचक टूर्नामेंट की शुरुआत के लिए मंच तैयार है।

स्मिथ के वनडे संन्यास पर बोले धवन

आप एक कट्टर प्रतिस्पर्धी व अविश्वसनीय लीडर रहे हैं

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने स्टीव स्मिथ को उनके शानदार वनडे करियर के लिए बधाई दी और उन्हें एक कट्टर प्रतिस्पर्धी और एक अविश्वसनीय लीडर बताया। स्मिथ, जो पैट कमिंस की अनुपस्थिति में चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टैंड-इन कप्तान थे, वे मंगलवार को दुबई में आठ टीमों की प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट और टी20 प्रारूप खेलना जारी रखेंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना 9 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। धवन ने एक्स पर लिखा, "आपने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके लिए बधाई स्टीव स्मिथ , आप खेल में एक कट्टर प्रतियोगी और एक अविश्वसनीय लीडर रहे हैं। आपकी अगली यात्रा भी उतनी ही संतोषजनक हो। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 वनडे खेले, जिसमें उन्होंने 43.28 की औसत से 5,800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने गेंद से भी योगदान दिया और 28 विकेट लिए। यह बल्लेबाज 2015 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया की

वनडे विश्व कप विजेता टीमों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। बुधवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से एक बयान में स्मिथ ने कहा, "यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने इसके हर मिनट का आनंद लिया है। "बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रही हैं। दो विश्व कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी और साथ ही कई शानदार टीम-साथियों ने भी

> *बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रही हैं। दो विश्व कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी और साथ ही कई शानदार टीम-साथियों ने भी इस यात्रा को साझा किया।*

इस यात्रा को साझा किया। अपने फैसले के बारे में बताते हुए स्मिथ ने कहा कि नए चेहरों के लिए वनडे फॉर्मेट में आगे आने का यह बिल्कुल सही समय है।उन्होंने कहा, "अब लोगों के लिए 2027 विश्व कप की तैयारी शुरू करने का एक शानदार अवसर है, इसलिए ऐसा लगता है कि यह सही समय है। राष्ट्रीय टीम के साथ अपने भविष्य के बारे में स्मिथ ने कहा, "टेस्ट क्रिकेट अभी भी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल, सर्दियों में वेस्टइंडीज और फिर घर पर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मुझे अभी भी उस मंच पर बहुत कुछ योगदान देना है।

महिलाओं को अपने सपनों के लिए फोकस होकर करना चाहिए काम : ज्योति

नवी मुंबई। प्रसिद्ध बाधा दौड़ एथलीट ज्योति याराजी ने कहा है

कि महिलाओं को अपने सपनों के लिए फोकस होकर काम करना चाहिए। ज्योति ने 'आईएएनएस' से कहा,''एक महिला होने के नाते मेरी यह यात्रा बिल्कुल आसान नहीं रही । पहले तो मेरे माता पिता किसानी करते थे इसलिए उन्हें खेलों के बारे में इतनी जानकारी नहीं थी। वहां से आकर मैंने प्रशिक्षण लिया और तब जाकर यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने कहा,''देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार को चाहिए कि छोटे-छोटे खेलों के बारे में जागरूकता बढ़ाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों का काफी अच्छा असर पड़ रहा है । इससे देश के दूर दराज के लोग भी यहां तक पहुंच रहे हैं। ज्योति याराजी आंध्र प्रदेश की एक भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट हैं। वह 100 मीटर बाधा दौड़ में माहिर हैं और अपने नाम भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखती हैं। उन्होंने 10 मई 2022 को 13.23 सेकंड का समय लेकर अनुराधा बिस्वाल का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ा था।उन्होंने कहा,''अभी ट्रेनिंग बहुत चैलेंजिंग चल रही है। एक-एक चीज पर बहुत ध्यान दे रहे हैं।

शमी के बाद, न्यूजीलैंड के साउदी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने की मांग की

नई दिल्ली (आईएएनएस)

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने के आह्वान का समर्थन किया है, ताकि गेंदबाजों को गेंद से रिवर्स स्विंग हासिल करने में मदद मिल सके। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मई 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान एक अस्थायी उपाय के रूप में खिलाड़ियों को गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। सितंबर 2022 में, आईसीसी ने इसे स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया। चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की चार विकेट की जीत के बाद, शमी ने कहा, "हम (रिवर्स स्विंग हासिल करने की) कोशिश कर रहे हैं, लेकिन गेंद पर लार के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। हम अपील करते रहते हैं कि हमें लार का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए ताकि हम खेल में रिवर्स स्विंग वापस ला सकें और यह दिलचस्प बन जाए। शमी के आह्वान का समर्थन करते हुए, साउदी ने आईसीसी से गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने और गेंदबाजों को कुछ लाभ देने का आग्रह किया। साउदी ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के मैच डे पर कहा, "यह नियम कोविड के कारण लाया गया था, क्योंकि वायरस दुनिया भर में फैल रहा था, लेकिन मुझे लगता है कि एक गेंदबाज के तौर पर आप थोड़ा लाभ चाहते हैं। हम खेल को उसी तरह आगे बढ़ते हुए देखते हैं, जिस तरह से यह चल रहा है और इस प्रारूप में टीमें 362 और अक्सर 300 से अधिक स्कोर बनाती हैं। मुझे लगता है कि गेंदबाजों के पक्ष में कुछ होना चाहिए, और चाहे वह थोड़ा सा लार हो, तो हां , मुझे नहीं लगता कि वे इसे वापस लाने का जोखिम क्यों नहीं उठा सकते। ब्लैक कैप्स के अनुभवी तेज गेंदबाज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि गेंद के एक तरफ चमकाने और रिवर्स स्विंग को प्रेरित करने के लिए लार का उपयोग करना।

सचिन के स्ट्रेट ड्राइव ने मुझे 15 साल पीछे पहुंचा दिया: वॉटसन

वडोदरा । खचाखच भरे बीसीए स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर की शानदार मास्टरक्लास देखने

को मिली, जब इस महान बल्लेबाज ने इंडिया मास्टर्स और ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के बीच खेले गए हाई-स्कोरिंग इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए समय को पीछे मोड़ दिया। तेंदुलकर ने महज 33 गेंदों पर 64 रन की तेज पारी खेली, जिसमें सात चौके और चार शानदार छक्के शामिल थे।

पोंटिंग की बल्लेबाजी और उनके पुल शॉट से प्रेरित हुआ : पायला अविनाश

नईदिल्ली। आंध्र प्रदेश के ऑलराउंडर पायला अविनाश ने याद किया कि कैसे वह यूट्यूब पर रिकी पोंटिंग के बल्लेबाजी वीडियो देखकर प्रेरित होते थे, खासकर उनके ट्रेडमार्क पुल शॉट से, क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पंजाब किंग्स के लिए पोंटिंग की कोचिंग में खेलने के लिए तैयार हैं। अविनाश ने गुरुवार को फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा, "वह एक लीजेंड हैं। मैं रिकी पोंटिंग के बल्लेबाजी वीडियो देखता था, जिसमें वह पुल शॉट खेलते थे जिनसे प्रेरणा मिल सके।

शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 टूर्नामेंट में मुंबई व कोलकाता ने दिखाया दम

- **जीत के साथ मुंबई टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह**

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में गुरुवार को स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले मैच में मुंबई ने ओडिशा को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दूसरे मुकाबले में कोलकाता ने लोहरदगा को शिकस्त दिया। पहले क्वार्टर फाइनल में ओडिशा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन

बनाए। आशीर्वाद स्वान ने 43 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि मुम्बई के गेंदबाज हर्ष मेंडन ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जवाब में मुंबई की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर जीत दर्ज की। तनय कुमार विश्वाल ने 55 रन 5 चौके, 3 छक्के और राम रोशन ने 68 रन 8 चौके, 4 छक्के की दमदार पारियां खेलीं। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राम रोशन को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया, और उन्हें 10 हजार का चेक व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। दूसरे मुकाबले में कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 215 रन बनाए। विशाल भारती ने 89 रन की शानदार पारी खेली, जबकि लोहरदगा के गेंदबाज जतिन पांडेय ने 52 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में लोहरदगा की टीम 123 रन पर सिमट गई। कुणाल सिंह ने 38 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कोलकाता के सक्षम चौधरी ने 27 रन देकर 4 विकेट, जबकि विशाल भारती ने 2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए विशाल भारती को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

व्यापार/लाइफ व साइंस

अमेरिका भारत से आयात पर जैसे को तैसा कर लगाने से भारत को हो सकता है 3,906 करोड़ रू. का व्यापार घाटा

बीते वर्ष भारत -अमेरिका के बीच हुए हैं 11,226 करोड़ रू. के लगभग का व्यापार

ब्यूरो

नई दिल्ली। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र में अपने पहले संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को सीधे चेतावनी देते हुए , 2 अप्रैल से हमारे उत्पादों पर जवाबी आयात शुल्क यानी रेसिप्रोकल टैरिफ यानी 'जैसे को तैसा टैरिफ' लगाने का एलान करते हुए कहा - "भारत हमसे 100% ऑटो टैरिफ वसूलता है, चीन हमसे दोगुना टैरिफ वसूलता है, दक्षिण कोरिया चार गुना टैरिफ लगाता है। यह दोस्त व दुश्मन दोनों की तरफ से हो रहा है। यह प्रणाली अमेरिका के लिए उचित नहीं है, यह कभी नहीं थी।" ट्रंप ने कहा, "अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है। अब उन अन्य देशों के खिलाफ उनके हथियार का ही इस्तेमाल करने की हमारी बारी है। औसतन यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत अधिक टैरिफ वसूलते हैं। उनकी तुलना में हम उनसे कम टैरिफ लेते हैं। यह बिल्कुल अनुचित है। ट्रंप का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के बाद आया है।जहां तक आयात कर या टैरिफ का सवाल है , यह वह शुल्क होता है, जो कोई देश किसी अन्य देश से आयात होने वाले सामान पर लगाता है। जैसे यदि अमेरिका का कोई व्यक्ति भारत के बनारस से लंगड़ा आम मंगाता है, तो उसे न केवल उन आम के दाम का भुगतान करना होगा, बल्कि उसे उस पर अमेरिका सरकार द्वारा लगाए गए शुल्क का भी अलग से भुगतान करना पड़ेगा। यह शुल्क उस देश की सरकार लगाती है, जहां यह उत्पाद आयात किया जा रहा है। इसे ही आयात शुल्क कहा जाता है। अलग-अलग देशों की सरकारें अपने यहां आयात होने वाले सामानों पर अलग-अलग शुल्क लगाती हैं और अपने खजाने को भरती हैं।

अलग-अलग देश एक-दूसरे पर अलग-अलग दर से टैरिफ क्यों लगाते?

दूसरे युद्ध के बाद से ही कई देशों ने अपने उत्पादों के आयात-निर्यात पर शुल्क न लगाने का फैसला किया था और उत्पादों पर टैरिफ न लगाकर व्यापार को अधिकतर मुफ्त रखा। यानी अगर कोई दो देश एक-दूसरे पर आयात शुल्क नहीं लगाते तो उनके नागरिकों को कोई उत्पाद एक-जैसी कीमत पर ही मिलेंगे। इसमें ज्यादा से ज्यादा उत्पाद को पहुंचाने का शुल्क (डिलीवरी फीस) ही जुड़ सकती है। यह नियम ज्यादातर विकसित देशों पर लागू होते हैं, क्योंकि इन देशों के पास पहले से ही मजबूत अर्थव्यवस्था और औद्योगिक क्षमताएं मौजूद रहीं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने आपसी सहमति से यह निर्णय लिया कि चूंकि विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे बढ़ रही है और इनमें उद्योगों को भी विकसित करने की जरूरत है, इसलिए इन्हें आयात शुल्क लगाने की छूट दी जा सकती है। भारत व अमेरिका के मामले में भी यही नियम लागू होता है। जहां अमेरिकी अर्थव्यवस्था 19वीं सदी में ही मजबूत हो चुकी थी, वहीं भारत की आर्थिक स्थिति 20वीं सदी के अंत में बेहतर होना शुरू हुई। इसलिए विकसित देश- अमेरिका के मुकाबले विकासशील देश- भारत को ज्यादा आयात शुल्क वसूलने की छूट दी जाती है। एक कारण यह भी है कि इन शुल्कों के जरिए भारत और अन्य विकासशील देश अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं और अपना विदेशी मुद्रा भंडार भी भर सकते हैं।अमेरिका का कोई व्यक्ति अगर भारत से कार मंगाता है तो 10 लाख कीमत वाली कार के लिए उसे आयात शुल्क के साथ करीब 12 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान करना पड़ सकता है। दूसरी तरफ अगर भारत का कोई आदमी अमेरिकी कार खरीदता है तो उसे ज्यादा आयात शुल्क की वजह से 20 लाख रुपये चुकाने पड़ेंगे। यह कीमतें इन उत्पादों को पहुंचाने की कीमत (डिलीवरी फीस) को जोड़े बिना है। अब तक इस तरह की व्यवस्था को डब्ल्यूटीओ ने मान्यता दी है। यह व्यवस्था काफी हद तक ठीक भी रही है। इसको कृषि क्षेत्र के उदाहरण से समझते हैं- अमेरिका में बड़े स्तर पर कृषि उत्पाद पैदा होते हैं। वहीं, भारत एक कृषि प्रधान देश है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों- गेहूं, धान, आदि पर भारत उच्च दरों पर आयात शुल्क लगाना बंद कर दे तो यह उत्पाद भारत में सस्ते हो जाएंगे। ऐसे में भारत के किसानों के उत्पादों की भारत में ही खरीद कम होने की आशंका रहेगी। इससे भारतीय किसानों का घाटा काफी ज्यादा हो सकता है। वहीं, अगर अमेरिका भारत से आने वाले कृषि उत्पादों पर निम्न स्तर के आयात शुल्कों को बढ़ा दे तो अमेरिका में भारतीय किसानों की उपज की कीमत भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में वहां भारतीय उत्पादों की मांग घटने का खतरा पैदा हो जाएगा। इससे भारतीय किसानों को घाटा उठाना होगा और देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह पूरी व्यवस्था आयात शुल्क या टैरिफ कहलाती है। अलग-अलग देश एक-दूसरे पर अलग टैरिफ लगाते हैं, जिससे व्यापार का संतुलन बना रहता है।

ट्रंप आखिर बराबरी के टैरिफ लगा क्यों रहे हैं? डोनाल्ड ट्रंप के इस कदम की वजह केवल उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का प्रचार करना है। ट्रंप खुद कई मौकों पर कह चुके हैं कि दुनिया के कई देश ज्यादा आयात शुल्क वसूलते हैं, जिससे अमेरिका को घाटा होता है। इसलिए अमेरिकी सरकार उन देशों से ज्यादा टैरिफ वसूलेगा, जिससे अमेरिकी खजाने में बढ़ोतरी होगी। हालांकि, जैसा कि पहले ही कहा जा चुका- उत्पादों पर टैरिफ का शुल्क उस देश के नागरिकों-व्यापारियों को ही चुकाना पड़ता है, जहां की सरकार ने आयात शुल्क लागू किया है। इतना ही नहीं एक व्यापारी होने की वजह से डोनाल्ड ट्रंप व्यापार घाटे (ट्रेड डेफिसिट) के खिलाफ रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच कारों के आयात-निर्यात का उदाहरण ले लें तो-

भारत से 10 लाख रुपये की एक कार को आयात करने के लिए अमेरिकी नागरिक को 12.5 लाख चुकाने पड़ते हैं। वहीं, अमेरिका में बनी इसी कीमत की कार को भारत में खरीदने के लिए 20 लाख देने पड़ते हैं। यानी भारत को ज्यादा आयात शुल्क की वजह से अमेरिका से आई कार पर 7.5 लाख रुपये का अतिरिक्त लाभ हुआ। भारत का यही लाभ अमेरिका के लिए व्यापार घाटा कहा जाता है। इसी तरह अलग-अलग देशों से बिजनेस में अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 1 लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंचने वाला है। दूसरी तरफ आयात शुल्क की वजह से चीन का व्यापार में फायदा (ट्रेड सरप्लस) 1 लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसी अंतर को खत्म करने की बात कही है। दो देशों के बीच जब व्यापार होता है, तो किसी एक देश का व्यापार हमेशा दूसरे से ज्यादा होगा। इसकी वजह ज्यादा आयात या निर्यात हो सकता है। अमेरिका व भारत के बीच व्यापार 129.2 करोड़ डालर (11,226 करोड़ रू. के लगभग) का है। जिसमें से अमेरिका ने भारत से आयात किये 87.4 अरब डॉलर के उत्पाद (सामान) । भारत ने अमेरिका से आयात किये 41.8 अरब डॉलर के उत्पाद (सामान) इसमें अमेरिका को हुआ 87.4-41.8=45.7 अरब डॉलर (3,906 करोड़ रू.) का व्यापार घाटा। इसका मतलब है कि अमेरिका ने भारत से ज्यादा उत्पादों और सेवाओं की खरीद की, जबकि भारत ने अमेरिका से कम उत्पाद-सेवाएँ खरीदीं। इसके चलते अमेरिकी नागरिकों की मुद्रा ज्यादा खर्च हुई। वहीं भारतीय नागरिकों की मुद्रा का खर्च कम रहा।

ट्रंप के जैसे को तैसा टैरिफ़ के फैसले का भारत पर निम्न असर होगा

(1) अमेरिकी उत्पादों की कीमतों पर

- इसके चलते भारत ने अमेरिका से आयात होने वाले कई उत्पादों- मोटरबाइक, शराब व कुछ कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने का फैसला किया है।
- ट्रंप के संसद में किए गए ऐलान के मद्देनजर व्यापार युद्ध से बचने के लिए भारत अभी कुछ और अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ घटा सकता है।
- भारत ने व्यापार में आ रहे अंतर को कम करने के लिए अमेरिका से रक्षा उत्पादों, तेल और गैस को ज्यादा खरीदने की बात कही है, ताकि दोनों देशों के आयात-निर्यात के अंतर को कम किया जा सके।

(2) रुपये की कीमत पर : आयात शुल्क घटने के बाद भारत में अमेरिकी उत्पादों की कीमतें कम हो जाएंगी। इससे रुपया कमजोर होना शुरू हो जाएगा, क्योंकि उसकी मांग कम हो जाएगी।जबकि मांग बढ़ने की वजह से डॉलर और मजबूत होता जाएगा।

(3) भारत की अर्थव्यवस्था पर : केंद्र सरकार ने बजट में इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव किए हैं और अब 12 लाख रुपये से कम कमाने वालों पर नई कर व्यवस्था के तहत आयकर नहीं लगेगा। लेकिन सवाल यह है कि देश में कितने लोगों की प्रतिमाह आमदनी एक लाख रुपये है? कहा तो जा रहा है कि केंद्र का यह फैसला मुख्यत: इसलिए आया था, ताकि भारतीयों के हाथ में पैसा बढ़ जाए और वह इस बचे हुए धन का इस्तेमाल घरेलू खर्चों में बढ़ा सकें। जिससे भारत का सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) तेजी से बढ़े।लेकिन जो हालात बनते जा रहे हैं , उससे स्थिति और विकट होने के आसार हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने एमएसएमई के लिए लॉन्च किया नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल

विशाखापत्तनम (आईएएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) के लिए नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल लॉन्च किया। नए क्रेडिट असेसमेंट मॉडल में एमएसएमई की डिजिटल फुटप्रिंट के आधार पर स्कोरिंग की जाएगी। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषणा की थी कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) लोन देने के लिए एमएसएमई का मूल्यांकन थर्ड पार्टी के जरिए कराने के बजाय, अपनी आंतरिक क्षमता से करेंगे। विशाखापत्तनम में बजट के बाद आयोजित एक संवाद में डिजिटल फुटप्रिंट के आधार पर एमएसएमई के लिए लोन असेसमेंट मॉडल की शुरुआत की गई।

शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बंद सेंसेक्स 74,000 के पार

मुंबई (आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 609.86 अंक या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,340 और निफ्टी 207 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,544 पर था। व्यापक बाजार में तेजी का रुझान देखने को मिला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3,006 शेयर हरे निशान में, 990 शेयर लाल निशान में और 107 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 179.75 अंक या 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,348 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 201.25 अंक या 1.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 15,400 पर बंद हुआ।

चैनपुर के किसानों को मिला मूंग बीज कृषि विभाग की योजना के तहत सहायता

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बुढ़ीबीर पंचायत के चोटहासा गांव के किसानों को 52 किलो मूंग बीज और आईएनएम/आईपीएम सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर उप प्रमुख सुनील सिंह और प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवनारायण उरांव उपस्थित थे। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की योजना के तहत 26 हेक्टेयर क्षेत्र में 6.50 क्विंटल मूंग बीज वितरित किया जाएगा।

कृषि योजना के तहत चयनित गांव:

- बुढ़ीबीर पंचायत (चोटहासा) 5 हेक्टेयर
- तालिया बभंडीह पंचायत (चेड़ाबार) 4 हेक्टेयर
- चांदो पंचायत (चांदो गांव) - 4 हेक्टेयर
- कंनकारी पंचायत (हूकवा गांव) 4 हेक्टेयर
- खुरा कला पंचायत (खुरा कला गांव) 4 हेक्टेयर
- मझगामा पंचायत - 5 हेक्टेयर

किसानों को डोलोमाइट, जिप्सम, नैनो यूरिया, नीम तेल और अन्य सामग्री भी दी जाएगी। इस मौके पर एटीएम प्रियंका कुमारी भी मौजूद रहीं।

कैंप कार्यालय का सफल आयोजन स्थानीय लोग हो रहे लाभान्वित

छतरपुर अनुमंडल भवन में 450 से अधिक आवेदन प्राप्त, उपायुक्त ने खुद सुनी 80 से अधिक शिकायतें

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। पलामू उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर छतरपुर अनुमंडल भवन में जिला प्रशासन का कैंप कार्यालय आयोजित किया गया। इस दौरान 450 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने स्वयं 80 से अधिक आवेदनों को प्राप्त कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

कैंप कार्यालय में उमड़ी भीड़, समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान : इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित कार्यालयों का निरीक्षण किया और कार्य निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय का अनुभव बेहद सकारात्मक रहा है, जिससे आमजन को सीधे लाभ मिल रहा है।

प्रमुख मामलों में त्वरित कार्रवाई; अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान के लिए लल्लू राम के आवेदन पर उपायुक्त ने त्वरित सत्यापन का आदेश दिया। छतरपुर निवासी अजय कुमार ने भूमि का लगान निर्धारण और खतियानी रसीद निर्गत करने की मांग की। बारा निवासी विजय प्रजापति ने ऑनलाइन खतियान दर्ज कर लगान रसीद निर्गत करने का अनुरोध किया। अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र हेतु अभिषेक कुमार का आवेदन लिया गया। सिंचाई टंकी निर्माण पर आपत्ति जताने वाले वीरेंद्र कुमार सिंह के आवेदन पर स्थल सत्यापन का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कपिल देव यादव ने ऋण उपलब्ध कराने की मांग की।

उपायुक्त ने लोगों से कैंप कार्यालय का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की

कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, हरा राशन कार्ड, सिंचाई योजनाओं सहित अन्य सरकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने स्थानीय लोगों से कैंप कार्यालय का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सेवाओं को और सुगम बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

बनहत्ती-छोटकी खरगडीहा सड़क के घटिया निर्माण की जांच हो : फॉरवर्ड ब्लॉक

गिरिडीह। पूर्व घोषणानुसार आज पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव की अगुवाई में संगठन की एक टीम ने बनहत्ती-छोटकी खरगडीहा सड़क के घटिया निर्माण की लगातार मिल रही शिकायतों के आलोक में कई स्थानों पर निमार्णाधीन सड़क का जायजा लिया तथा गांवों के लोगों से भी बात की। इस दौरान बनहत्ती, मोतीलेदा चौक, मधुबन, निंगोटोल, ओझाडीह मोड़, चंदनिया आदि जगहों पर श्री यादव ने लोगों से इसे लेकर बात की। सड़क निर्माण होता देख रहे लोगों के अनुसार सही ढंग से इसका निर्माण नहीं किया जा रहा है। मोड़-मोड़ पर पिच उखड़ने लगा है। अधिकांश जगह मामूली थिकनेस के साथ सड़क पर पिच डाला जा रहा है। जहां कहीं लोगों ने विरोध किया वहां पिच की मोटाई कुछ बढ़ा दी गई, बाकी जगह मनमाने तरीके से पिचिंग की गई है। मधुबन गांव में सड़क के लिए गड्ढा करने के दौरान पानी का पाइप क्षतिग्रस्त किया गया, जिसे ठीक भी नहीं किया गया। मजबूरन पानी की दिक्कत के कारण लोगों ने खुद खर्च कर पाइप को बनाने का काम किया। वहीं, लोगों की बातें सुनने तथा सड़क निर्माण का जायजा लेने के बाद श्री यादव ने कहा कि, इसमें कोई शक नहीं कि इस सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। आम लोगों को एस्टीमेट का पता नहीं, लेकिन बनने के साथ ही सड़क की बिगड़ रही स्थिति, अलकतरा कम देने के कारण कई जगह शीट के ऊपर बिछाए गए पिच का भी आसानी से उखड़ जाना, सबसे ऊपर डाले जा रहे पिच की मोटाई आदि देखकर ग्रामीणों के घटिया निर्माण की बातों से इंकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि, ग्रामीणों द्वारा विरोध किए गए जगहों पर मोटा करके पिच डाला गया और बाकी जगहों पर मनमाने तरीके से। कहा कि, स्थानीय विधायक, सांसद सहित प्रशासन के अधिकारियों से भी फॉरवर्ड ब्लॉक आग्रह करती है कि इसकी जांच करवाकर उचित तरीके से इसका निर्माण कराया जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसकी जांच को लेकर फॉरवर्ड ब्लॉक संबंधित तमाम अथॉरिटीज को लिखेगी, साथ ही आंदोलन भी करेगी। विकास और सड़क निर्माण के नाम पर लूट चलने नहीं दी जाएगी।

एक नजर

कैलान के जंगलों में अवैध पेड़ कटाई, वन विभाग ने जब्त की लकड़ी

भवनाथपुर। प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के जंगलों में अवैध रूप से पेड़ काटे जा रहे थे, जिस पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए 18 बोटा लकड़ी जब्त की। वन विभाग के रेंजर प्रमोद कुमार के निर्देश पर गुरुवार को टीम ने नावानगर-टेड़की महुआं क्षेत्र में छापेमारी कर लकड़ी जब्त की। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से पेड़ काटने वालों को चिन्हित कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि लकड़ी माफिया जंगलों से बड़े पैमाने पर पेड़ काटकर अवैध व्यापार कर रहे हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद वन विभाग हरकत में आया और छापेमारी की। छापेमारी टीम में वनरक्षी अनूप सिंह, कुंदन कुमार, विकास कुमार और अनिल कुमार गिरी शामिल थे।

जेवर दुकान में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

रमना। मुख्य सड़क ठल्ल-75 पर सब्जी बाजार के पास स्थित एक जेवर और बर्तन दुकान में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर ली। गुरुवार सुबह पड़ोसी दुकानदारों ने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है और इसकी सूचना दुकानदार को दी गई। दुकानदार अपने परिवार की शादी समारोह में शामिल होने गए थे, इसी दौरान चोरी की घटना हुई। सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह और थाना प्रभारी आकाश कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। पुलिस ने फिंगरप्रिंट लिए और घटनास्थल से करीब 2-3 किलोमीटर दूर एक खेत में दुकान की रसीदें बरामद कीं। पिछले वर्ष भी इसी दुकान में चोरी हुई थी। थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी और चोरों को बख्शा नहीं जाएगा।

पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में सतबहिनी झरना तीर्थ का नाम तक नहीं आया

कांडी। उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में जिले के कई पर्यटक स्थलों को अपग्रेड करने और नए स्थलों को शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया गया। लेकिन, राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध सतबहिनी झरना तीर्थ का जिक्र तक नहीं किया गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। सरकोनी पंचायत के मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने इस उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सतबहिनी झरना तीर्थ का विकास जनता के सहयोग से हुआ है और यहां करोड़ों की लागत से संरचनात्मक कार्य किए गए हैं। उन्होंने उपायुक्त को इस स्थल को ₹एऽ₹ श्रेणी के पर्यटन स्थल में शामिल करने का आग्रह किया। मुखिया वर्मा ने बताया कि इस तीर्थ स्थल पर छठ पर्व, माघ पूर्णिमा महायज्ञ, तथा अन्य धार्मिक आयोजनों में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं।

भालू के हमले में युवक घायल, गांव में दहशत

इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर, वन विभाग ने की सुरक्षा की अपील

नवीन मेल संवाददाता

केतार। केतार थाना क्षेत्र के योगियावीर गांव के समीप गुरुवार सुबह जंगली भालू के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय नारायण गुप्ता, पिता रामदेव साह, सुबह शौच के लिए घर से कुछ दूरी पर गया था, तभी अचानक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू के हमले में युवक बुरी तरह जख्मी हो गया और उसका दाहिना हाथ भी फ्रैक्चर हो गया। परिजनों ने घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भवनाथपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल, गढ़वा रेफर कर दिया।

वन विभाग की अपील : अकेले बाहर न जाएं

घटना की सूचना पाकर वनरक्षी अनुज सिंह, निशांत कुमार और अनिल गिरी ने अस्पताल जाकर घायल युवक से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल पर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया और सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि रात में सतर्क रहें और अकेले गांव के बाहर न जाएं। मुआवजा मिलेगा ; वन अधिकारी वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि घायल युवक को सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल है, और लोग वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं।

विद्यालयों में खेल महोत्सव का आयोजन, बच्चों ने दिखाया उत्साह

कांडी। झारखंड परियोजना निदेशक के निर्देश पर प्रखंड के सभी विद्यालयों में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने भाग लिया। छोटे बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल महोत्सव में तीन पैर की दौड़, रस्सी कूद, चम्मच रेस, बैलून रेस, बोरा रेस, बिस्किट रेस, मेंढक रेस और 30 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन से बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

बूटीमोड में कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित बूटी मोड़ के पास एक कपड़ा दुकान में भीषण आग लग गई है। आग पर काबू पा लिया गया हालांकि जब तक आग पर काबू पाया गया कपड़ा दुकान पूरी तरह से जल कर राख हो गया। इस आगलगी में कपड़ा दुकानदार को लाखों का नुकसान हुआ है।

शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

रांची के बूटी मोड़ स्थित तुलिका यूनिफार्म हाउस में गुरुवार शाम अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से दुकान में फैली की किसी को संभलने तक का मौका नहीं मिला, दुकान के आस पास मौजूद लोगों ने किसी तरह बाहर भाग कर अपनी जान बचाई. कपड़ा दुकान होने की वजह से आग बेहद तेज गति से दुकान में फैली, जिसकी वजह से दुकान में रखे हुए सभी तरह कपड़े जल कर राख हो गए। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि कपड़ा दुकान में आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

आग लगने के बाद अग्निशमन विभाग और सदर थाना को मामले की जानकारी दी गई। हालांकि जब तक दमकल के वाहन मौके पर पहुंचते तब तक दुकान पूरी तरह से तबाह हो चुका था। मौके पर पहुंचे दमकल के वाहनों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। सदर थाना पुलिस ने बताया कि आग लगने की घटना की जांच की जा रही है। अब तक आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताया जा रहा है

इग्नू के 38वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को दी गई डिग्री

रांची। इग्नू का 38वाँ दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित की गई। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ धर्मेन्द्र प्रधान नई दिल्ली मुख्यालय में दीक्षांत भाषण दी। दीक्षांत समारोह इग्नू मुख्यालय के साथ विभिन्न राज्यों में स्थित 39 क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित की गई। रांची के इग्नू क्षेत्रीय केंद्र में विशिष्ट अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुनील चन्द्र दुबे थे। अपने संबोधन में कहा कि इग्नू का ग्रामीण क्षेत्रों, महिलाओं और अनुसूचित जाति, जनजातियों के उम्मीदवारों को शिक्षित करने में सराहनीय योगदान है।प्रो सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि इग्नू 2035 तक 50 फीसदी का लक्ष्य हासिल करने के लिए जीइआर के विकास में योगदान दे सकता है। कहा कि राज्य की जनशक्ति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मास्टर डिग्री धारकों की आवश्यकता है और इग्नू उस दिशा में योगदान दे सकता है। दीक्षांत समारोह में 5000 से अधिक उम्मीदवार अपनी मास्टर डिग्री प्राप्त करने के लिए इस क्षेत्रीय केंद्र से योग्य हुए हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को इग्नू के विचार को प्रसारित करने और दूसरों को इस विश्वविद्यालय से आवश्यक शैक्षिक लाभ प्राप्त करने की सलाह दी। वहीं, क्षेत्रीय निदेशक डॉ शुभकांत मोहंती ने इग्नू में उपलब्ध आजीवन सीखने के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया। क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि रांची केंद्र में 38वें दीक्षांत समारोह के लिए कुल 10684 छात्र डिग्री के लिए योग्य थे, जिसमें स्नातकोत्तर में 5202, स्नातक में 4128, डिप्लोमा में 857 और सर्टिफिकेट में 497 थे। इस समारोह के लिए 363 शिक्षार्थियों को समारोह में आमंत्रित किया गया था, इसमें 250 शिक्षार्थी ही उपस्थित हुए।

आस्था

रमजान: आत्मसंयम, इबादत और इंसानियत का पैगाम

रोजा केवल भूख-प्यास नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि व परोपकार का माध्यम : ताहीर अंसारी

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र माने जाने वाले रमजान के महीने को अल्लाह ताला का महीना कहा जाता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय समिति के सदस्य ताहीर अंसारी ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना आत्मसंयम, इबादत और जरूरतमंदों की सहायता का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि रमजान के दौरान मुसलमानों को पूरे 30 दिनों तक रोजा रखना होता है, जो ईद का चांद दिखने तक जारी रहता है। रोजा सभी मुस्लिम पुरुषों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनिवार्य (वाजिब) होता है, केवल छोटे बच्चों और बीमार व्यक्तियों को इससे छूट दी गई है।

अंसारी ने बताया कि रोजा का मतलब केवल भूखा-प्यासा रहना नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम और आध्यात्मिक शुद्धिकरण का माध्यम भी है। रोजा रखने वाले को अपने पूरे शरीर को भी बुराई और गुनाहों से बचाना चाहिए। सही मायने में वही रोजा अल्लाह की नजर में स्वीकार्य होता है, जो पूर्ण संयम और नेक नीयत के साथ रखा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि रमजान के महीने में इबादत और प्रार्थना का विशेष महत्व होता है। पांचों वक्त की नमाज के साथ-साथ तरावीह की नमाज भी इस महीने में अत्यधिक पुण्यकारी मानी जाती है। यह महीना आत्मसंयम और अल्लाह की इबादत में लीन रहने का अवसर प्रदान करता है। अंसारी ने कहा कि रमजान केवल इबादत का महीना नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश भी देता है। इस दौरान मुसलमान हर तरह की बुरी आदतों से बचने की कोशिश करते हैं और समाज में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान में रोजा रखना एक आध्यात्मिक सफर की तरह होता है, जहां इंसान खुद को अल्लाह की राह में समर्पित करता है। यह महीना केवल मुसलमानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए प्रेम, सहिष्णुता और परोपकार की सीख लेकर आता है।

मृतक पारा शिक्षक के परिवार को संघ ने दी आर्थिक सहायता

महुआडांड़ (लातेहार)। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोंगगाड़ीह पाठ के दिवंगत पारा शिक्षक मुनेश्वर राम नगेसिया के परिवार को पारा शिक्षक संघ की ओर से 9,470 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संघ के पदाधिकारियों ने 11 महीने से लंबित मानदेय को शीघ्र चालू करने और उसे परिवार के खाते में भेजने की मांग की, ताकि उनके आश्रितों का भरण-पोषण हो सके। इसके साथ ही, संघ ने मांग की कि मुनेश्वर राम नगेसिया के स्थान पर उनके परिवार के किसी योग्य सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए, जिससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुखन नगेसिया, विजय कुजूर, फिरतु बड़ाइक, नरेश यादव, सरस्वती कुमारी, सुखराम नगेसिया, मुनेश्वर नगेसिया, रूपनारायण राम रवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

पेज एक के शेष

यूपी, एमपी का...

उन्होंने कहा कि बोकारो की एक दिव्यांग ने मैसेज भेजा है कि चार माह से पेंशन नहीं मिला है। इसपर संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि केंद्र और राज्य अपने संसाधनों के अनुसार योजना बनाती है। हम दिखवा लेंगे कि यूपी, एमपी, छत्तीसगढ़ में किस तरह की व्यवस्था है। तब इस पर विचार होगा। इस पर नीरा यादव के साथ-साथ नवीन जायसवाल ने कहा कि सिर्फ हां या ना में जवाब दें कि दिव्यांगजनों को मंईयां के समतुल्य पैसा मिलेगा या नहीं। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि अफसोस इस बात का है कि राष्ट्रीय विधवा, दिव्यांग पेंशन की राशि 1 अरब 41 करोड़ तो दिलवा दीजिए। इसपर आपत्ति जताते हुए भाजपा के विधायक सदन से वॉक आउट कर गये।

मंईयां से दूसरे...

इसपर भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य सहिया को 2000 रु। प्रतिमाह के अलावा कोई राशि नहीं मिल रही है। मंत्री गलत बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों को मीड डे मिल का संचालन करने वाली महिलाओं को रसोईया के रुप में सिर्फ 3,000 रु का मानदेय मिल रहा है।

झारखंड विधानसभा में...

इसके बाद झारखंड सरकार ने कई बार (16 दिसंबर 2022, 17 अप्रैल 2023, 22 जून 2023, 22 दिसंबर 2023, 2 फरवरी 2024 और 23 फरवरी 2025 को) केंद्रीय रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटी को पत्र लिखा, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि अब सरकार कुछ अधिकारियों को जवाबदेही सौंपेगी, ताकि वे विस्तृत जानकारी जुटा सकें और निवेशकों को राहत मिल सके।

रसोईया की बकाया...

काम के बावजूद सहिया को सिर्फ 2000 रु. क्यों। सरकार को इसपर विचार करना चाहिए। बहस बढ़ने पर संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के सहयोग से चलने वाली कई पेंशन स्कीम मद की राशि कई माह से नहीं मिली है।

पाकुड़ में एसडीपीआई...

और देश में होने वाले देश विरोधी गतिविधि पर जांच के साथ साथ नजर बनाये हुए है। वहीं ईडी की छापेमारी की खबर जिले में फैलने के बाद एसडीपीआई के नेता कार्यकर्ता एवं समर्थको में हड़कंप मच गया है। फिलहाल ईडी की टीम कार्यालय में रखे दस्तावेजों को खंगालने के अलावे एसडीपीआई कार्यालय में मौजूद लोगो से पूछताछ भी कर रही है।

चान्हो में दो...

मौत से पहले राजकुमार यादव ने अपराध कर्मियों का हुलिया पुलिस को बताया था। राजकुमार यादव ने अपने बयान में ये अभी बताया था कि आश्रम में लूटपाट की गई थी। इसी दौरान विरोध करने पर आश्रम के साधु और उन्हें गोली मारी गई। बयान देने के बाद घायल राजकुमार यादव की मौत हो गई।

टीम तैयार कर हुई रेड, सभी गिरफ्तार : राजकुमार यादव के बयान के बाद पुलिस के द्वारा एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने दिनभर अपराधियों के ठिकाने पर छापेमारी की और शाम होते होते तक दोहरे हत्याकांड में शामिल चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के सामने स्वीकार किया है कि उन्होंने देर रात आश्रम में लूटपाट करने की योजना बनाई थी। लेकिन साधु और राजकुमार यादव ने उनका जबरदस्त विरोध कर दिया इसकी वजह से उन्हें गोली चलानी पड़ी जिसमें दोनों की मौत हो गई।

मनी लाउंड्रिंग के...

उनका मूल कॉडर जल संसाधन है। योगदान देने के साथ ही उन्होंने निलंबन मुक्त करने का अनुरोध सरकार से किया था। सरकार ने पूरे मामले पर विचार के बाद उन्हें 22 नवंबर 2024 की तिथि से निलंबन मुक्त कर दिया है।

भाजपा विधायक दल...

गरीब, दलित, शोषित, आदिवासी समाज के अधिकारों और उनकी समस्याओं को उठाने के लिए पूर्ण निष्ठा और क्षमता के साथ कार्य करूंगा। मरांडी ने कहा कि विधानसभा के पिछले कार्यकाल में भी पार्टी के विधायकों ने उन्हें नेता चुना था, लेकिन स्पीकर ने दुर्भावना से ग्रस्त होकर चार साल तक मामले को लटकाकर रखा। इसके बावजूद पार्टी के हम सभी विधायकों ने जनता के मुद्दों पर लड़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। राज्य की सरकार के गलत कार्यों का जमकर विरोध किया।

अरब अमीरात में...

वहीं, रिनाश की मां का कहना है कि उनके बेटे का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था और वह कभी किसी अपराध में शामिल नहीं रहा। उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन, स्थानीय सांसद और भारतीय दूतावास को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। लेकिन वह अपने बेटे को बचाने में असफल रहीं। मुरलीधरन का अपराध : कासरगोड के मूल निवासी मुरलीधरन (43) को साथी भारतीय नागरिक मोइद्दीन की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी। मुरलीधरन ने कथित तौर पर डकैती के प्रयास के दौरान हत्या की थी। मोइद्दीन के लापता होने के बाद उसके परिवार ने शिकायत दर्ज कराई। यूएई पुलिस की जांच में पता चला कि मुरलीधरन मोइद्दीन का फोन इस्तेमाल कर रहा था। बाद में पुलिस को पता चला कि मोइद्दीन की हत्या शव को रेगिस्तान में दफना दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने मुरलीधरन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे मौत की सजा सुनाई गई।

पद्मश्री शोभना नारायण के लिए 'स्त्री-पुरुष सब बराबर, असल नारीवाद मूल्यों पर डटे रहना'

एजेंसी। नई दिल्ली

छह दशक से ज्यादा का समय कथक को देने वालीं पद्म श्री शोभना नारायण अब भी थकी नहीं हैं। उत्साह और जोश अब भी कायम है। नृत्यांगना ही नहीं, बल्कि सधी हुई लेखिका भी हैं। नौकरशाह भी रही हैं। 'इंटरनेशनल वीमेन्स डे' पर भला नारीवाद और जेंडर इक्वालिटी के सही मायने बताने वाला इनसे बेहतर कौन होगा? न्यूज एजेंसी आईएएनएस से विशेष बातचीत में सुविख्यात नृत्यांगना ने अपने जीवन के कुछ अनमोल पल और सबक साझा किए।

नारीवाद को लेकर शोभना जी की सोच अलग है। स्त्री-पुरुष के भेद को नहीं मानतीं, इनके लिए सब मनुष्य हैं क्योंकि संघर्ष, चुनौती किसी एक के हिस्से नहीं, सबके हिस्से आती है। ऐसी ही एक चुनौती 1977 में फेस की। बताती हैं- "मुझे अब भी याद है वो 1977 का साल था। राजस्थान में बड़ा ट्रेन एक्सिडेंट हुआ, मैं 26 साल की थी, अलवर गई, पिता के शव की पहचान की, दिल्ली लेकर आई और मुखाग्नि दी। उस दौर में बेटी का मुखाग्नि देना बड़ी बात थी, फिर भी मैंने किया। मैं यहीं नहीं रुकी। वहीं से मथुरा गई और कथक प्रस्तुति दी। दिल रो रहा था लेकिन उस चुनौती का भी सामना किया। 'पद्मश्री' मानती हैं कि नारीवाद का मतलब डर के माहौल में अपने मूल्यों को न भूलकर आगे बढ़ना है। डर और खौफ को झटक कर दूर करना है। मेरा मानना है खौफ भी एक मेंटल स्टेट है। आगे कहती हैं, "मुझे इस बात पर 1990 का वो दौर भी याद आता है जब मैंने राजस्थान के एक सुदूर छोर पर नृत्य कार्यक्रम दिया। टैक्सी से ट्रैवल कर भोपाल पहुंची। आप सोचें, वो चंबल का इलाका था। मैंने अकेले ही दूरी तय की। तो कहने का मतलब सिर्फ इतना कि डर या खौफ मेंटल स्टेट है, हिम्मत है तो सब कुछ है। मां दुर्गा को देखिए। किसको नहीं परास्त किया, कौन नहीं पूजता उन्हें...हमारी प्रेरणा तो वो हैं और डरना एक मेंटल स्टेट है। हम जैसा सोचते हैं, वैसा ही हमारे व्यवहार में परिलक्षित होता है।

शोभना के लिए फीमेल लीडरशिप जैसी कोई चीज मायने नहीं रखती। महिला नेतृत्व के सवाल पर बोलीं, "अपने अनुभव के आधार पर कहूं तो मैंने जेंडर इनक्वैलिटी या फिर फीमेल लीडरशिप की जरूरत को कभी महसूस नहीं किया। मेरी परवरिश भी ऐसे माहौल में हुई जहां ऐसा कुछ था नहीं। यही वजह है कि मैं सोचती हूं कि इस पर बहस इतनी क्यों? क्या सेफ्टी सिक्योरिटी की जरूरत पुरुषों को नहीं होती? ये तो दोनों के लिए आवश्यक है न। अगर हम ये सोच लें कि रास्ते में चलते वक्त टांग टूट जाएगी, इसलिए चले न तो ऐसा नहीं होता। डर के माहौल में अपने मूल्यों को न भूलना असल नारीवाद है।" कथक में जो अपना नाम कमाना चाहते हैं, इस कला में खुद को मांझना चाहते हैं, उनके लिए बहुमुखी प्रतिभा संपन्न शोभना का सबक क्या है। हंसते हुए कहती हैं, "बस ये कि जैसे मैंने चुनौतियों का सामना किया, उतार-चढ़ाव

महिला दिवस स्पेशल

मेरे जीवन में भी आए लेकिन मैंने उनसे हार नहीं मानी, बल्कि संघर्ष किया और छोटी-मोटी समस्याओं को दरकिनार कर दिया। एक बात और (खिलखिलाते हुए कहती हैं) मेरे पास जो आता है, वो मेरी तरह हो जाता है, इसलिए कोई सबक नहीं, बस जिंदगी को जिंदगी की तरह जिएं।

महाकुंभ में बड़ी घटना करने की तैयारी में थे आतंकी : डीजीपी

एजेंसी। लखनऊ

- कौशाम्बी से हुई गिरफ्तारी, पुर्तगाल जाने की था तैयारी में

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुंभ में बब्बर खालसा का संदिग्ध आतंकी लाजर मसीह बड़ी घटना करने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान लाजर ने बताया कि वह पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के सम्पर्क था। घटना करने के बाद संदिग्ध आतंकी लाजर की पुर्तगाल जाने की तैयारी थी। इसके कुछ साथी पुर्तगाल में रहते है। कौशाम्बी में गिरफ्तारी से पहले वह लखनऊ और कानपुर में छुपकर रहा था। पुलिस महानिदेशक ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस पर कार्य हो रहा है। महाकुंभ के पहले देश विदेश में बैठे खास लोगों से गड़बड़ी की सूचना यूपी पुलिस को मिली थी। इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण सफलता उत्तर प्रदेश एफटीएफ को बीती रात में मिली है। यह कार्यवाही यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त आपरेशन में की गयी। गाजियाबाद से फर्जी आधार कार्ड बनवाने वाले लाजर के बारें में पंजाब पुलिस की ओर से जानकारी मिली थी। प्रशांत कुमार ने बताया कि हीरोइन की तस्करी में आतंकी लाजर पंजाब की जेल में गया था। जेल में मारपीट में घायल होने के बाद आतंकी अस्पताल में भर्ती था। वहीं से यह 24 सितम्बर 2024 को फरार हो गया था। 23 अक्टूबर 2024 बब्बर खालसा के सम्पर्क में आने के बाद इसने एक हत्या की थी और इसके बाद से यह छुपकर रह रहा था। महाकुम्भ में दौरान यूपी पुलिस की चप्पे-चप्पे में पुलिसकर्मियों की तैनाती के कारण आतंकी लाजर बड़ी घटना करने की अपनी मंशा में सफल नहीं हो सका।

वैश्विक आतंकवाद सूचकांक

2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर...

इस्लामाबाद (हि.स.) । वैश्विक आतंकवाद सूचकांक-2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (आईईपी) ने बुधवार को पिछले 17 वर्ष की घटनाओं के आधार पर रिपोर्ट जारी की है। इसमें 163 देशों को शामिल किया गया है। पाकिस्तान में यह लगातार पांचवां वर्ष है, जब आतंकवाद से संबंधित मौतों में वृद्धि दर्ज की गई है। पाकिस्तान के लिए पिछले दशक में साल-दर-साल यह सबसे बड़ी वृद्धि है। डान समाचार पत्र की खबर के अनुसार रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान में पिछले वर्ष आतंकवादी हमलों में मरने वालों की संख्या 45 प्रतिशत बढ़कर 1,081 हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार 45 देशों की स्थिति बेहद खराब हो रही है और 34 देशों की स्थिति में कुछ सुधार हो रहा है। चार सबसे घातक आतंकवादी समूहों ने 2024 में अपनी हिंसा तेज की।

पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर, नाक की नली से दी जा रही ऑक्सीजन

वेटिकन सिटी (हि.स.)। पिछले महीन से अस्वस्थ पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर बनी हुई है। पिछले तीन हफ्ते से 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस का इलाज रोम के जेमेली अस्पताल में चल रहा है। डबल निमोनिया (गंभीर श्वसन संक्रमण) से पीड़ित फ्रांसिस ने रात अच्छी नींद ली। होली सी प्रेस कार्यालय ने गुरुवार सुबह पत्रकारों को यह सूचना देते हुए कहा कि पोप अभी भी आराम कर रहे हैं। वेटिकिन न्यूज के अनुसार, बुधवार शाम होली सी प्रेस कार्यालय ने कहा कि पोप फ्रांसिस की हालत आज भी स्थिर रही। रात को वो नॉन-इनवेसिव मैकेनिकल मास्क पहनकर सोये। उन्हें दिन में नाक की नली से ऑक्सीजन दी गई है। उन्होंने दिन अपनी आराम कुर्सी पर बिताया।

द. कोरिया चिकित्सा सुरक्षा बढ़ाने और इलाज के दौरान होने वाली गलतियों को कम करने के लिए उठाएगा कदम

सियोल (आईएएनएस)। दक्षिण कोरिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि सरकार चिकित्सा सुरक्षा को बढ़ाने और इलाज के दौरान होने वाली गलतियों को कम करने के लिए कदम उठाएगी। इसमें सरकार की तरफ से ज्यादा मुआवजा देने की जिम्मेदारी भी शामिल है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, संसदीय नीति मंच में एक योजना पेश की गई है। इसके अनुसार, जरूरी इलाज के दौरान अगर किसी की मौत हो जाती है, तो 'इच्छा के विरुद्ध कोई सजा नहीं' का नियम लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इलाज के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं के लिए बीमा कवरेज भी बढ़ाया जाएगा। योजना के तहत, सरकार सोच रही है कि अगर जरूरी इलाज के दौरान किसी मरीज की मौत हो जाती है, और परिवार वाले सहमत हैं।

ट्रंप ने हमास को दी 'अंतिम चेतावनी' कहा-

रिहा करे बंधक, वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें

- ट्रंप ने गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने के लिए हमास को दी चेतावनी

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने के लिए हमास को "अंतिम चेतावनी" दी है। उन्होंने अपने आधिकारिक हैंडल पर 'शालोम' का मतलब बताते हुए हमास को दो विकल्प दिए।

ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा, "शालोम हमास" का मतलब नमस्ते और अलविदा है- आप चुन सकते हैं। सभी बंधकों को अभी रिहा करें, बाद में नहीं, और जिन लोगों की आपने हत्या की है, उनके शवों को तुरंत लौटा दें, अन्यथा आपके लिए सब खत्म हो जाएगा। केवल बीमार और विकृत लोग ही शवों को रखते हैं, और आप बीमार और विकृत हैं!

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा, "मैं इजरायल को वह सब कुछ भेज रहा हूं जो उसे काम पूरा करने के लिए चाहिए, अगर आप मेरी बात नहीं मानेंगे तो हमास का एक भी सदस्य सुरक्षित नहीं रहेगा। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ये चेतावनी व्हाइट हाउस की बंधकों के मामले में हमास संग सीधी बातचीत की पुष्टि किए जाने के कुछ ही घंटों बाद दी गई। वाशिंगटन ने अब तक समूह के साथ सीधे संपर्क से परहेज किया है, और अमेरिका की एक पुरानी नीति है कि वह उन संस्थाओं के साथ सीधे संपर्क न करे जिन्हें वह आतंकवादी संगठनों के रूप में सूचीबद्ध करता है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो "बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी", हालांकि उन्होंने इजरायल को भेजी जा रही सहायता की प्रकृति के बारे में कुछ नहीं बताया।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- अमेरिकी लोगों के लिए सही काम करने का एक अच्छा प्रयास

उन्होंने नागरिकों को भी धमकाया: "साथ ही, गाजा के लोगों के लिए: एक सुंदर भविष्य आपका इंतजार कर रहा है, लेकिन अगर तुम बंधकों को पकड़ोगे तो नहीं। अगर तुम ऐसा करोगे, तो तुम मर जाओगे! यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने हमास को धमकी दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में उन्होंने कहा था कि अगर उनके पदभार ग्रहण करने तक बंधकों को रिहा नहीं किया गया, तो उन्हें "बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह पोस्ट ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में बंधकों के एक समूह से मुलाकात के बाद आई थी, जिन्हें हाल ही में युद्धविराम के तहत रिहा किया गया था। इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पुष्टि की कि बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका सीधे हमास के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि बातचीत से पहले इजरायल से परामर्श किया गया था। लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प अमेरिकी लोगों के सर्वोत्तम हित में काम करने में विश्वास करते हैं।

भाजपा की तेलंगाना एमएलसी की तीन में से दो सीट पर जीत

प्रधानमंत्री और नड्डा ने दी बधाई

नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना विधान परिषद (एमएलसी) की तीन सीट में से दो पर जीत दर्ज की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने जीते उम्मीदवारों को बधाई दी।तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में एमएलसी चुनाव 27 फरवरी को हुए थे और मतों की गिनती तीन मार्च को शुरू हुई। मेडक-करीमनगर-आदिलाबाद-निजामाबाद (शिक्षक) निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के मलका कोमारैया विजयी हुए। करीमनगर-निजामाबाद-आदिलाबाद-मेडक (स्नातक) निर्वाचन क्षेत्र से चिन्नामेल अंजी रेड्डी ने जीत हासिल की। वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक एमएलसी चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार श्रीपाल रेड्डी पिंगिली ने जीत हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का समर्थन करने के लिए तेलंगाना के लोगों को धन्यवाद दिया है। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "मैं तेलंगाना के लोगों को एमएलसी चुनावों में भाजपा के अभूतपूर्व समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

डेनमार्क ने ट्रंप को दिया दो टूक जवाब, बोला 'ग्रीनलैंड कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा'

ओस्लो (आईएएनएस)

डेनमार्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने के लिए किए गए नए प्रयासों को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि उनका प्रशासन ग्रीनलैंड के लोगों के अपने भविष्य को निर्धारित करने के अधिकार का "पुरजोर समर्थन" करेगा। उन्होंने कहा, "और यदि आप चाहें, तो हम आपका संयुक्त राज्य अमेरिका में स्वागत करते हैं।" डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने ट्रंप के बयान को लेकर डेनमार्क की स्थिति को स्पष्ट किया और कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य केवल वहां के लोगों का फैसला होगा। उन्होंने कहा, "ग्रीनलैंड ग्रीनलैंड के लोगों का है। यह एक ऐसा रुख है जिसका हम डेनिश सरकार की ओर से बहुत दृढ़ता से समर्थन करते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने भी ट्रंप के दावे को पूरी तरह खारिज किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ग्रीनलैंड के लोग अमेरिका का हिस्सा बनने की इच्छा नहीं रखते हैं। डेनमार्क के रक्षा मंत्री ट्रॉल्स लुंड पॉल्सन ने भी इस बात को दोहराया और कहा, "ग्रीनलैंड कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।"

2024 में द. कोरियाई लोगों में चिंता और अवसाद में हुई वृद्धि...

सोल (आईएएनएस)

दक्षिण कोरियाई लोगों पर किए गए एक हालिया सर्वे से यह पता चला है कि 2024 में दक्षिण कोरिया के लोगों में चिंता और अवसाद में वृद्धि हुई है। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, जिन लोगों ने कहा कि उन्हें चिंता महसूस हुई, उनकी संख्या 2023 की तुलना में बढ़ी है। पिछले साल यह 10 में से 4.1 अंक थी, जबकि 2023 में यह 3.4 अंक थी। इसी तरह, अवसाद के मामले में भी यह संख्या 2.8 अंक से बढ़कर 3.5 अंक हो गई। पिछले साल अगस्त से सितंबर तक 8,251 लोगों पर एक सर्वे किया गया था। इस सर्वे में यह पता लगाया गया कि लोग समाज में कितने घुले-मिले हैं और उनकी राय क्या है। लोगों ने अपनी खुशी का औसत 6.8 बताया, जो पिछले साल से 0.1 ज्यादा है। जिनकी मासिक आय 1 मिलियन वॉन ($693) से कम थी, उन्होंने पिछले वर्ष के मुकाबले 0.1 अंक कम खुशी महसूस की, जो 6.0 अंक थी।

दोस्त की हल्दी समारोह में कैटरीना कैफ ने थिरकाई कमर

अभिनेत्री कैटरीना कैफ अपने पति-अभिनेता विक्की कौशल के साथ एक दोस्त के हल्दी समारोह में पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने फिल्म दिल्ली 6 के लोकप्रिय ट्रैक 'ससुराल गेंदा फूल' पर डांस किया। इसके अलावा अभिनेत्री ने अपनी फिल्म के गाने 'सूरज की बाहों में' पर भी कमर थिरकाई। अभिनेत्री कैटरीना कैफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में अभिनेत्री अपनी एक दोस्त की हल्दी सेरेमनी का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। कैटरीना के इस मनमोहक वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं।

फिल्ममेकर ने क्यों लिया मुंबई छोड़ने का फैसला

अभिनेत्री अपने पति-अभिनेता विक्की कौशल के साथ एक दोस्त के हल्दी समारोह में पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने फिल्म दिल्ली 6 के लोकप्रिय ट्रैक 'ससुराल गेंदा फूल' पर डांस किया। इसके अलावा अभिनेत्री ने अपनी फिल्म के गाने 'सूरज की बाहों में' पर भी कमर थिरकाई। अभिनेत्री का वीडियो ऑनलाइन धूम मचा रहा है। लुक की बात करें तो कैटरीना ने शानदार आइसी ब्लू शिमरी लहंगा पहना था, जिसमें वह आकर्षक लग रही थीं। मुलायम लहराते बाल, लंबे झुमके और लाइट मेकअप ने अभिनेत्री की नेचुरल खूबसूरती को और बढ़ा दिया। फैंस अभिनेत्री को 'खूबसूरत, खूबसूरत' कह रहे हैं।

कहानी फिल्म जगत की